रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित

# पायनियर

हमेशा सच के साथ

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

www.dailypioneer.com रायपुर, शुक्रवार 06 दिसम्बर 2024 पृष्ठ-12 वर्ष-09, अंक-105 मूल्य 3.00 ₹

## क्विक न्यूज

### हंगामें के कारण लोकसभा की कार्यवाही दिन भर के लिए स्थगित

**नयी दिल्ली।** लोकसभा में संभल मामले को लेकर कांग्रेस के सदस्यों के भारी हंगामे के कारण सदन में रेलवे संशोधन विधेयक 2024 पर रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का जवाब नहीं हो पाया और दो बार के स्थगन के बाद सदन की कार्यवाही दिन भर के लिए स्थगित कर दी गई। दो बार के स्थगन के बाद अपराह्न तीन बजे सदन के समवेत होते ही कांग्रेस के सदस्य सदन के बीचोंबीच आ गये और हंगामा करने लगे। पीठासीन अधिकारी जगदंबिका पाल ने कहा कि रेलवे संशोधन विधेयक पर 72 सदस्यों ने भाग लिया है और मंत्री जवाब देने के लिए आए हैं। आप उनका जवाब आ जाने दीजिए। इसके बाद अपनी बात कहने का मौका मिलेगा।

### शाह की निगरानी में दिल्ली में कुछ भी सुरक्षित नहीं : आप

**नयी दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह के दिल्ली की सुरक्षा से निपटने के तरीके पर सवाल उठाते हुए कहा कि उनकी निगरानी में यहां कुछ भी सुरक्षित नहीं है। आप ने दिल्ली की बिगड़ती कानून व्यवस्था पर चिंता जताई है। ब्लू लाइन पर मेट्रो केबल चोरी होने का हवाला देते हुए केजरीवाल ने एक्स पर कहा अमित शाह, ये दिल्ली में क्या हो रहा है। दिल्ली मेट्रो की केबल भी चोरी हो गई। कुछ भी सुरक्षित नहीं है। कुछ तो कीजिए। पार्टी के नेता एवं दिल्ली सरकार में कैबिनेट मंत्री सौरभ भारद्वाज ने एक वीडियो संदेश जारी कर कहा, कि दिल्ली मेट्रो की ब्लू लाइन पर कीर्ति नगर से मोती नगर तक केबल चोरी हो गई है।



### फेड के दर कटौती में सतर्कता बरतने के रुख से बाजार गुलजार

**मुंबई।** अमेरिकी फेडरल रिजर्व के अध्यक्ष जेरोम पॉवेल के ब्याज दर कटौती में सतर्कता बरतने के रुख से विश्व बाजार में आई तेजी से उत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा लिवाली की बदौलत शेयर बाजार लगातार पांचवें दिन गुलजार रहा। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 809.53 अंक अर्थात एक प्रतिशत की छलांग लगाकर करीब छह सप्ताह बाद 81 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के पार 81,765.86 अंक पर पहुंच गया। साथ ही नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 240.95 अंक यानी 0.98 प्रतिशत की तेजी के साथ 24,708.40 अंक हो गया। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 0.27 प्रतिशत बढ़कर 47,500.51 अंक और स्मॉलकैप 0.16 प्रतिशत की बढ़त लेकर 56,707.78 अंक पर बंद हुआ।

# फड़नवीस मुख्यमंत्री, शिन्दे और पवार बने उपमुख्यमंत्री

## देवेन्द्र फड़नवीस ने राज्य के 19वें मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली

एजेंसी मुंबई
www.dailypioneer.com



महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों में प्रचंड बहुमत से विजयी भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाली महायुति के नेता देवेन्द्र फड़नवीस ने राज्य के 19वें मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली जबकि पिछली बार मुख्यमंत्री रहे शिवसेना के नेता एकनाथ शिन्दे और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के नेता अजीत पवार ने उप मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ग्रहण की। मुंबई के आज़ाद मैदान में आयोजित इस शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह, केन्द्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी, कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान और भाजपा एवं राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों की उपस्थिति में राज्यपाल सी पी राधाकृष्णन ने फड़नवीस, शिन्दे और पवार को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलायी। फिल्म एवं मनोरंजन जगत, उद्योग जगत, सार्वजनिक जीवन की तमाम हस्तियां इस मौके पर उपस्थित थीं। शपथ ग्रहण समारोह करीब 20 मिनट के अंदर ही संपन्न हो गया। मंच पर प्रधानमंत्री मोदी के पहुंचते ही सबसे पहले राष्ट्रगान का गायन हुआ और राज्यपाल ने फड़नवीस को शपथ दिलायी। फड़नवीस के शपथ लेने के बाद राज्यपाल ने पुष्पगुच्छ देकर नये मुख्यमंत्री का अभिनंदन किया। इसके बाद फड़नवीस ने मोदी के पैर छू कर आशीर्वाद लिया।

इसके उपरांत शिन्दे को शपथ दिलायी गयी। शिन्दे से शपथ लेने से पूर्व शिवसेना के संस्थापक बालासाहेब ठाकरे और उनके राजनीतिक गुरू रहे पार्टी के नेता अनंत दिघे को याद किया। शिन्दे के बाद पवार को शपथ दिलायी गयी। दोनों उप मुख्यमंत्रियों को भी राज्यपाल ने गुलदस्ते देकर अभिनंदन किया और प्रधानमंत्री ने भी दोनों से गर्मजोशी से हाथ मिला कर शुभकामनाएं दीं। तीनों नेताओं के शपथ लेने के बाद राष्ट्रगान के साथ शपथग्रहण समारोह संपन्न हो गया। बाद में मंच पर उपस्थित अतिथियों ने तीनों नेताओं से मिल कर शुभकामनाएं दीं।

### मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने देवेंद्र फडणवीस को दी बधाई



**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने पर देवेंद्र फडणवीस को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने इसके साथ ही उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और अजीत पवार को भी बधाई दी। उन्होंने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस तथा उपमुख्यमंत्री द्वय एकनाथ शिंदे और अजीत पवार के दूरदर्शी नेतृत्व में महाराष्ट्र की विकास यात्रा अनवरत जारी रहेगी। डबल इंजन की सरकार दोगुनी ऊर्जा से महाराष्ट्र की प्रगति को नई ऊंचाई पर ले कर जाएगी।

# अमित शाह 14 से 16 दिसंबर तक छत्तीसगढ़ के दौरे पर रहेंगे

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com




केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 14 से 16 दिसंबर तक छत्तीसगढ़ के दौरे पर रहेंगे। सूत्रों के अनुसार शाह रायपुर में सुरक्षा समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करेंगे। वह रायपुर में छत्तीसगढ़ पुलिस को राष्ट्रपति पुलिस कलर भी प्रदान करेंगे। केंद्रीय गृह मंत्री जगदलपुर भी जाएंगे, जहां वह आत्मसमर्पण करने वाले माओवादियों, स्थानीय लोगों और बुद्धिजीवियों से बातचीत करेंगे। वह बस्तर ओलंपिक समापन समारोह में भी शामिल होंगे। शाह जगदलपुर में शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे और वामपंथी उग्रवाद से पीड़ितों के परिवारों से मुलाकात करेंगे। केंद्रीय गृह मंत्री सुरक्षा शिविरों का दौरा करेंगे और विकास कार्यों का भी निरीक्षण करेंगे। वह सुरक्षा बलों के जवानों के साथ दोपहर का भोजन भी करेंगे।

## नगरीय प्रशासन विभाग ने निर्माण कार्यों के लिए मंजूर किए तीन करोड़ से अधिक की राशि

**रायपुर।** राज्य शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने सूरजपुर नगर पालिका में विभिन्न निर्माण कार्यों के लिए तीन करोड़ एक लाख 80 हजार रुपए स्वीकृत किए हैं। उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव के अनुमोदन के बाद विभाग ने अधोसंरचना विकास के 45 कार्यों के लिए राशि मंजूरी का आदेश जारी किया है। इनमें सूरजपुर नगर पालिका के विभिन्न वार्डों में सीसी रोड निर्माण के 28, नाली निर्माण के 12, सीसी रोड बाइडिंग के दो तथा योगा शेड निर्माण, रिटेनिंग वाल निर्माण एवं फ्लड लाइट स्थापना के एक-एक कार्य शामिल हैं।

## भारत मंडपम में आज अष्टलक्ष्मी महोत्सव का उद्घाटन करेंगे पीएम मोदी

पायनियर संवाददाता नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पूर्वोत्तर भारत की सांस्कृतिक जीवंतता को प्रदर्शित करने की सरकार की प्रतिबद्धता के अनुरूप आज राजधानी में भारत मंडपम में तीन दिवसीय अष्टलक्ष्मी महोत्सव का उद्घाटन करेंगे। उद्घाटन समारोह अपराह्न तीन बजे आयोजित किया गया। प्रधानमंत्री कार्यालय की जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार पहली बार मनाया जा रहा तीन दिवसीय सांस्कृतिक महोत्सव आठ दिसंबर तक चलेगा। यह पूर्वोत्तर भारत की विशाल सांस्कृतिक विरासत को उजागर करेगा, जिसमें पारंपरिक कला, शिल्प और सांस्कृतिक प्रथाओं की एक श्रृंखला को एक साथ लाया जाएगा। मेले में क्षेत्र की पारंपरिक हस्तशिल्प, हथकरघा, कृषि उत्पाद और पर्यटन जैसे क्षेत्रों में आर्थिक अवसरों को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम होंगे।

## एशिया-प्रशांत क्षेत्र में 'आईएसएसए गुड प्रैक्टिस पुरस्कार' से सम्मानित भारत



**नयी दिल्ली।** भारत को एशिया और प्रशांत क्षेत्र के लिए वर्ष 2024 के अंतरराष्ट्रीय सामाजिक सुरक्षा संघ (आईएसएसए) गुड प्रैक्टिस पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने बताया कि यह पुरस्कार सऊदी अरब के रियाद में क्षेत्रीय सामाजिक सुरक्षा फोरम में आईएसएसए के अध्यक्ष डॉ. मोहम्मद अज़्मान ने प्रदान किया।

## भारतीय वायुयान विधेयक पर संसद की मुहर

पायनियर संवाददाता नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



राज्यसभा ने भारतीय वायुयान विधेयक 2024 को ध्वनिमत से पारित कर दिया। इसके साथ इसपर संसद की मुहर लग गयी। लोकसभा इसे पहले ही पारित कर चुकी है। नागर विमानन मंत्री किंजरापु राममोहन नायडु ने सदन में भारतीय वायुयान विधेयक 2024 पर दो दिन में लगभग छह घंटे तक चली चर्चा का जवाब देते हुए कि विधेयक का नाम भारतीय भाषाओं के अनुरूप है। देश में विमानन क्षेत्र तेजी से बढ़ रहा है। देश के विकास के साथ इस क्षेत्र में भी वृद्धि हो रही है। देश में नये हवाई अड्डे बनाये जा रहे हैं। यह विधेयक भारतीय वायुयान अधिनियम 1934 का स्थान लेगा।

## एकीकृत ट्रैक निगरानी प्रणाली उपलब्ध कराई जाएगी : अश्विनी वैष्णव

पायनियर संवाददाता नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



रेल, सूचना एवं प्रसारण, इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने गुरुवार को घोषणा की कि देश में सभी रेलवे जोनों में व्यापक ट्रैक निगरानी के लिए एकीकृत ट्रैक निगरानी प्रणाली उपलब्ध कराई जाएगी जिससे सुरक्षा और दक्षता बढ़ सके। वैष्णव ने नयी दिल्ली रेलवे स्टेशन पर एकीकृत ट्रैक निगरानी प्रणाली और रोड-सह-रेल निरीक्षण वाहन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी सतीश कुमार, रेलवे बोर्ड के सदस्य नवीन गुलाटी, उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक अशोक कुमार वर्मा तथा रेलवे बोर्ड, उत्तर रेलवे व आरडीएसओ के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे। वैष्णव ने घोषणा की कि व्यापक ट्रैक निगरानी के लिए सभी रेलवे जोनों में आईटीएमएस उपलब्ध कराई जाएगी। इस पहल का उद्देश्य ट्रैक निरीक्षण और रखरखाव में सुधार के लिए उन्नत तकनीक का लाभ उठाकर रेलवे नेटवर्क की सुरक्षा और दक्षता को बढ़ाना है। रेल मंत्री ने ट्रैक रखरखाव के लिए ट्रैकमैन और अन्य रेलकर्मियों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए आधुनिक तकनीक के उपयोग के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि आईटीएमएस और आरसीआरआईवी के उपयोग से अब ट्रैकमैन के पास रियल टाइम डेटा तक पहुंच होगी, इससे उनका काम आसान, सुरक्षित और अधिक कुशल हो जाएगा। इस तरह से ये मशीनें ट्रैकमैन के जीवन को बेहतर बनाएंगी। आईटीएमएस एक ऐसा सिस्टम है, जो ट्रैक रिकॉर्डिंग कार (टीआरसी) पर लगाया जाता है। यह 20-200 किमी/घंटे की गति सीमा में ट्रैक के मानदंडों को रिकॉर्ड और मॉनिटर करने की क्षमता रखता है। आईटीएमएस विभिन्न तकनीकों को जोड़कर रेलवे ट्रैक के मानदंड की मॉनिटरिंग और माप करता है, जिससे रेल संचालन सुरक्षित और कुशल बनता है। इस प्रणाली के अंतर्गत जो उपकरण आते हैं उनमें बिना संपर्क वाले लेजर सेंसर, हाई-स्पीड कैमरे, लिडार, आईएमयू, एनकोडर, एक्सेलेरोमीटर, जीपीएस आदि शामिल हैं।

## सुप्रीम कोर्ट ने दी दिल्ली में वायु प्रदूषण से निपटने के उपायों में सशर्त ढील की अनुमति

एजेंसी नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



उच्चतम न्यायालय ने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में गंभीर स्तर के वायु प्रदूषण से निपटने के उपायों में कुछ शर्तों के साथ ढील देने अनुमति दे दी। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) की गुहार पर ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (जीआरएपी) के चरण-4 से 2 तक नीचे जाने की अनुमति दी। न्यायालय ने हालांकि सीएक्यूएम से कहा कि उसे चरण 3 से कुछ अतिरिक्त अतिरिक्त उपाय लागू करने होंगे। शीर्ष अदालत ने अपने आदेश में स्पष्ट करते हुए कहा कि जब वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 350 से ऊपर जाने की स्थिति में हो तो एहतियातन जीआरएपी चरण 3 तुरंत लागू करना होगा। अगर किसी दिन एक्यूआई 400 को पार करे तो जीआरएपी चरण 4 को फिर से लागू किया जाएगा। शीर्ष अदालत ने पिछली सुनवाई के दौरान वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग की ढील देने संबंधी गुहार ठुकरा दी थी। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के स्कूलों को प्रदूषण के कारण बंद करने के फैसले की समीक्षा करते हुए नियमों में ढील देने पर विचार करने का उसने आदेश दिया। पीठ ने तब आयोग से कहा था कि उसे अपने पिछले फैसले की समीक्षा करनी चाहिए, क्योंकि कई छात्र मध्याह्न भोजन की सुविधा से वंचित होने के साथ ही कई जरूरी सुविधाओं के अभाव में पढ़ाई नहीं कर पा रहे हैं। उनके घरों में हवा साफ करने वाले कोई यंत्र नहीं है।

# जितेंद्र सिंह शंटी आम आदमी पार्टी में हुए शामिल

वार्ता नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



एंबुलेंस मैन के नाम से मशहूर पद्मजितेंद्र सिंह शंटी आम आदमी पार्टी में शामिल हो गए। आप के राष्ट्रीय संयोजक एवं दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शंटी को पटका और टोपी पहनाकर 'आप' परिवार में शामिल किया। केजरीवाल ने कहा कि आज शंटी को आम आदमी पार्टी में शामिल करते हुए मुझे बहुत हर्ष हो रहा है। वह किसी पहचान के मोहताज नहीं हैं। वह अपनी समाज सेवा को लेकर न केवल दिल्ली और देश, बल्कि विदेशों में भी काफी चर्चित रहे हैं। उन्हें ऐम्बुलेंस मैन और तरह-तरह के नामों से जाना जाता है। खासकर, उन्होंने जिस तरह से कोरोना काल में मृत लोगों को सम्मान दिया है। उन्होंने कहा कि उन्हें बताया गया है कि जितेंद्र सिंह शंटी ने अभी तक 70 हजार से ज्यादा शवों को सम्मान के साथ श्मशान घाट पहुंचाकर उनका अंतिम संस्कार कराया है। खासकर कोरोना काल में जब लोग अपने घर के लोगों की भी लाश लेने में भी कतराते थे। उस वक्त शंटी ने मृतकों का सम्मान के साथ अंतिम संस्कार करवाया। इस वजह से इन्हें खुद भी कोरोना हो गया। उस वक्त जब इनका पूरा परिवार कोरोना से पीड़ित था, तब भी इन्होंने अपने परिवार की चिंता किए बिना अपना काम जारी रखा। इस काम के लिए इन्हें पद्मश्री से नवाजा गया। आप नेता ने कहा कि इसके अलावा, शंटी बीमार लोगों को एंबुलेंस की सेवा प्रदान करते हैं और उन्हें समय पर अस्पताल पहुंचाकर उनकी जिंदगियां बचाते हैं। उनका बीमारी में इलाज करवाते हैं। शंटी ने कहा कि केजरीवाल लोगों को जीवन देने का काम संभाल रहे हैं और मृत्यु के बाद का काम मैं संभाल लूंगा। दिल्ली की विधानसभा से जीने से लेकर जाने तक के इंतजाम दिल्ली सरकार कर देगी तो मुझे लगता है कि हमारा मिशन पूरा हो जाएगा। मैंने स्वेच्छा से 'आप' परिवार के साथ जुड़ने का फैसला किया है।

## दिल्ली मेट्रो ने ब्लू लाइन पर रिकार्ड समय में सिग्नल केबल ठीक की



**नयी दिल्ली।** दिल्ली मेट्रो ने ब्लू लाइन के मोती नगर और कीर्ति नगर के बीच के हिस्से में सिग्नल की खराबी को रिकॉर्ड समय में ठीक कर सामान्य सेवा बहाल कर दी। बुधवार की रात सिग्नल केबल चोरी होने के कारण इस हिस्से में सेवाएं प्रभावित हुई थीं और ट्रेनों को रोक रोक कर चलाया गया था। दिल्ली मेट्रो रेल कारपोरेशन के प्रधान कार्यकारी निदेशक (संचार) अनुज दयाल ने बताया कि पहली नजर में यह मामला सिग्नल केबल चोरी का लगता है और इसके कारण ब्लू लाइन के इस खंड पर सेवाएं प्रभावित हुई थी। उन्होंने कहा कि शुरू में यह निर्णय लिया गया था कि मरम्मत का कार्य यात्री सेवा समाप्त होने के बाद रात में किया जायेगा हालांकि यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए दोपहर के गैर-व्यस्त घंटों के दौरान मरम्मत का प्रयास करने का निर्णय लिया गया। उन्होंने कहा कि इसके लिए 20 कर्मियों की एक विशेष टीम का गठन किया गया और दोपहर एक बजे प्रभावित क्षेत्र में तैनात किया गया। कुल 140 मीटर केबल क्षतिग्रस्त हो गई थी और टीम ने मात्र 30 मिनट के रिकॉर्ड समय में मरम्मत का काम पूरा कर लिया। इसके बाद दोपहर एक बजकर 38 मिनट पर ब्लू लाइन पर सामान्य सेवाएं बहाल कर दी गईं। उन्होंने कहा कि आमतौर पर, इतने बड़े पैमाने पर मरम्मत का काम लगभग तीन से चार घंटे में होता है।

## भाजपा ने कहा- भारत विरोधी अजेंडा राहुल गांधी का है

# अमेरिकी अरबपति सोरोस, ओसीसीआरपी के साथ देश के खिलाफ साजिश रच रहे हैं राहुल : भाजपा

वार्ता नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



भारतीय जनता पार्टी ने कांग्रेस नेता एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी पर अमेरिकी अरबपति जॉर्ज सोरोस और न्यूज पोर्टल ओसीसीआरपी के साथ मिलकर देश के खिलाफ साजिश रचने का आरोप लगाया है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं लोकसभा सांसद डॉ संबित पात्रा ने पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में फ्रांस के अखबार 'मीडिया पार्ट' में छपे लेख के हवाले से देते हुए, जॉर्ज सोरॉस और राहुल गांधी दो बदन, एक जान हैं। जो भारत विरोधी अजेंडा जॉर्ज सोरॉस का है, वही भारत विरोधी अजेंडा राहुल गांधी का है। उन्होंने कहा, यह गांधी परिवार एक ऐसा परिवार है, जो अपनी कुर्सी के लिए अगर देश को भी बेचना पड़े और देश का भी बलिदान देना पड़े, तो इससे भी गांधी परिवार जरा भी गुरेज नहीं करेगा, यह लोग देश को भी बेच सकते है। उन्होंने कहा कि भाजपा द्वारा आज उठाए गए मुद्दा अत्यंत महत्वपूर्ण और गंभीर है। यह केवल किसी पार्टी या व्यक्ति से नहीं, बल्कि देश की संप्रभुता, एकता, और अखंडता से जुड़ा हुआ है। हाल ही में कुछ खुलासे हुए हैं, जिनसे पता चलता है कि देश के भीतर कुछ ऐसी शक्तियां सक्रिय हैं, जो भारत को कमजोर करने, उसकी एकता और संप्रभुता को नुकसान पहुंचाने का प्रयास कर रही हैं। ये शक्तियां नहीं चाहतीं कि भारत आगे बढ़े और विश्व पटल पर अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करे। भाजपा प्रवक्ता ने 'मीडिया पार्ट' में छपे लेख का हवाला देते हुए कहा, भारत के खिलाफ साजिश रचने वाले त्रिकोण की पहली कड़ी अमेरिकी अरबपति जॉर्ज सोरोस और उनकी फाउंडेशन के साथ कुछ अमेरिकी एजेंसियां हैं। दूसरी कड़ी, एक बड़ा न्यूज पोर्टल ओसीसीआरपी (ऑर्गनाइज्ड क्राइम एंड करप्शन रिपोर्टिंग प्रोजेक्ट) है। त्रिकोण की तीसरी और सबसे अहम कड़ी, कांग्रेस सांसद एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी हैं, जो 'सर्वोच्च कोटि के देशद्रोही' हैं। उन्होंने बताया कि भाजपा की नीति हमेशा 'राष्ट्र प्रथम, पार्टी बाद में और व्यक्ति अंत में' रही है। गांधी के लिए यह शब्द इस्तेमाल करने में कोई भय या संकोच नहीं, क्योंकि उनका कथित व्यवहार राष्ट्रीय हितों के खिलाफहै। डॉ. पात्रा ने कहा कि ओसीसीआरपी एक वैश्विक संस्थान है, जिसकी स्थापना 2007 में हुई थी।

## 'शिंदे युग खत्म हो गया है'

# राउत ने शिंदे पर किया कटाक्ष

एजेंसी मुंबई
www.dailypioneer.com



शिवसेना नेता संजय राउत ने महाराष्ट्र के निवर्तमान मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे पर कटाक्ष करते हुए कहा कि 'शिंदे युग खत्म हो गया है' और वह फिर मुख्यमंत्री नहीं बनेंगे। महाराष्ट्र के नये मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और शिंदे के राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी अध्यक्ष अजित पवार के साथ उपमुख्यमंत्री के रूप में शपथ ग्रहण समारोह से कुछ घंटे पहले संवाददाताओं से बातचीत में शिवसेना नेता ने दावा किया कि सत्तारुढ़ भारतीय जनता पार्टी ने शिंदे का 'इस्तेमाल' किया और अब उन्हें किनारे कर दिया गया है। उन्होंने यह भी कहा कि बहुमत के बावजूद, भाजपा लगभग 15 दिनों तक सरकार बनाने में असमर्थ रही - इसका मतलब है कि उनकी पार्टी या महायुति के भीतर कुछ गड़बड़ है। उन्होंने संकेत दिया कि यह मुद्दा कल से दिखना शुरू हो जायेगा। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव 2024 में भाजपा के नेतृत्व वाले महायुति गठबंधन ने 235 सीटों के साथ शानदार जीत हासिल करते हुए निर्णायक जीत दर्ज की है। ये नतीजे भाजपा के लिए महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित हुए, जो 132 सीटों के साथ सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी। शिवसेना और राकांपा-एपी ने भी क्रमशः 57 और 41 सीटों के साथ उल्लेखनीय बढ़त हासिल की है।

# तटरक्षक बल ने भारतीय पोत के चालक दल के 12 सदस्यों को बचाया

पायनियर संवाददाता नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



भारतीय तटरक्षक बल ने उत्तरी अरब सागर में डूबे भारतीय पोत एमएसवी अल पिरानपीर के चालक दल के 12 सदस्यों को बचा लिया है। तटरक्षक बल के प्रवक्ता ने बताया कि इस अभियान में पाकिस्तान की समुद्री सुरक्षा एजेंसी ने भी अच्छा सहयोग किया। अभियान के दौरान दोनों देशों के समुद्री बचाव समन्वय केंद्र निरंतर एक दूसरे के संपर्क में रहे। भारतीय पोत अल पिरानपीर पोरबंदर से रवाना हुआ था और ईरान के बंदर अब्बास जा रहा था। यह बुधवार की सुबह समुद्र में उथल-पुथल और बाढ़ के कारण डूब गया। समुद्री बचाव समन्वय केंद्र मुंबई ने यह जानकारी मिलते ही तुरंत गांधीनगर में क्षेत्रीय मुख्यालय (उत्तर पश्चिम) को सतर्क कर दिया। बल के जहाज सार्थक को तुरंत बताए गए स्थान पर भेजा गया। क्षेत्र में नाविकों को सतर्क करने के लिए पाकिस्तान की समुद्री एजेन्सी से भी संपर्क किया गया और उनकी सहायता तुरंत मिली। अग्रिम क्षेत्र में गश्त के लिए तैनात सार्थक संभावित स्थान पर अधिकतम गति से आगे बढ़ा और व्यापक तलाशी अभियान चलाया।

# भाजपा उपाध्यक्ष छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा ने दिल्ली में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से की मुलाकात

पायनियर संवाददाता < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ के भाजपा उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा दिल्ली प्रवास के दौरान केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात कर वापिस लौट चुके हैं। उन्होंने सड़क से जुड़े महत्वपूर्ण प्रस्तावों को केंद्रीय मंत्री के समक्ष रखा। जिन पर सकारात्मक चर्चा हुई और आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन मिला। दूरभाष चर्चा में शिवरतन शर्मा ने बताया कि नई दिल्ली में केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से शिष्टाचार भेंटकर, उन्होने भाटापारा क्षेत्र के लिए बायपास मार्ग हेतु मांग पत्र सौपा। जिसमें भाटापारा बायपास (जरौद, सेमरिया, राजाढार, सेंदरी, टेहका, सूरजपुरा, होते हुए) सड़क निर्माण कार्य के लिए आग्रह किया। जिस पर केंद्रीय मंत्री द्वारा आवश्यक कार्यवाही का आश्वासन मिला। शिवरतन शर्मा ने बताया कि उक्त बायपास निर्माण से भारी वाहनों का शहर के अंदर से आवागमन बंद हो जाएगा, जिससे आमजनों को परेशानियों का सामना नही करना पड़ेगा। शिवरतन शर्मा ने आगे बताया कि मेरे द्वारा पूर्व में किये गए मांग पर सहर्ष-- राष्ट्रीय राजमार्ग में मुंगेली- नांदघाट- भाटापारा- बलौदाबाजार 135 किलोमीटर को शामिल कर बड़ी सौगात देने के लिए भाटापारा एवं बलौदाबाजार वासियों की ओर से नितिन गडकरी जी का आभार जताते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। विदित हो के अपने चार दिवसीय दिल्ली प्रवास के दौरान शिवरतन शर्मा ने सड़क, स्वास्थ्य, रेल, शिक्षा, श्रम और रोजगार से जुड़े महत्वपूर्ण प्रस्तावों को केंद्रीय मंत्रियों के समक्ष रखा। जिन पर सकारात्मक चर्चा हुई और आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन मिला। इन सभी मुलाकातों से यह स्पष्ट हुआ कि केंद्रीय मंत्रियों से की गई सार्थक चर्चा और उठाए गए मुद्दे भाटापारा विधानसभा क्षेत्र के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। शिवरतन शर्मा की यह पहल क्षेत्र के लिए विकास की नई दिशा तय करेगी। उक्त अवसर पर सांसद सरगुजा चिंतामणि महाराज,वरिष्ठ भाजपा नेता, विधायक कुरूद अजय चंद्राकर उपस्थित रहे।

# भजनलाल ने राइजिंग राजस्थान के लिए लिया अपना आठवां संकल्प



**जयपुर।** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने राइजिंग राजस्थान वैश्विक निवेश शिखर सम्मेलन को सफल बनाने के लिए अपना आठवां संकल्प लिया। शर्मा ने सम्मेलन को सफल बनाने के लिए दस दिनों तक प्रत्येक दिन एक नए संकल्प लेने की पहल की थी और इसी के तहत अपना आठवां संकल्प लेते हुए कहा कि राइजिंग राजस्थान समिट में प्रदेश के हर जिले के विशिष्ट उत्पादों को वैश्विक मंच पर पहचान दिलाने के लिए उपहार स्वरूप दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सम्मेलन हर मायने में बहुआयामी है। इस आयोजन का हिस्सा बनने वाले सभी गणमान्य व्यक्तियों को एक जिला, एक उत्पाद (ओडीओपी) के तहत हस्त निर्मित उत्पादों को उपहार के रूप में दिए जायेंगे। उल्लेखनीय है कि नौ से ग्यारह दिसंबर तक राजधानी जयपुर में तीन दिवसीय इस सम्मेलन का आयोजन किया जायेगा।

## निवेश मित्र पोर्टल पर नहीं लगेगा बैंकिंग लेनदेन शुल्क

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में निवेश और व्यापार सुविधा को सुव्यवस्थित करने के लिए योगी सरकार निवेश मित्र पोर्टल पर जल्द ही बैकिंग लेनेदेन शुल्क को हटाने की योजना बना रही है। देश के सबसे बड़े सिंगल विंडो पोर्टल में से एक, निवेश मित्र 42 विभागों की 500 से अधिक ऑनलाइन सेवाएँ प्रदान कर रहा है, जो राज्य में व्यापार करने व ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को सुगम बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। निवेश मित्र के सुचारू संचालन के लिए नोडल एजेंसी 'इन्वेस्ट यूपी', उद्यम स्थापना को सुविधाजनक बनाने और निवेश प्रक्रियाओं में तेजी लाने के लिए पोर्टल के पेमेंट गेटवे विकल्पों का विस्तार करने के लिए प्रतिबद्ध है।

# भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा एवं केंद्रीय शिक्षा मंत्री प्रधान से मिले शिवरतन शर्मा

पायनियर संवाददाता < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



दिल्ली प्रवास पर गए उपाध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा ने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष,केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा रसायन उर्वरक मंत्री जगत प्रकाश नड्डा से उनके दिल्ली आवास में भेंट के उन्हें जन्मदिन की बधाई शुभकामनाएं दी। साथ ही केंद्रीय शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से भी शिष्टाचार भेट कर क्रमशः दोनों से विभिन्न जनहित के मुद्दों पर सार्थक चर्चा की। शिवरतन शर्मा ने दूरभाष चर्चा में बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन के अनुरूप डबल इंजन की भाजपा सरकार सभी को उत्तम स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। मोदी सरकार में मजबूत शिक्षा व्यवस्था का भी हो रहा है निर्माण. सरकार द्वारा लाये गए नवीन शिक्षा नीति से स्कूल कालेज में बड़े बदलाव देखने को मिलेंगे.. केंद्र की मोदी सरकार अपने सारे विजन पर कार्य कर रही है और इस कार्य का सीधा लाभ डबल इंजन की सरकार होने से हमारे छत्तीसगढ़ प्रदेश की जनता को प्राप्त हो रहा है। शिवरतन शर्मा ने नड्डा के विषय मे चर्चा में बताया कि जिस तरह नड्डा जी ने कड़ी मेहनत, लगन और पार्टी के प्रति जिम्मेदारियों का हर परिस्थिति में निर्वहन करते हुए राजनीति और व्यक्तिगत जीवन की ऊंचाईयां हासिल की, वो एक मिसाल है। नड्डा जी के नेतृत्व में देश के कोने कोने में भारतीय जनता पार्टी मजबूत हो रही है और पार्टी की सदस्यता लगातार बढ़ी है।

उक्त अवसर पर केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू, राज्यसभा सांसद देवेंद्र प्रताप सिंह, सांसद रूपकुमारी चौधरी, भाजपा नेता अजय चन्द्राकर उपस्थित रहे।

# अयोध्या में हॉट बैलून सेवा शुरु

एजेंसी < अयोध्या
www.dailypioneer.com



भगवान श्रीराम की नगरी अयोध्या की भव्यता अब आसमान से ही पर्यटक देख सकेंगे। अयोध्या में हॉट एयर बैलून सेवा की शुरुआत हुई है। इस बैलून में बैठने के बाद सैलानी 250 फीट की ऊंचाई से अयोध्या का भव्य नजारा देख सकेंगे। सरयू सलिला स्थित नया घाट हैलीपैड पर अयोध्या नगर विधायक वेदप्रकाश गुप्ता, अयोध्या के मण्डलायुक्त गौरव दयाल एवं अयोध्या विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अश्विनी कुमार ने बुधवार देर शाम इसका शुभारम्भ किया है। श्रीरामजन्मभूमि पर भव्य और दिव्य मंदिर पर विराजमान रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के बाद बड़ी संख्या में श्रद्धालु अयोध्या पहुंच रहे हैं। एडवेंचर स्पोर्ट्स के माध्यम से पर्यटक गतिविधियां बढ़ाने व युवा पर्यटकों को आकर्षित करने के लिये हॉट एयर बैलून का शुभारम्भ किया गया है। मण्डलायुक्त गौरव दयाल ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप अयोध्या को पर्यटन की दृष्टि से मजबूत करने का काम किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री के स्पष्ट निर्देशों के तहत अयोध्या में विभिन्न पर्यटन गतिविधियों को बढ़ाया जा रहा है। इसी के अन्तर्गत हॉट एयर बैलून शुरू किया गया है। यह हवा के रुख के हिसाब से चलता है। आने वाले दिनों में ऐसे कई प्रोजेक्ट अयोध्या में धरातल पर दिखायी पडने् लगेंगे। अयोध्या विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अश्विनी पाण्डेय ने बताया कि हॉट एयर बैलून एवं एडवेंचर स्पोर्ट्स यह है। इसमें दस मिनट की साइड होगी।

इसमें बैठने के बाद ऊपर से रामलला का मंदिर, कनक भवन व सरयू का अद्भुत नजारा दिखायी पड़ेगा, जिसमें 999 रुपये प्रति व्यक्ति का खर्च आयेगा। इसमें एक साथ चार लोग ही बैठ सकेंगे, जिसमें एक पायलट भी होगा।

# भाकियू अध्यक्ष नरेश चौधरी को नोएडा जाने से रोका

एजेंसी < अमरोहा
www.dailypioneer.com

उत्तर प्रदेश के अमरोहा में भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) संयुक्त मोर्चा के अध्यक्ष नरेश चौधरी समेत अन्य पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को पुलिस ने नोएडा जाने से रोक दिया। नोएडा में चल रहे किसान आंदोलन में शामिल होने के लिए बृहस्पतिवार को नरेश चौधरी ने गजरौला से कूच करने का ऐलान किया था लेकिन पुलिस ने बुधवार की रात 11 बजे ही चौधरी को उनके आवास मोहल्ला चौधरी चरण सिंह नगर, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विजयवीर सिंह को किसान भवन दरियापुर एवं मुख्य सचिव अरुण सिद्धू को कांप्लेक्स गजरौला पर नजर बंद कर दिया गया था। चौधरी ने कहा कि किसान भूमि अधिग्रहण का उचित मुआवजा और फसलों के सही दाम की मांग को लेकर दिल्ली कूच कर सरकार को जगाना चाहते हैं तो इसमें गलत क्या है। राष्ट्र की राजधानी किसी की बपौती नहीं है फिर ऐसे में किसान दिल्ली क्यों नहीं जा सकते। उन्होंने कहा कि बैरिकेडिंग,वाटर कैनन, दंगा नियंत्रण वाहन तथा पुलिस बल की तैनाती देखकर लगता है कि सरकार किसानों की बात सुनना नहीं चाहती हैं। उन्होने आरोप लगाया कि किसान व खेती खत्म करने के लिए इससे पहले भी तीन काले कानून बनाए थे। किसानों के आंदोलन के बाद सरकार ने 19 नवंबर 2021 में तीनों कानून वापस ले लिए थे। उसी समय न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर एक समिति का गठन किया गया था। समिति के गठन के तीन साल बाद भी सरकार एमएसपी की कानूनी गारंटी देने में बुरी तरह विफल रही है। इस तरह स्वामीनाथन आयोग की सिफारिश अनुसार किसानों को एमएसपी की कानूनी गारंटी न देकर किसानों के साथ धोखा किया गया है। अब दिसंबर माह में एसकेएम द्वारा दिल्ली कूच का ऐलान किया गया है तो सरकार किसानों के संघर्ष को बर्बरतापूर्ण दबाने का प्रयास कर रही है। यदि सरकार किसानों का आंदोलन समाप्त करवाना चाहती है तो उसे तुरंत किसानों से बात करनी चाहिए और एमएसपी गारंटी कानून लागू कर मांगे पूरी करे। चौधरी ने कहा कि हर बार सरकार झूठा वादा करके किसानों के संघर्ष को दबाने का इसी तरह प्रयास करती है। उन्होंने कहा कि किसानों को समय पर न तो खाद मिलती है, और न किसान की कहीं कोई सुनवाई होती है। भाकियू संयुक्त मोर्चा की मांग है कि नोएडा के किसानों को ज़मीन के बदले 10 फीसदी निर्मित प्लाट,64 फीसदी बढ़ा हुआ मुआवजा दिया जाए,जितने किसान जमीन छिन जाने से भूमिहीन हुए हैं उनके परिवार के बच्चों को केंद्र सरकार और राज्य सरकार कोई न कोई रोजगार की वैकल्पिक व्यवस्था की जाए।

## दुष्कर्म के आरोपी को 20 वर्ष का कठोर कारावास



**बारां।** राजस्थान में बारां के यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पोक्सो) अधिनियम न्यायालय ने एक किशोरी से दुष्कर्म करने के आरोपी को 20 वर्ष के कारावास की सजा सुनाई। विशेष न्यायाधीश (पोक्सो- 2) सोनिया बेनीवाल (जिला न्यायाधीश संवर्ग) ने आरोपी मुबारिक को किशोरी से दुष्कर्म करने का दोषी मानते हुए उस पर दो लाख रुपये का जुर्माना भी किया। मामले के अनुसार मुबारिक ने वर्ष 2020 में पीड़िता को बहला- फुसला कर और पेय पदार्थ में नशीली वस्तु मिलाकर डरा धमकाकर उससे दुष्कर्म किया।

## डॉ गुर्जर ने हिंगौनिया गौ–पुर्नवास केन्द्र में गौसेवा एवं गौपूजन किया

**जयपुर।** राजस्थान में जयपुर समारोह-2024 के तहत 18 नवंबर से चल रहे कार्यक्रमों की श्रृंखला के तहत महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर ने हिंगोनिया गौ-पुर्नवास केन्द्र पर गौ पूजन एवं गौ सेवा की। डॉ गुर्जर ने शिव मंदिर में पूजा अर्चना की, तत्पश्चात् गौ पूजन करके गायों को गुड़ एवं हरा चारा खिलाया। इस अवसर पर अध्यक्ष रमेश चन्द्र सैनी सहित अन्य पार्षदगण, अधिकारी, कर्मचारी एवं हिंगौनिया से जुड़ी महिलायें भी मौजूद रही। उन्होंने गाय के बछड़ों को दूध पिलाकर दुलार भी किया साथ ही बाड़ों में जाकर गायों की स्थिति भी देखी। बीमार एवं जिन गायों की सर्जरी हो चुकी है उनके भी देखभाल के निर्देश दिये। डॉ गुर्जर ने बलराम सेवा ट्रस्ट को निर्देश दिये कि सर्दियों को देखते हुये गायों के लिये उचित प्रबंधन सुनिश्चित किया जाये साथ ही साफ-सफाई, उचित समय पर चारा, पानी और अन्य व्यवस्थायें भी सुनिश्चित की जायें। उन्होंने गौशाला में आधुनिक तकनीकों और प्रबंधन प्रणाली को लागू करने का भी सुझाव दिया।

## कंटेनर की चपेट मे आने से महिला की मौत

**भीलवाड़ा।** राजस्थान में भीलवाड़ा जिले के पंडेर थाना क्षेत्र के बिहाड़ा चौराहे पर कंटेनर की चपेट मे आने से सडक़ किनारे खड़ी महिला की मौत हो गयी। पुलिस ने बताया कि बदनपुरा निवासी रामेश्वर कहार की पत्नी हरीदेवी 55 गुरुवार सुबह बिहाड़ा चौराहा बदनपुरा पर सडक़ किनारे खड़ी थी। इसी दौरान जहाजपुर की ओर से आये गुजरात में पंजीकृत कंटेनर ने हरीदेवी को चपेट में ले लिया।



हादसे में हरीदेवी के दोनों पैर कुचल गये और वह गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसे की सूचना पर पंडेर पुलिस मौके पर पहुंची। इस बीच, चालक कंटेनर को छोडक़र भाग छूटा। पुलिस कंटेनर को थाने ले गयी, जबकि घायल हरीदेवी को प्रकाश और गोपाल 108 एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पंडेर ले गये, जहां से उसे हायर सेंटर के लिये रेफर कर दिया गया। हरीदेवी को पंडेर से महात्मा गांधी चिकित्सालय ले जाया गया, जहां डॉक्टर्स ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

## इटावा में बॉल के गले में फंसने से मासूम की मौत

**इटावा।** उत्तर प्रदेश में इटावा जिले के कोतवाली इलाके में चिप्स पैकेट में निकली खिलौने वाली रबर बाल के मासूम के गले में फंसने से मौत हो गई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार ने बताया कि थाना कोतवाली क्षेत्र के नौरंगाबाद निवासी तस्लीम के चार साल के मासूम लड़के उस्मान के गले में बॉल फंसने से मौत हो गई। मासूम क्रैक्स खाते-खाते पैकेट में निकली बॉल भी खा गया,जिससे बॉल उसके सांस की नली में जाकर अटक गई। घर में कपड़े धो रही मां ने बच्चे की अचानक से बिगड़ती हालत देख आनन-फानन में उसे जिला अस्पताल ले गई, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। तस्लीम के दो बेटों में उस्मान बड़ा था और एक बेटा अभी डेढ़ साल का ही है।

# आयुर्वेद के भारतीय ज्ञान को युगानुकूल बनाते हुए इसका वैश्विक प्रसार हो : राज्यपाल

एजेंसी < जयपुर
www.dailypioneer.com



राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने कहा है कि आयुर्वेद के भारतीय ज्ञान को युगानुकूल बनाते हुये इससे जुड़ी दुर्लभ औषधियों का पेटेंट, प्रमाणीकरण और इससे जुड़े स्वास्थ्यवर्धक गुणों का अधिकाधिक प्रसार किया जाए। बागड़े जोधपुर में राष्ट्रीय आयुर्वेद विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित 'आयुर्वेदिक औषधि मानकीकरण-चुनौतियां और समाधान' विषयक अन्तरराष्ट्रीय संगोष्ठी में बोल रहे थे। उन्होंने आयुर्वेदिक औषधियों पर शोध और अनुसंधान को बढ़ावा देने के साथ असाध्य रोगों में भी इनके उपयोग के परीक्षण और प्रसार की दिशा में कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि आयुर्वेदिक औषधियों की ब्रांडिग और पैकेजिंग भी इस तरह से हो कि वह इस्तेमाल के लिए आकर्षित करे। उन्होंने इनके विपणन की कारगर नीति बनाने पर जोर दिया। उन्होंने प्राचीन भारतीय आयुर्वेद ज्ञान की चर्चा करते हुए आत्रेय, चरक, सुश्रुत आदि द्वारा प्रवर्तित चिकित्सा प्रणालियों के उपयोग और संभावनाओं पर कार्य करने पर जोर देते हुये कहा कि हमारे आयुर्वेद के महान ज्ञान को सुनियोजित तरीके से देश से बाहर ले जाया गया। उस ज्ञान में कुछ हेर-फेर करके उसे अपना बनाने के प्रयास निरंतर हुए। इसलिए यह जरूरी है कि जो उपलब्ध ज्ञान हमारा है, आयुर्वेद की दुर्लभ औषधियां हैं-उनके पेटेंट की दिशा में निरंतर कार्य हो। बागड़े ने नालंदा विश्वविद्यालय में आयुर्वेद के महान ज्ञान से जुड़ी किताबों की चर्चा करते हुये कहा कि बख्तियार खिलजी ने देश के उस महान ज्ञान को सदा के लिये समाप्त करने की नीयत से नालंदा पुस्तकालय में आग लगा दी, पर भारतीय ज्ञान को कोई मिटा नहीं सका है।

उन्होंने आयुर्वेदाचार्यों से आग्रह किया कि वे प्राचीन भारतीय ज्ञान की धरोहर को जन–जन तक सुलभ करायें।

# बंगलादेश में हिंदुओं के उत्पीड़न के खिलाफ निकाली आक्रोश रैली

एजेंसी < अलवर
www.dailypioneer.com

राजस्थान में अलवर में बंगलादेश में हिंदू समुदाय पर हो रहे अत्याचार के विरोध में विभिन्न संगठनों ने आक्रोश रैली निकालकर प्रधानमंत्री के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। पूर्व शहर विधायक बनवारी लाल सिंहल और संयुक्त व्यापार महासंघ जिला अध्यक्ष हरमीत कुमार मेंहदीरत्ता ने कहा कि बंगलादेश में हिंदू समुदाय पर हो रहे अत्याचार के चलते उनकी धार्मिक स्वतंत्रता और मौलिक अधिकारी खतरे में हैं। हिंदुओं के धार्मिक स्थलों पर लगातार हमले हो रहे हैं। इसके अलावा उनका भौतिक और मानसिक उत्पीड़न, हिंसा, धमकी, बलात्कार और संपत्तियों की जब्ती जैसी घटनाएं हो रही हैं। उन्होंने कहा कि दोषियों को सजा नहीं मिलना प्रशासनिक उदासीनता है। अल्पसंख्यकों को उनकी जमीन, रोजगार और अन्य अधिकारों से वंचित किया जा रहा है। ऐसे में अन्याय का शांतिपूर्वक तरीके से विरोध करने पर इस्कॉन मंदिर के संत कृष्ण दास को गिरफ्तार कर लिया गया और अब उनको प्रताड़ित किया जा रहा है। इसलिये भारत सरकार इस मामले को प्राथमिकता से उठाये और बंगलादेश सरकार के साथ कूटनीतिक चर्चा करके हिन्दू समुदाय की सुरक्षा सुनिश्चित करे। मेंहदीरत्ता ने मांग की कि संयुक्त राष्ट्र मानव अधिकार आयोग और महासचिव इस विषय पर तत्काल हस्तक्षेप करके बंगलादेश पर अंतरराष्ट्रीय दबाव बनाएं। भारत में आने वाले हिंदू शरणार्थियों को सुरक्षा और पुनर्वास प्रदान करने के लिये ठोस कदम उठाये जायें। बंगलादेश में धार्मिक स्वतंत्रता की रक्षा के लिये अंतरराष्ट्रीय मानव अधिकार कानून का सख्ती से पालन करवाया जाये। इस्कॉन मंदिर के संत कृष्ण दास जी को शीघ्र रिया किया जाये। इसीलिए आक्रोश रैली निकाली गयी।

# कैंसर के इलाज में योग की भूमिका पर विचार विमर्श

एजेंसी < लोनावाला (महाराष्ट्र)
www.dailypioneer.com

कैंसर के बढते मामले को देखते हुए इस बीमारी से किस तरह से निपटा जाए इसको लेकर कैवल्यधाम योग संस्थान में दुनिया भर से आये डाक्टरों ने कैंसर के इलाज में योग की भूमिका पर विचार विमर्श किया है। तीन दिनों तक चलने वाले इस सम्मेलन का आयोजन कैवल्यधाम योग संस्थान की ओर से किया गया है। संस्थान की ओर से आयोजित होने वाला यह 11वां अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन है। सम्मेलन में शामिल कई विशेषज्ञों ने कैंसर के इलाज में योग की भूमिका पर जोर दिया। कैवल्यधाम के सीईओ सुबोध तिवारी ने इस अवसर पर कहा कि उनकी संस्थान ने कैंसर के इलाज में योग का उपयोग दशकों से करता आ रहा है और वह उसका उपयोग करने के प्रति प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि कैवल्यधाम संस्थान कैंसर के इलाज में योग को एकीकृत करने और सार्थक शिक्षा को बढ़ावा देने पर काम कर रहे हैं। इस सम्मेलन ने दुनिया भर के बेहतरीन शोधकर्ताओं और योग शिक्षक एक साथ आये हैं और अपने विचार और अनुभव साझा किया है जो कैंसर के इलाज में बड़ी भूमिका निभायेगा। टाटा मेमोरियल सेंटर के कैंसर सर्जन डॉ. पंकज चतुर्वेदी ने कैवल्यधाम के 100 वर्षों के काम एवं कैंसर की रोकथाम के साथ-साथ कैंसर से बचे लोगों के जीवन की गुणवत्ता सुनिश्चित करने में योगदान की सराहना की। उन्होंने तिवारी को एक डॉक्टर के रूप में संबोधित किया, क्योंकि उनकी संस्थान ने काफी लोगों के जीवन को बचाने और सुधारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने स्वस्थ्य जीवन में योग की भूमिका को दोहराया और लोगों से प्राकृतिक जीवन जीने की ओर लौटने का आग्रह किया और कहा कि योग व्यायाम से कहीं अधिक बेहतर है। यह जीवन जीने का एक तरीका है।उन्होंने कैवल्यधाम द्वारा इस तरह के अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित करने के महत्व पर जोर दिया।

# पन्ना में दूसरे दिन एक करोड़ 40 लाख के 33 नग हीरे हुए नीलाम

वार्ता < पन्ना
www.dailypioneer.com



मध्यप्रदेश के पन्ना जिला मुख्यालय में चल रही हीरों की नीलामी के दूसरे दिन 33 नग हीरे एक करोड़ 40 लाख रुपये से अधिक में नीलाम हुए। की नीलामी में मुख्य आकर्षण का केंद्र 16.10 कैरेट वजन वाला जेम क्वालिटी का हीरा रहा, जो 6 लाख 6 हजार रुपये प्रति कैरेट की दर से 97 लाख 56 हजार 600 रूपये में नीलाम हुआ। हीरा अधिकारी पन्ना रवि पटेल ने बताया कि पन्ना में हीरा नीलामी के दूसरे दिन 23 ट्रे में 108.84 कैरेट वजन के 52 नग हीरे रखे गए थे, जिनमें 77.65 कैरेट वजन के 33 नग हीरे नीलाम हुये हैं। नीलामी में बिके हीरों की कुल कीमत 01 करोड़ 40 लाख 34 हजार 810 रुपये रही। दोनों दिनों की नीलामी में 133.36 कैरेट वजन के 62 नग हीरे 2 करोड़ 58 लाख 44 हजार 220 रुपये में नीलम हुए। नीलामी में भाग लेने वाले व्यापारियों की नजरें तीसरे व अंतिम दिन की नीलामी पर टिकी हुई हैं। तीसरे दिन होने वाली नीलामी में सरकोहा गाँव की उथली हीरा खदान से 12 सितंबर 2024 को निकला 32.80 कैरेट वजन का दुर्लभ बेशकीमती हीरा भी रखा जायेगा। पन्ना जिले की उथली खदानों से कई दुर्लभ व नायाब हीरे मिल चुके हैं। अब तक का सबसे बड़ा हीरा तक़रीबन 62 वर्ष पूर्व 15 अक्टूबर 1961 को महुआटोला की उथली हीरा खदान से रसूल मोहम्मद को 44.55 कैरेट वजन वाला जेम क्वालिटी का हीरा मिला था, जो अब तक का सबसे बड़ा हीरा है। इसके बाद वर्ष 2018 में मोतीलाल प्रजापति को 42.59 कैरेट वजन का हीरा मिला था।

यह हीरा नीलामी में 6 लाख रुपए प्रति कैरेट की दर से 2 करोड़ 55 लाख रुपए में बिका था।

अब सबकी निगाहें जेम क्वालिटी वाले 32.80 कैरेट वजन के नायाब हीरे पर टिकी हुई हैं।

नीलामी में इस हीरे की उच्चतम बोली कितनी पहुंचती है यह 6 दिसंबर की शाम को पता चलेगा।

# भाजपा सरकार कैलाश चले, सपा देगी साथ : अखिलेश यादव

एजेंसी < लखनऊ
www.dailypioneer.com



संभल के पीड़ितों को न्याय दिलाने का संकल्प दोहराते हुये समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि प्लेसेज ऑफ वर्शिप एक्ट को नहीं मानने वाली भाजपा सरकार को कैलाश पर्वत क्यों नहीं दिखायी दे रहा है। यादव ने कहा मैं संभल जाऊंगा और पीड़ित लोगों की मदद भी करूंगा। हम चाहते हैं कि संभल के लोगों की मदद हो उनको न्याय मिले। उसके लिए हम लगातार लड़ाई लड़ेंगे। लोकसभा, विधानसभा में मामले को उठाएंगे और न्याय दिलाएंगे। भाजपा सरकार संविधान और कानून नहीं मान रही है। प्लेसेज ऑफ वर्शिप एक्ट कानून नहीं मान रही है। समझ में नहीं आ रहा है कि सरकार क्या खोजना चाहती है। भाजपा सरकार को कैलाश पर्वत क्यों नहीं दिखाई दे रहा है। मानसरोवर नहीं दिखाई दे रहा है। भाजपा से कहिए कि चले मानसरोवर और कैलाश पर्वत की ओर। अगर भाजपा के लोगों में हिम्मत है तो चलें कैलाश और मानसरोवर की ओर हम साथ देंगे। उन्होने कहा कि भाजपा कमजोर लोगों पर अन्याय करती है। ये ताकतवर का पैर छूते हैं। ताकतवर के आगे झुक जाते हैं। भाजपा के नकली देश भक्त बताएं कि चीन ने जिस रेजांगला मेमोरियल को तोड़ दिया है, क्या ये लोग उसी जगह पर बनवाएंगे। भाजपा के लोग चीन के खिलाफ नहीं बोलते हैं, चीन के खिलाफ बोलने की उनकी हिम्मत नहीं पड़ती है। भाजपा के पास देश के बड़े सवालों का जवाब नहीं है। यादव ने कहा कि भाजपा में लखनऊ और दिल्ली की लड़ाई है। इसमें देश का भाईचारा, गंगा-जमुनी तहजीब पिस रही है। लखनऊ की सत्ता में बैठे भाजपा के लोग दिल्ली का रास्ता तलाश रहे हैं। दिल्ली की सत्ता में बैठे भाजपा के लोग जिस रास्ते से सत्ता तक पहुंचे है, लखनऊ वाले भी वहीं फार्मूला खोज रहे हैं। भाजपा सरकार संभल में अन्याय कर रही है। सरकार लोगों को डराना चाहती है। संभल के लोगों के दुख दर्द में नहीं जाने देना चाहती है। भाजपा सरकार की नीयत ठीक नहीं है। उन्होने कहा कि भाजपा सरकार संभल में सच को छिपाना चाहती है। विधानसभा में नेता विपक्ष माता प्रसाद पाण्डेय और प्रतिनिधिमण्डल को संभल नहीं जाने दिया। लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी को भी संभल नहीं जाने दिया। संभल की घटना में जिन पीड़ित दुखी लोगों को सरकार ने झूठे मुकदमें लगाकर जेल में बंद किया है। सपा का प्रतिनिधिमंडल उनका दुःख तकलीफ पूछने जेल में मिलने चला गया तो सरकार ने जेलर को निलम्बित कर दिया।

# बफर लिमिट से अधिक हो गया है खरीदी केंद्रों में धान जमा



- मिलर्स ने 15 सूत्री मांग पूरी नहीं होने तक उठाओ नहीं करने की कही बात
- सीएम के नाम कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

पायनियर संवाददाता ∢ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

जिले की 28 राइस मिलें, जो समर्थन मूल्य पर खरीदे गए धान की कस्टम मिलिंग का कार्य करती हैं, अपनी लंबित समस्याओं को लेकर आंदोलनरत हैं। 5 दिसंबर को जिले के राइस मिल संचालकों ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपते हुए कई गंभीर मुद्दों की ओर ध्यान आकर्षित किया। मिल संचालकों ने आरोप लगाया कि, शासन द्वारा वर्षों से उनके द्वारा किए गए कार्यों का भुगतान लंबित रखा गया है। इनमें खरीफ 2018-19 से लेकर 2023-24 तक की कस्टम मिलिंग, चावल परिवहन, बारदाना उपयोगिता शुल्क, लोडिंग-अनलोडिंग की हमाली और एफआरके (फोर्टिफाइड राइस कर्नल) की राशि शामिल है। कोंडागांव जिला राईस मिल एसोशियेसन जिलाध्यक्ष सुरेश कटारिया, बसंत पारेख, समेत अभी मिल संचालकों का कहना है कि, बारदाना जमा पर अनुचित कटौती की गई है, जिससे उन्हें वित्तीय नुकसान उठाना पड़ा है। वहीं, नए कस्टम मिलिंग अनुबंध की शर्तें और दरें अस्पष्ट हैं, जिससे उनका कार्य प्रभावित हो रहा है। साथ ही, एनआईसी पोर्टल की तकनीकी खामियां और पेनाल्टी से जुड़े मुद्दे भी उनकी समस्याओं को बढ़ा रहे हैं। इन मांगों के समाधान के लिए सरकार से तुरंत हस्तक्षेप की अपील की गई है। धान का उठाव बंद होने के कारण जिले के धान खरीदी केंद्रों पर बफर लिमिट से अधिक धान जमा हो गया है, जिससे किसानों को अपनी उपज बेचने में दिक्कतें हो रही हैं। प्रशासन ने ज्ञापन स्वीकार कर इसे राज्य सरकार तक पहुंचाने का भरोसा दिया है। अब देखना होगा कि सरकार कब तक इस मुद्दे पर ठोस कदम उठाती है।

# ग्राम मुलमुला बना हर घर जल प्रमाणित गांव



पायनियर संवाददाता ∢ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

जिले के ग्राम मुलमुला को जल जीवन मिशन के अंतर्गत हर घर जल प्रमाणीकरण किया गया। यहां की कुल जनसंख्या 3782 है और जल उत्सव के तहत जलापूर्ति के लिए कुल 743 एफएचटीसी कनेक्शन का कार्य सम्पन्न हो चुका है। इस ग्राम के लोग पूर्व में पीने के पानी के लिए मुख्य रूप से कुआ, तालाब, हैंडपम्प आदि जैसी सुविधाओं पर निर्भर रहें। लेकिन अब हर घर जल योजना के माध्यम से पूरे ग्राम वासी आत्मनिर्भर हो चुके हैं।

जल जीवन मिशन योजना लागू होने के बाद जागरूकता कार्यक्रम और ग्राम सभा में जल संबंधी चर्चा व व्यापक प्रचार प्रसार में शामिल होने के बाद यहाँ के लोग स्वच्छ पेयजल व अच्छे स्वास्थ्य को लेकर जागरूक हुए हैं। विभाग द्वारा ग्राम में एफओके के माध्यम से प्रशिक्षित महिलाओं का एक समूह जल बहिनी बनाया गया है। जिसमें ग्राम में जल जाँच हेतु अश्विनी, भारती, दुर्गेश्वरी, सुमति, द्रोपदी का चयन किया गया है। इस योजना का उद्देश्य हर घर जल के साथ साथ ग्राम में पानी से फै लने वाली बीमारियां जैसे टाइफाइड, कॉलेरा, हेपेटाइटिस आदि से बचाना भी है। सरपंच मयाराम मरकाम ने बताया कि, हमारे मूलमुला ग्राम में हर घर में एफएचटीसी के माध्यम से शुद्ध पेयजल दे कर सरकार ने ग्रामीणों में एक नया उत्साह जगाया है। यह कार्यक्रम ग्राम वासियों में सुरक्षित जीवन के लिए शुद्ध पानी की आस दी है।

# किरन्दुल में बैलाडीला रक्तदाता सम्मान समारोह का किया गया आयोजन

पायनियर संवाददाता ∢ किरंदुल
www.dailypioneer.com




बैलाडीला देवस्थान समिति और गायत्री परिवार के संयुक्त तत्वावधान में रक्तदाता सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।बता दें 4 दिसंबर बुधवार शाम 06 बजे श्री राघव मंदिर परिसर किरंदुल में आयोजित इस समारोह का मुख्य उद्देश्य रक्तदान के महत्व को समझाना,लोगों को रक्तदान के लिए प्रेरित करना और उन रक्तदाताओं को सम्मानित किया गया जिन्होंने 1 जनवरी 2024 से अब तक निःस्वार्थ स्वैच्छिक रक्तदान किया है। इस पहल का एक और महत्वपूर्ण उद्देश्य भविष्य के लिए जरूरतमंद मरीजों के लिए रक्तदाता की सूची तैयार करना है,जिससे आसानी से रक्त उपलब्ध हो सके। कार्यक्रम में 222 रक्तदाताओं को शॉल मोमेंटों एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि एनएमडीसी सीजीएम संजीव साही, महाप्रबंधक उत्पादन आर राजाकुमार, महाप्रबंधक विद्युत एम सुब्रमण्यम, परियोजना अस्पताल मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ एम वी लाल, एएम एनएस महाप्रबंधक वाई वी राघवेलु, सीएसआर प्रमुख डॉ तेजप्रकाश, ए के सिंह,डी पी डेहरिया, आजाद सक्सेना, रवीश कुमार, राजेन्द्र सक्सेना, प्रवेश जोशी एवं अन्य उपस्थित थे।

## कुलानार में शराब पीने की बात पर विवाद कर पड़ोसी ने पड़ोसी की हत्या की



**कोण्डागांव।** कोंडागांव जिले के थाना उरन्दाबेड़ा में पुलिस द्वारा हत्या के आरोपी सगाराम मण्डावी को अपराध क्रमाक 12 धारा 103(1) बीएनएस के मामले में 24 घण्टे में गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया। मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार हैं प्रार्थिया थाना आकर रिपोर्ट दर्ज करायी कि, 3 दिसंबर रात 9:30 बजे लगभग इसके माँ सगनी बाई नेताम पड़ोसी सगाराम मण्डावी के घर धान मिजाई पश्चात् पार्टी मनाने गयी थी। देर रात तक अपने घर वापस नहीं लौटी तब इसका पति मंशाराम नेताम इसे लेने सगाराम मण्डावी के घर गया, जहां आंगन में इसके पत्नी एवं आरोपी शराब पी रहे थे जिसे डाटने एवं गाली देने से नाराज होकर आक्रोश में आकर आरोपी सगाराम मण्डावी द्वारा मंशाराम नेताम को धक्का देकर जमीन में गिराकर लात, हाथ मुक्का से पेट पीठ एवं पसली को मारपीट किया गया।

# प्रधानमंत्री आवास योजना से सुकालु राम के घर लौट आया रौनक

पायनियर संवाददाता ∢ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'सबके लिए आवास' के उद्देश्य को पूरा करते हुए प्रधानमंत्री आवास योजना से ग्रामीण क्षेत्रों में निवासरत कई ग्रामीणों के पक्के मकान का सपना सच हो रहा है। यह योजना जरूरतमंद परिवारों को न केवल सुरक्षित घर उपलब्ध करा रही है, बल्कि इससे हितग्राही सम्मानपूर्वक और बेहतर जिंदगी जी रहे हैं। कोंडागांव विकासखंड अंतर्गत सातगांव के रहने वाले सुकालु राम पांडे को पक्का आवास मिलने से उनकी जिंदगी पहले से बेहतर हुई है। अब वे पूरे सम्मान के साथ अपने स्वयं के पक्का मकान में रहते हैं और अपने परिवार के साथ सुकून से जीवन-यापन कर रहे हैं। सुकालु राम पांडे ने बताया कि, पहले उनके परिवार की जिंदगी मिट्टी से बने और खपरैल वाले घर में बीत रही थी। मिट्टी के घर होने के कारण बरसात के दिनों में कई परेशानियों का सामना करना पड़ता था। इससे घर में सीलन की समस्या तो होती ही थी, साथ ही खपरैल छत में पानी टपकने की समस्या से भी जूझना पड़ता है। ऐसे में उन्हें अपने परिवार के लिए एक पक्के मकान की जरूरत महसूस होती थी, लेकिन खेती किसानी से प्राप्त आय से उनके पक्के मकान का सपना पूरा नहीं हो पा रहा था। ऐसी परिस्थिति में सुकालु राम के पक्का आवास के सपनों को पूरा करने में प्रधानमंत्री आवास योजना एक वरदान साबित हुई। इस योजना के तहत आज वे अपने परिवार में पत्नी और दो बच्चों के साथ सम्मानपूर्वक जीविकोपार्जन कर रहे हैं। उनके पक्के मकान में परिवार के सदस्यों को सुरक्षित वातावरण मिला है, जिससे वे पहले से बेहतर तरीके से सुकून के साथ रह रहे हैं।

## महतारी वंदन से सुखबती पांडे को मिला आर्थिक संबल

प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ मिलने के साथ-साथ सुकालु राम की पत्नी सुखबती बाई को शासन की महत्वाकांक्षी योजना महतारी वंदन का लाभ मिल रहा है। सुखबती ने बताया कि, उन्हें प्रतिमाह महतारी वंदन की राशि मिल रही है, जिससे उन्हें घर की छोटी-छोटी जरूरतों के खर्चे में सहायता होती है। साथ ही अपने बच्चों की आवश्यकताओं को पूरा करने में भी मदद मिल रही हैं। सुकालु राम और सुखबती ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को धन्यवाद देते हुए कहा कि, केंद्र एवं राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से पक्का मकान का सपना पूरा हुआ। साथ महतारी वंदन योजना से उनके परिवार को आर्थिक संबल मिला।

# केशकाल शासकीय कन्या स्कूल में मनाया गया दिव्यांग दिवस

पायनियर संवाददाता ∢ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



उत्तरा कुमार कश्यप प्रधान एवं सत्र न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक से प्राधिकरण कोंडागांव के आदेश में अंजली पांडेय न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, अध्यक्ष तालुका विधिक सेवा समिति केशकाल के मार्गदर्शन में मनीषा तिवारी प्रतिधारक अधिवक्ता प्रबंधन कार्यालय केशकाल के द्वारा दिव्यांग दिवस के अवसर पर शासकीय उच्चतर कन्या माध्यमिक विद्यालय केशकाल में दिव्यांग दिवस का आयोजन किया गया। जहां छात्राओं को संबोधित करते हुए बताया गया कि, दिव्यांग जनों के लिए समाज कल्याण विभाग से संपर्क करके दिव्यांग जनों का इलाज किया जाता है। अगर आपके आस पड़ोस में कोई ऐसे व्यक्ति हैं जो दिव्यांग हैं तो उनको यह जानकारी बताएं और समाज कल्याण विभाग से संपर्क करके उनका उपचार कर सकते हैं जिसमें निशुल्क अंग भी उपलब्ध कराई जाती है। और जो बच्चे नेत्रहीन होते हैं उनके लिए ब्रेल लिपि के माध्यम से पढ़ाया जाता है। और और इसका जानकारी पंचायत तहसील में भी दे सकते हैं और दिव्यांग जनों के लिए सरकार द्वारा बहुत सारे योजनाएं बनाए गये हैं और विकलांग व्यक्तियों के अधिकारों पर कन्वेंशन 2006 के अनुच्छेद 22- गोपनीयता के लिए सम्मान में कहा गया है, किसी भी विकलांग व्यक्ति को, चाहे वह कहीं भी रहता हो या रहने की व्यवस्था करता हो, उसकी गोपनीयता, परिवार, या पत्राचार या अन्य प्रकार के संचार में मनमाने या गैरकानूनी हस्तक्षेप या उसके सम्मान और प्रतिष्ठा पर गैरकानूनी आदि की जानकारी प्रदान की गई।

## 20 दिसंबर को रेडक्रॉस सोसायटी जिला शाखा के सामान्य सभा की बैठक

**कोंडागांव।** जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी जिला शाखा का संचालन किया जा रहा है। उक्त सोसायटी के अन्तर्गत वार्षिक सामान्य सभा की बैठक आयोजन 20 दिसंबर को निर्धारित किया गया है। उक्त बैठक में भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी जिला शाखा कोंडागांव के द्वारा किये जाने वाले कार्यों की एजेंडा एवं सोसायटी के सफल संचालन के संबंध में चर्चा किया जाएगा। इस बैठक का आयोजन जिला कार्यालय के सभाकक्ष में किया गया है। भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी जिला शाखा कोंडागांव के सभी सदस्यों को 20 दिसंबर को दोपहर 2 बजे उपस्थित होने की अपील की गई है।

# महतारी वंदन योजना से फुलेश्वरी को बच्चों की पढ़ाई में मिल रही मदद

पायनियर संवाददाता ∢ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के सुशासन में प्रदेश की महिलाएं आत्मनिर्भर होकर आर्थिक सशक्तिकरण की ओर आगे बढ़ रही हैं। राज्य शासन महिलाओं के हित के लिए दृढ़संकल्पित है और शासन की योजनाओं से उन्हें आत्मसम्मान के साथ हर क्षेत्र में जीवन आगे बढ़ने का अवसर मिल रहा है। आज महिलाएं आर्थिक समृद्धि की ओर कदम बढ़ाते हुए स्वयं आत्मनिर्भर होकर अपने परिवार के जीविकोपार्जन में भी सहयोग कर रही हैं।

**महतारी वंदन योजना से फुलेश्वरी आत्मनिर्भरता की ओर** - महतारी वंदन योजना जिले की कई महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो रही है। पहले घर-परिवार का गुजारा पति की कमाई से होता था और



अपने छोटे छोटे ज़रूरतों की पूर्ति के लिए भी उन्हें निर्भर रहना पड़ता था। लेकिन अब शासन की योजनाओं से महिलाएं न केवल आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर हुई हैं बल्कि परिवार चलाने में भी आर्थिक सहयोग कर रही हैं। ग्राम बनियागांव की रहने वाली फुलेश्वरी दीवान जैसे ग्रामीण महिलाओं के जीवन में यह योजना सकारात्मक एवं सुखद बदलाव ला रही है।

बच्चों की पढ़ाई में मिल रही मदद

फुलेश्वरी ने बताया कि, महतारी वंदन योजना से मिलने वाली हर महीने की राशि उनके परिवार के खर्चों के वहन में मददगार साबित हो रही है। कहा उनके दो बच्चे हैं, बेटी कक्षा 8वीं में पढ़ती है और बेटा कक्षा 2 में है। उनके पति खेती के साथ-साथ मिस्त्री का काम भी करते हैं, जिससे परिवार का पालन-पोषण होता है। हालांकि दो बच्चों की पढ़ाई और अन्य खर्चों को लेकर अक्सर उन्हें आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ऐसे में महतारी वंदन योजना के तहत प्रति माह मिलने वाली एक हजार रुपए की राशि उनके परिवार के लिए एक महत्वपूर्ण सहारा बनी है। इस योजना ने न केवल परिवार की आर्थिक स्थिति में सुधार किया है, बल्कि फुलेश्वरी में आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ने के लिए एक नई उम्मीद जगाई है। हर महीने मिलने वाली इस राशि से परिवार चलाने के लिए आर्थिक भार को कम करने में काफी हद तक राहत मिली है, जिससे उनका परिवार पहले से बेहतर तरीके से जीवन यापन कर रही है। उन्होंने मुख्यमंत्री श्री साय को हर महीने मिल रही सहायता राशि के लिए धन्यवाद देते हुए कहा कि इस योजना से परिवार की बेहतर देखभाल और बच्चों की शिक्षा में भी मदद मिल रही है।

## एनसीसी के छात्र-छात्राओं को देशभक्ति भावना विकसित करने के लिए प्रेरित किया

# श्यामपुर स्कूल में मनाया गया नौसेना दिवस





पायनियर संवाददाता ∢ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

कोंडागांव जिले के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय श्यामपुर सीजी गर्ल्स बटालियन के तत्वाधान में नौसेना दिवस का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि गोवर्धन पांडे अध्यक्ष शाला विकास प्रबंधन समिति ने ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली अपने उद्बोधन में नौसेना के शहीद वीर जवानों को स्मरण करते हुए वह एनसीसी कैडेट एवं छात्र-छात्राओं को अपने कर्तव्य निष्ठा के साथ देश एवं समाज कल्याण में अपने अमूल्य योगदान देने के लिए प्रेरित किया कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे मां ने अनूप कुमार विश्वास प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय श्यामपुर ने अपने उद्बोधन में नौसेना के जवानों के द्वारा अंतर्राष्ट्रीय सीमाओं पर तैनात होते हुए हमारे देश की सीमाओं को दुश्मनों से सुरक्षा करने का कार्य करते हैं और उपस्थित एनसीसी के छात्र-छात्राओं को देशभक्ति भावना विकसित करने के लिए प्रेरित किया सुभाष हंसदा सूबेदार 1 सीजी गर्ल्स बटालियन के द्वारा अपने उद्बोधन में कहा कि, नौसेना की स्थापना देश की समुद्री सीमाओं की रक्षा करने और इसके सुरक्षा सुनिश्चित करने में भारतीय नौसेना के वीरता पूर्वक प्रयास से हर वर्ष 4 दिसंबर को भारतीय नौसेना दिवस मनाया जाता हैं। भारतीय नौसेना भारतीय सशस्त्र बलों की समुद्री शाखा है इसकी स्थापना 1612 में ईस्ट इंडिया कंपनी की ओर से की गई थी। दासु दीवान वरिष्ठ नागरिक एवं गंगा देवांगन वह वीरेंद्र पटेल ने अपने उद्बोधन में एनसीसी के छात्र-छात्राओं को इस दिवस के अवसर पर शहीद वीरों को नमन करते हुए देश के युवा पीडिया को अपने बलिदान देने के लिए प्रेरित किया आभार व्यक्त किया। श्यामलाल उप प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ने अपने उद्बोधन में नौसेना दिवस पर वीर सपूतों को सलाम जिनकी वजह से हमारा देश सुरक्षित हैं।

# आकांक्षी माकड़ी में खुरा चपका रोग नियंत्रण के लिए चलाया जा रहा सघन अभियान

पायनियर संवाददाता ∢ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com




आकांक्षी विकासखण्ड माकड़ी में पशु स्वास्थ्य एवं रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत खुरा चपका रोग के नियंत्रण हेतु विशेष टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य माकड़ी ब्लॉक में गाय, भैंस, भेंड़, बकरी, सूअर आदि पालतू और जंगली पशुओं में खुरा चपका जैसे संक्रामक रोग के प्रभाव को कम करना है। यह अभियान 15 अगस्त 2024 से शुरू हुआ है और इसका लक्ष्य शत प्रतिशत पशुओं को टीकाकरण के माध्यम से इस खतरनाक रोग से बचाव प्रदान करना हैं। इस कार्य के लिए माकड़ी विकासखण्ड में डॉ. सुधरन मरकाम और डॉ. प्रिया गजभिये के नेतृत्व में 5 टीम बनाई गई। इन पांच टीकाकरण टीमों की मदद से अभियान के दौरान सक्रिय रूप से कार्य करते हुए 66 हजार 600 के लक्ष्य के विरुद्ध 66 हजार 331 पशुओं में टीकाकरण का कार्य पूर्ण हो चुका है। इस अभियान में पूरी तरह से सफलता मिल रही है और पशुओं के बीच खुरा चपका रोग के नियंत्रण में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। उल्लेखनीय हैं कि, खुरा चपका अत्यन्त संक्रामक एवं घातक विषाणुजनित रोग है। यह गाय, भैंस, भेंड़, बकरी, सूअर आदि पालतू पशुओं एवं हिरन जैसे जंगली पशुओं को प्रभावित करता है। इस रोग के आने पर पशु को तेज बुखार हो जाता है और बीमार पशु के मुंह, मसूड़े, जीभ के ऊपर नीचे ओंठ के अन्दर का भाग खुरों के बीच की जगह पर छोटे-छोटे दाने से उभर आते हैं। फिर धीरे-धीरे ये दाने आपस में मिलकर बड़ा छाला का रूप ले लेते हैं, समय पाकर यह छाले फूल जाते हैं और उनमें जख्म हो जाता है, जो उसके स्वास्थ्य को गंभीर रूप से प्रभावित करती है।

# करोड़ों की लागत से हो रहे निर्माण कार्य में सूचना बोर्ड ही गायब

## मामला-लोनिवि सेतु मंडल द्वारा निर्माणाधीन देमार, परेवाडीह मार्ग का, गुणवत्ता पर अभी से उठ रहे सवाल

पायनियर संवाददाता < धमतरी
www.dailypioneer.com




शासन द्वारा आमजनों के हितार्थ चलने वाली योजनाओं में लाखों, करोड़ों रूपये का फंड आबंटित किया जाता आ रहा है। शासन की यह मंशा है कि आम लोगों को इसका लाभ मिले। इसी के चलते आवागमन को सुलभ और सरल बनाने करोड़ों रूपये की लागत से पुल पुलिया निर्माण जिले में जारी है। लेकिन इन कार्यों में महत्वपूर्ण बात यह है कि जितनी भी योजनाएं चल रही हैं, उसमें कार्ययोजना के संबंध में स्थल पर कहीं भी सूचना बोर्ड नहीं देखा गया है और ऐसा कर संबंधित ठेकेदार और विभाग के अधिकारी ऐसे महत्वपूर्ण कार्यों को मेट के जरिये करवाते आ रहे हैं जिसका प्रत्यक्ष प्रमाण देमार से परेवाडीह पुल एवं पहुंच मार्ग से दिया जा सकता है। करोड़ों की लागत से बनने वाले इस पुल के पूर्व कोई भी सूचना बोर्ड नहीं लगाया गया है जिसे लेकर ग्रामीणों में काफी नाराजगी देखी जा रही है। इस मामले में जब ग्रामीणों से पूछताछ की गई तो उन्होंने दो-टूक कहा कि हम किसी भी तरह का बयान नहीं देंगे क्योंकि हमें ठेकेदार और अधिकारी ने साफ तौर पर धमकी दी है कि यदि कोई इस मामले में बयानबाजी करेगा तो हम काम को रोक देंगे। लोक निर्माण विभाग सेतु मंडल के अधीन चलने वाले लाखों रूपये की लागत से पिछले महीने से पुल का निर्माण कार्य किया गया। लेकिन इसमें कहीं भी योजना के संबंध में सूचना बोर्ड नहीं लगाया गया। हद तो यह है कि इसके बिना कार्य प्रारंभ किया गया। जब ग्रामीणों ने ठेकेदार और अधिकारी से कहा कि यह योजना कितने लाख की है, कब प्रारंभ करना है, कब समाप्त करना है और इसमें लगने वाले घटिया मटेरियल को लेकर जब बात की तो ठेकेदार और अधिकारी ने इन लोगों की जुबान बंद करने साफ तौर पर कहा कि अगर आप ऐसी नेतागिरी करोगे तो आपके क्षेत्र में पुल का काम रोक दिया जायेगा। इस धमकी के चलते ग्रामीण, यहां तक निर्वाचित जनप्रतिनिधियों ने भी इस मामले में कुछ कहने से साफ इनकार कर दिया। उक्त निर्माण कार्य में जिस प्रकार घटिया गिट्टी का उपयोग किया गया है, उसे लेकर तरह तरह के सवाल खड़े किये जा रहे हैं। राहगीरों ने उक्त निर्माण कार्य को लेकर अनेक खामियां उजागर की है जिसमें उपयोग होने वाली गिट्टी एवं सीमेंट मिक्सचर का मसाले में भारी हेरफेर कर उक्त पुल का निर्माण अधिकारी, ठेकेदार की अनुपस्थिति में लगभग समाप्ति की ओर अग्रसर है। जिले में ऐसी अनेक सड़कें बनाई जा रही हैं, पूर्व वर्षों से सड़क का निर्माण मकड़जाल की तरह चलाया गया है। लेकिन दुर्भाग्य है कि उक्त सड़कों को देखने राजधानी में बैठे अधिकारी कभी भी जिले के दौरे पर नहीं आये। हालांकि देमार परेवाडीह पुल एवं सड़क का मामला सेतु विभाग का है। लेकिन इसके अतिरिक्त अन्य विभागों में कमोवेश यही नीति अपनाई जा रही है।

शासन के नियमानुसार कोई भी सड़क या निर्माण कार्य के लिये योजना से संबंधित समस्त जानकारी लिखकर स्थल पर लगाया जाता है। लेकिन शासन के इस आदेश का कोई पालन नहीं कर रहा है। लोक निर्माण विभाग सेतु मंडल का एक उपसंभाग धमतरी में भी संचालित है जबकि इसका संभाग रायपुर में स्थित है। उपसंभाग में कभी भी किसी भी वक्त कोई व्यक्ति पहुंचता है तो वहां न अधिकारी मिलते हैं, न कर्मचारी। एक कर्मचारी से पूछने पर बताया जाता है कि वे स्थल पर गये हैं। कौन से स्थल में गये हैं, इसकी जानकारी भी वह नहीं दे पाता जबकि उपसंभाग में किसी जिम्मेदार व्यक्ति का बैठना अति आवश्यक रहता है। यही नहीं जब देमार, परेवाडीह निर्माण स्थल में अधिकारी, ठेकेदार के संबंध में ग्रामीणों से पूछा जाता है कि ये आये थे क्या? तो वे बताते हैं कि नहीं आये थे। स्थल पर उपस्थित मेट, जो कि ठेकेदार का कर्मचारी है, उसके द्वारा ही यह सारे कार्य करवाये गये हैं। नियमानुसार ऐसे महत्वपूर्ण कार्यों के लिये अधिकारी का स्थल पर रहना जरूरी होता है। लेकिन अधिकारी के द्वारा ठेकेदार के मेट के माध्यम से ऐसे लाखों, करोड़ों रूपये के कार्य को करवाया गया। इस निर्माण कार्य में ठेकेदार का मेट बताता है कि पाटन जिला बालोद से गिट्टी लाई जा रही है जो कि निम्न स्तर की थी। गिट्टी के नाम पर गिट्टी का बुरादा नजर आ रहा है जिससे पुल, सड़क के स्थायित्व के लिये खतरा माना जा रहा है। इस कार्य में निविदा की शर्तों के विपरीत कार्य करवाया गया है जिसे लेकर जांच की भी मांग हो रही है।

बताया जाता है कि उक्त निर्माण कार्य कुछ महीने पहले अभनपुर के ठेकेदार द्वारा प्रारंभ किया गया था। जिसके लिये शासन के निर्देशों के तहत स्थल पर कार्ययोजना के संबंध में कोई बोर्ड नहीं लगाया है। बिना बोर्ड लगाये ही अधिकांश कार्य करवा लिया गया है। ग्रामीणों को भी नहीं मालूम कि इस कार्य की लागत क्या है। इस विभाग के वरिष्ठ अधिकारी अपने अधिनस्थ अधिकारी के बदौलत सारा कार्य करवाते हैं जबकि ऐसे कार्यों को लेकर उन्हें समय समय पर योजनाओं की क्रियान्वयन को लेकर निरीक्षण करना चाहिये। पिछले वर्ष सेतु विभाग द्वारा ही मगरलोड, मेघा पुल का निर्माण करवाया गया था जो करोड़ों रूपये की लागत से निर्मित हुआ था। उसके टूट जाने से यह विभाग काफी सुर्खियों में आया है। ऐसे निर्माण कार्य जिसमें निविदा शर्तों का पालन नहीं किया जाता, और अधिकारी, ठेकेदार की मिलीभगत से सीमेंट एवं गिट्टी के मिक्सचर, मसालों में हेरफेर करने से प्रत्येक निर्माण कार्यों की यही दुर्गति होना स्वाभाविक माना जा रहा है।

इस मामले को लेकर रायपुर में पदस्थ कार्यपालन अभियंता विवेक शुक्ला से दूरभाष पर चर्चा किये जाने पर उनका कहना था कि मैं पूरे मामले को लेकर अनुविभागीय अधिकारी को दिशा निर्देश देते हुए स्थल का स्वयं निरीक्षण करूंगा। मटेरियल गलत पाये जाने पर संबंधित ठेकेदार को नोटिस जारी कर उसका पक्ष जानने के बाद आगे की कार्यवाही की जायेगी। जब उनसे पूछा कि शासन का स्पष्ट निर्देश है कि किसी भी निर्माण कार्य प्रारंभ होने से पूर्व उसकी लागत, एजेंसी का नाम, समय सीमा का बोर्ड लगाना अनिवार्य है, किंतु उक्त स्थल पर इसका कहीं भी अता-पता नहीं है, इस पर उन्होंने जांच करवाने की बात कही। इन्होंने यह भी कहा कि हमारे विभाग का उपसंभाग धमतरी में है, और वहां पदस्थ अनुविभागीय अधिकारी से आप संपर्क कर उनसे जानकारी ले सकते हैं। जब अनुविभागीय अधिकारी को मोबाईल लगाया गया तो उन्होंने रिसीव ही नहीं किया।

# धान खरीदी केंद्र चलो अभियान के तहत खरीदी केंद्र पहुंची विधायक



पायनियर संवाददाता < सरायपाली
www.dailypioneer.com

धान खरीदी केंद्र चलो अभियान के तहत क्षेत्रीय विधायक चातुरी नंद ग्राम तोषगांव, जंगलबेड़ा और तोरेसिंहा धान खरीदी खरीदी केंद्र पहुंची।इस दौरान धान खरीदी का निरीक्षण किया और किसानों की समस्याओं से रूबरू हुईं। निरीक्षण के दौरान विधायक को धान की तौलाई के दौरान अधिक मात्रा में पाया गया जहां शाखा प्रबंधकों को मौके पर ही व्यवस्था दुरुस्त कर निर्धारित मात्रा में तौल कराने का निर्देश दिया। उन्होंने घटिया स्तर के बरदाना पाए जाने पर नाराजगी जाहिर की और गुणवत्तापूर्ण बारदाने की व्यवस्था करने के निर्देश डीएमओ से दूरभाष के माध्यम से दी। इस संबंध में मीडिया को जानकारी देते हुए विधायक नंद ने बताया कि प्रदेश में जब से भाजपा की सरकार आई है तब से किसान परेशान है। जब कांग्रेस की सरकार थी तब राज्य में रिकॉर्ड तोड़ धान खरीदी की गई और कभी किसानों को दिक्कतें नहीं हुई लेकिन साय के सुशासन के दौरान किसानों के रकबे में कटौती कर किसानों को परेशान किया जा रहा है। यह सरकार धान बेचने के लिए किसानों को बारदाना तक उपलब्ध नहीं करा पा रही है। विधायक नंद ने भाजपा सरकार पर किसानों के साथ छलावा और धोखा देने का आरोप लगाते हुए किसानों को राजीव गांधी किसान न्याय योजना की चौथी किश्त का भुगतान जल्द करने की मांग की। स्थानीय विधायक ने क्षेत्र में पड़ोसी राज्य उड़ीसा से धान तस्करी पर भी अपनी प्रतिक्रिया दी और कहा कि धान कोचिए क्षेत्र में सक्रिय है। धान कोचिया मंडी, खरीदी केंद्र प्रभारियों और बैरियर के कर्मचारियों से मिलीभगत कर बड़े पैमाने पर अवैध धान खपाया जा रहा है। उन्होंने जिला प्रशासन पर अवैध धान तस्करों को सह देने का बड़ा आरोप भी लगाया। धान खरीदी केंद्र चलो अभियान में विधायक के साथ आदिवासी कांग्रेस के जिलाध्यक्ष मोहन लाल भोई, जनपद सदस्य सरिता प्रधान, पार्षद सुरेश भोई, कांग्रेस नेता निर्मल प्रधान, संजय प्रधान, हीरालाल प्रधान, अरमान हुसैन, दिलीप साहू समेत कांग्रेस कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# विष्णु राज में महिलाएं बेहद खुश : रंजना साहू

### महतारी वंदन की 10वी किस्त जारी होने पर भाजपा ने किया स्वागत

पायनियर संवाददाता < धमतरी
www.dailypioneer.com



भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश प्रवक्ता रंजना साहू ने महतारी वंदन योजना की 10वीं किश्त की राशि प्रदेश की 70 लाख महिलाओं के खाते में सीधे अंतरित होने के बाद कहा है कि यह कांग्रेस के उस झूठ का करारा जवाब है, जो वह इस योजना को लेकर शुरू से फैलाने में लगी हुई थी। साहू ने कहा कि कांग्रेस हर मुद्दे पर झूठ बोलकर हर बार मुँह की खा रही है। फिर भी झूठ बोलने, षड्यंत्र रचने और अराजकता फैलाने के मंसूबे पालने से बाज नहीं आ रही है। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता साहू ने कहा कि दरअसल कांग्रेस वादाखिलाफी में माहिर है। इसलिए उसे हर जगह पीलिया के मरीज की तरह सब कुछ पीला.पीला नजर आता है। लेकिन प्रदेश की जनता.जनार्दन का यह दृढ़ विश्वास है कि भाजपा जो कहती है, वह करती है। प्रदेश की 70 लाख माताओं.बहनों को महतारी वंदन योजना की एक हजार रुपए की राशि की 10वीं किश्त मंगलवार को अंतरित की गई है। माताओं-बहनों का आशीर्वाद ही मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाली प्रदेश सरकार और भाजपा को काम करने की शक्ति प्रदान कर रहा है। महतारी वंदन योजना के कारण माताओं.बहनों की आँखों में दिख रही स्वाभिमान की चमक भाजपा और प्रदेश सरकार का सबसे बड़ा संतोष है। साहू ने कहा कि कांग्रेस की भूपेश सरकार ने अपने कार्यकाल में महिला-शक्ति को कदम.कदम पर न केवल छलने का काम किया, अपितु उनकी सुरक्षा, सम्मान और आर्थिक सशक्तीकरण को दाँव पर लगा दिया था।

# प्लेसमेंट कर्मचारियों के हड़ताल को समर्थन देने पहुंची विधायक चातुरी नंद

पायनियर संवाददाता < सरायपाली
www.dailypioneer.com



स्थानीय विधायक चातुरी नंद ने नगर पालिका परिषद में कार्यरत प्लेसमेंट कर्मचारियों के आंदोलन को समर्थन देने धरना स्थल पहुंची और उनकी मांगों का समर्थन करते हुए शासन प्रशासन को संज्ञान लेते हुए उनके जल्द निराकरण की मांग की। प्लेसमेंट कर्मचारियों के धरना को संबोधित करते हुए विधायक चातुरी नंद ने कहा कि भाजपा सरकार जब से आई है तब से कर्मचारियों के अधिकारों पर डाका डालने का काम कर रही है। नगर पालिका परिषद के प्लेसमेंट कर्मचारियों को सीधे भुगतान ना कर एजेंसी के माध्यम से वेतन भुगतान किया जा रहा है जो कि अनुचित है। नगर पालिका द्वारा प्लेसमेंट कर्मचारियों से काम तो पूरा लिया जा रहा है लेकिन वेतन भत्ता और किसी प्रकार की अन्य सुविधा नहीं दी जा रही है। उन्होंने कहा कि मैं कर्मचारियों की मांगों का समर्थन करती हूं और प्रदेश के मुख्यमंत्री, नगरीय निकाय मंत्री और उच्चाधिकारियों से उनके मांगो को जल्द निराकरण करने की मांग करती हूं। विधायक नंद ने प्रदेश की भाजपा सरकार को कर्मचारी विरोधी बताया। उन्होंने कहा कि यह सरकार कर्मचारियों के हक अधिकार पर डाका डाल रही है, जिससे सभी विभाग के कर्मचारी सरकार से नाराज है। इस सरकार में सबसे ज्यादा प्रताड़ित दैनिक वेतन भोगी, अनियमित और संविदा कर्मचारी है। साय सरकार के पास बॉलीवुड के बड़े कलाकारों को करोड़ों रुपए भुगतान करने के लिए पैसा तो है लेकिन दिन रात आम जनता की सेवा करने वाले कर्मचारियों के लिए पैसे की कमी है। धरना स्थल में विधायक चातुरी नंद के साथ शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष आरएन आदित्य, पार्षद सुरेश भोई, कांग्रेस नेता परमानंद नायक, सुरेश पटेल, दुष्यंत साहू कांग्रेस कार्यकर्ता और प्लेसमेंट कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# जनता के पैसे का खुलेआम किया गया दुरुपयोग : विजय मोटवानी

### महापौर निधि से खरीदे गए लाखों रुपए की सामग्री कबाड़ में पार्षद ने सवाल उठाते हुए कहा प्रदेश सरकार का करायेंगे ध्यानाकृष्ट

पायनियर संवाददाता < धमतरी
www.dailypioneer.com



महापौर विजय देवांगन द्वारा महापौर एवं पार्षद निधि जारी न किए जाने की बात कहे जाने पर नगर निगम के पार्षद विजय मोटवानी ने कहा है कि कलेक्टर द्वारा प्रति सप्ताह होने वाले टीएल की मीटिंग में विभागों के अधिकारी कर्मचारियों को अनावश्यक कबाड़ की समाग्रियों को नियमतः शासन द्वारा निर्धारित किए गए मापदंड के अनुरूप डिस्पोज किए जाने का निर्देश दिया है जिसके तहत नगर निगम धमतरी ने भी निगम के विभिन्न स्थानों पर यत्र.तत्र पड़े हुए कबाड़ के सामानों को इकट्ठा कर फिल्टर प्लांट में रखा गया है जहां पर सबसे अधिक कबाड़ 6 महीना पूर्व ही महापौर निधि से खरीदे गए गार्डन कुर्सी सहित विभिन्न वस्तुएं गुणवत्ता विहीन होने के कारण या तो खराब होकर टूट गए या उपयोगिता विहीन हो गये है, जिसमें जिम सामग्री अनेक जगहों पर खुले में पड़े हुए हैं। शहर के सार्वजनिक स्थानों पर रखे हुए यह सामग्री अपनी दास्तान खुद बयां कर रही है जो लाखों रुपए में जनता के पैसों की लागत से लिए गए थे। जिस पर प्रश्न चिन्ह उठाते हुए नगर निगम के तेज तर्रार पार्षद तथा युवा मोर्चा के पूर्व जिलाध्यक्ष विजय मोटवानी ने कहा है कि नगर निगम के जिम्मेदार जनप्रतिनिधि के द्वारा जनता के पैसे का दुरुपयोग करते हुए जिस तरीके से पहले बाजार मूल्य से अधिक दाम पर इन वस्तुओं को खरीद कर अपना स्वार्थ साधा गया उसके बाद इन सामग्रियों की गुणवत्ता ठीक ना होने के कारण वह उपयोग के लायक रही भी नहीं। इसीलिए तत्कालीन समय में अनेक बार उन्होंने जिले के कलेक्टर, नगर निगम के आयुक्त सहित अन्य जिम्मेदार मंचों पर उक्त विषय को गंभीरता पूर्वक उठाकर शासन प्रशासन का ध्यानाकृष्ट कराते रहे। लेकिन कांग्रेस शासन काल में इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया गया। अब समय आ गया है कि जनता की अदालत में ऐसे जनप्रतिनिधियों के साथ अब न्याय होगा।

# सेना भर्ती रैली 12 दिसम्बर 2024 तक रायगढ़ में

पायनियर संवाददाता < धमतरी
www.dailypioneer.com

सेना भर्ती कार्यालय, रायपुर द्वारा 12 दिसंबर 2024 तक रायगढ़ स्टेडियम, रायगढ़ छत्तीसगढ़ में छत्तीसगढ़ के सभी 33 जिलों के पुरुष अग्निवीर उम्मीदवारों के लिए सभी श्रेणियों की भर्ती का आयोजन किया जा रहा है। रैली के लिए उम्मीदवारों द्वारा पंजीकरण फरवरी-मार्च में ऑनलाइन किया गया था और अप्रैल.मई 2024 में ऑनलाइन सीईई का आयोजन किया गया था। ऑनलाइन सीईई का रिजल्ट मई-जून 2024 में घोषित किया गया था और शॉर्ट लिस्ट किए गए उम्मीदवारों को ई.मेल के माध्यम से सूचित किया गया था। उम्मीदवारों को रैली एडमिट कार्ड में दी गई तारीख और समय पर रायगढ़ स्टेडियम, रायगढ़ छत्तीसगढ़ के गेट पर रिपोर्ट करना है। उम्मीदवारों को अपने साथ रैली एडमिट कार्ड, 8वीं, 10वीं, 12वीं व स्नातक की मार्कशीट, स्थानीय निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, शपथ पत्र, एनसीसी, खेल, आईटीआई, ड्राइविंग लाइसेंस, रिलेशनशिप सर्टिफिकेट और जे आई ए और आधार कार्ड से जुड़ा हुआ मोबाइल नंबर लेकर आना है। सबसे ज्यादा उम्मीदवार जो ऑनलाइन परीक्षा पास करके सेना भर्ती रैली में भाग लेंगे वह जिला बालोद और जांजगीर चांपा जिले के है। जिला प्रशासन की ओर से उम्मीदवारों के लिए रुकने व रायगढ़ रेलवे स्टेशन तथा रायगढ़ बस स्टैंड से लाने और ले जाने के लिए बस की निःशुल्क व्यवस्था की गई है। भर्ती कार्यालय द्वारा सभी उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि जालसाजों से सावधान रहें। भारतीय सेना में चयन निष्पक्ष, पारदर्शी और केवल योग्यता के आधार पर होता है।

# अवैध रूप से शराब बिक्री के आरोपी गिरफ्तार

**धमतरी ।** नगरी पुलिस को मुखबिर से सुचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति द्वारा मोटर सायकिल में अवैध रुप से शराब रखकर ब्रिकी करने चुरियारडीह, शराब भट्ठी रोड नगरी तरफ जा रहा है। सूचना पर थाना प्रभारी नगरी द्वारा तत्काल थाने स्टॉफ को रवाना कर चुरियारडीह, शराब भट्ठी रोड नगरी में मोटर सायकिल रोककर संदेही से नाम पूछने पर अपना नाम दयाल टहलवानी पिता डुलाराम टहलवानी उम्र 50 वर्ष बताया जिसके मोटर साइकिल क्र सीजी 17 केसी 1210 को चेक करने पर 24 नग देशी प्लेन शराब, 03 नग आइकोन गोवा, 01 नग मैक्डावल शराब कीमत 2760 रूपये, बिक्री रकम 1100 रूपये, प्रयुक्त मो सा कीमत 10,000 रूपये कुल 13860 रूपये को गवाहों के समक्ष जप्त कर आरोपी के विरुद्ध थाना नगरी में अप. क्र .97/24 धारा 34-2 आबकारी एक्ट के तहत वैधानिक कार्यवाही किया गया है। उक्त कार्यवाही में थाना नगरी से सउनि श्रीराम पटेल, तानसिंह साहू, प्रधान आरक्षक हरीश साहू, आर जीवन ध्रुव, भागवत खांडेकर, ओम प्रकाश निषाद, महिला आरक्षक प्राची गुप्ता एवं थाना स्टॉफ का विशेष योगदान रहा।



# टी.बी. मुक्त भारत अभियान 7 दिसम्बर से

### कलेक्टर ने समन्वय समिति की बैठक में दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

पायनियर संवाददाता < धमतरी
www.dailypioneer.com

भारत सरकार द्वारा संचालित राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन के तहत 2025 तक टीबी उन्मूलन का लक्ष्य रखा गया है। इसके तहत कलेक्टर नम्रता गांधी की अध्यक्षता में अंतर्विभागीय बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ यू एल कौशिक ने बताया कि जनभागीदारी से टीबी मुक्त भारत अभियान आगामी 7 दिसम्बर से 24 मार्च तक टीबी मुक्त भारत के लिए जनभागीदारी थीम को लेकर चलाया जाएगा। उन्होंने बताया कि 7 दिसम्बर को कार्यक्रम का शुभारंभ, 8 दिसम्बर को समुदाय के लोगों को निक्षय मित्र बनाने प्रेरित किया जाएगा तथा 23 से 31 दिसम्बर के बीच जनप्रतिनिधि सहित लोगों के माध्यम से कार्यक्रमों में क्षय उन्मूलन, कुष्ठ, मलेरिया के विषय में जागरूकता लाई जाएगी। टीबी मुक्त भारत के इस अभियान में जिले के सभी शासकीय विभाग, स्वास्थ्य विभाग, पंचायत प्रतिनिधि, स्वयंसेवी संगठन इत्यादि भी अपनी सहभागिता निभाएंगे। कलेक्टर गांधी ने टीबी मुक्त भारत अभियान में जनभागीदारी के लिए कार्य करने वाले स्वास्थ्य कर्मी, पंचायत प्रतिनिधि, जनप्रतिनिधि, मितानिन, स्वयंसेवी संगठनों को अपना योगदान देने और टीबी मुक्त बनाने के प्रयास में लगे रहने की अपील की है।

# कांग्रेस सरकार की निष्क्रियता एवं आकर्मण्यता को छिपाने का कोरा व नाकाम प्रयास है माहापौर कान्फ्रेंस : प्राची सोनी

पायनियर संवाददाता < धमतरी
www.dailypioneer.com



नगर निगम के महापौर विजय देवांगन द्वारा दिए गए वक्तव्य पर भाजपा महिला पार्षदों द्वारा पलटवार करते हुए कहा गया है कि निगम के पिछले 4 वर्ष के कार्यकाल में महापौर उनकी टीम ने सिर्फ दिखावा किया है। नगर विकास, निगम हित तथा जनहित के संबंध में एक भी कोई कार्य उन्होंने यदि किए हैं तो जनता के सामने रखें। भूपेश सरकार की गोबर खरीदी के पैसे के लिए आज भी गोबर बेचने वाले घूम रहे हैं। गोकुलधाम के नाम पर धमतरी शहर के 40 वार्डों की जनता को छला गया है। गोल बाजार की दुर्दशा दिनोंदिन बिगड़ती गई है। शहर की नालियां बजबजा रही है। गंदगी का आलम यह है कि महापौर पूरे 5 वर्ष में एक दिन भी सड़क पर नजर नहीं आए। उनको तो वर्तमान आयुक्त नारी शक्ति की मिसाल जो स्वयं सुबह के अंधेरे में निकलने वाली प्रिया गोयल से प्रेरणा लेना चाहिए। महापौर के वक्तव्य पर चुटकी लेते हुवे पार्षद प्राची सोनी ने कहा है कि वे जरा शहर एवं जनता के विकास के संबंध में प्रेस कॉन्फ्रेंस लेकर अपनी 4 साल की उपलब्धियों को बताते तो समझ आ जाता। उनके पास बताने के लिए ही अब कुछ भी नहीं है। वह चर्चा के माध्यम से प्रदेश में पिछले कांग्रेस सरकार के आक्रमण नेता एवं निष्क्रियता को छिपाकर चुनावी रोटी सेकने का मिथ्या प्रयास कर रहे हैं। जनता सब देख रही है आने वाले चुनाव में दूध का दूध पानी का पानी हो जाएगा।

# अल्ट्राटेक रावन सी.एस.आर द्वारा 25 परिवारो को स्वरोजगार हेतु हाथ ठेला प्रदत्त

पायनियर संवाददाता < बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com




अल्ट्राटेक रावन सी.एस.आर द्वारा 25 जरूरतमन्द परिवारो को आर्थिक आत्मनिर्भरता बढ़ाने हेतु यूनिट हेड राजेश शंकर के नेतृत्व में हाथ ठेला प्रदत्त किया गया । सी.एस.आर. सेन्टर में आयोजित हाथ ठेला वितरण समारोह में निकटवर्ती 15 गाँवों के चयनित परिवार संबन्धित ग्राम पंचायत पदाधिकारी तथा अल्ट्राटेक प्रबंधन से एच.आर प्रमुख करण मिस्त्री उपस्थित थे, उन्होंने समस्त कार्यक्रम प्रतिभागियों एवं हाथ ठेला हितग्राही परिवारो को भविष्य में सदैव अग्रसर होने की शुभकामना प्रदान करते हुये कहाँ कि प्रदत्त हाथ ठेला आर्थिक आत्मनिर्भरता बढ़ाने हेतु सहयोगी साबित होगा । हाथ ठेला लाभान्वित परिवारो ने अल्ट्राटेक प्रबंधन को निःशुल्क हाथ ठेला प्रदान करने तथा मनोबल बढ़ाने हेतु धन्यवाद समर्पित किया। 25 हाथ ठेला प्राप्त करने वाले परिवार ग्राम रावन, झीपन, पेण्ड्री, तिल्दाबांधा, फुलवारी, अवरासी, छीराही, चुचरूंगपुर, सरसेनी, गुमा, पडकीडीह एवं खपराडीह के थे । हाथ ठेला मिलने से लाभान्वित परिवारो को अतिरिक्त श्रम से निजात मिलेगी तथा इस संसाधन का पर्यावरण के अनुकूल होने से इसके संचालन में पेट्रोल तथा मेन्टेनेन्स इत्यादि का भी खर्च नही होगा तथा परिवार गरिमा से अपना व्यवसाय कर पायेगा। हाथ ठेला से इनकी आमदनी वर्तमान समय से दोगुनी हो जायेगी अधिकतर लाभान्वित परिवार चाय नाश्ता ,पकौडा ,अण्डारोल ,सब्जी फ्ल आदि का व्यवसाय करेंगे। अब तक सर्मथ हाथ ठेला परियोजना अंर्तगत 91 परिवारो को इस परियोजना से लाभान्वित किया जा चुका है। हाथ ठेला वितरण कार्यक्रम में ग्राम रावन की सरपंच माधुरी वर्मा तथा तिल्दाबांधा सरपंच प्रतिनिधी अनिल कुमार यादव की भागीदारी रही। कार्यक्रम को सफ्ल आयोजन में सी.एस.आर प्रमुख विनोद श्रिवास्तव एवं अधिकारी ज्योस्तना पति व सी.एस.आर टीम से सुरेन्द्र कुमार यादव, द्वारिका वर्मा, अरूणेन्द्र सिह की भागीदारी रही ।

# टेमाराम चंद्राकर का निधन



महासमुंद। दाऊ टेमाराम चंद्राकर (95) वर्षीय का स्वर्गवास हो गया। जिसकी अंत्येष्ठी कार्यक्रम ग्राम कोना में सुबह 1.00 बजे किया गया। वे सेवन लाल, गिरिजाशंकर, विष्णु, एवं चंद्रपाल चंद्राकर के पिता थे तथा पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर एवं प्रमोद चंद्राकर के दादा थे। उनके अंतिम यात्रा में पूर्व राज्यमंत्री पूनम चन्द्राकर पूर्व विधायक डॉ विनय जायसवाल शामिल हुए।

# सुकन्या समृद्धि योजना-बेटियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए समर्पित प्रयास, योजना अंतर्गत विशेष अभियान चलाकर 10340 बालिकाओं का खाता खुलवाया गया

पायनियर संवाददाता ∢ दुर्ग
www.dailypioneer.com



कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशानुसार सुकन्या समृद्धि योजना अंतर्गत 06 नवंबर से 30 नवंबर 2024 तक बालिकाओं का खाता खोलने हेतु अभियान सफलतापूर्वक चलाया गया। इस अभियान का उद्देश्य नगरीय और ग्रामीण क्षेत्रों दोनों में बेटियों की शिक्षा और भविष्य को आर्थिक रूप से सुरक्षित करना है। महिला एवं बाल विकास विभाग से मिली जानकारी के अनुसार जिले में माह नवम्बर 2024 में सुकन्या समृद्धि योजना अंतर्गत महतारी वंदन योजना से लाभांवित हो रही महिलाओं के सहयोग से 10340 बालिकाओं का खाता खुलवाया गया। अब तक वित्तीय वर्ष 2024-25 में 14887 बालिकाओं का सुकन्या समृद्धि योजना अंतर्गत खाता खुलवाया जा चुका है। जिले के पाटन विकासखण्ड के ग्राम पंचायत सांतरा एवं अचानकपुर में लगभग सभी बालिकाओं का सुकन्या समृद्धि योजना के तहत खाता खुलवाया जा चुका है। इस अभियान में महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी अजय शर्मा, जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी सु शैल ठाकुर तथा समस्त परियोजना अधिकारियों, पर्यवेक्षकों एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने सक्रिय भूमिका निभाई। उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों को जिला प्रशासन के द्वारा सम्मानित किया गया है। योजना के क्रियान्वयन के तहत, जिले के 59 सेक्टरों में डाकघरों की मदद से 118 विशेष शिविरों का आयोजन किया गया। जिसमें अभिभावकों को योजनाओं की जानकारी दी गई और बेटियों के लिए खाता खोलने की प्रक्रिया को सरल बनाया गया। विशेष रूप से ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में जागरूकता बढ़ाने के लिए आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा घर-घर जाकर जानकारी दी गई और लोगों को प्रोत्साहित किया गया। जिला प्रशासन ने अपील की है कि अधिक से अधिक अभिभावक इस योजना का लाभ उठाएं और अपनी बेटियों के भविष्य को सशक्त बनाएं। सुकन्या समृद्धि योजना- बालिकाओं के भविष्य को ध्यान में रखते हुए उनकी शिक्षा व विवाह हेतु बचत को प्रोत्साहित करने के लिए यह योजना संचालित है। इस योजना के अंतर्गत खाता बालिका के नाम पर 10 वर्ष की आयु प्राप्त करने तक खोला जा सकता है एवं एक बालिका के नाम पर एक ही खाता डाकघरों और अधिकृत बैंकों में खोला जा सकता है। प्रत्येक वित्तीय वर्ष में न्यूनतम जमा राशि 250 रूपये एवं अधिकतम जमा राशि 1.50 लाख रूपये है। इसमें ब्याज दर सामान्य ब्याज दरों की तुलना में अधिक होती है। योजना से संबंधित अधिक जानकारी और सहायता के लिए नजदीकी डाकघर या आंगनबाड़ी केंद्र/ एकीकृत बाल विकास परियोजना कार्यालय/महिला एवं बाल विकास विभाग दुर्ग से संपर्क कर सकते है।

# सहकारी बैंक दुर्ग की ऋण समिति की बैठक में 2.07 करोड़ ऋण स्वीकृत

पायनियर संवाददाता ∢ दुर्ग
www.dailypioneer.com



प्राधिकृत अधिकारी जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित दुर्ग कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी की अध्यक्षता में ऋण उप समिति की बैठक बैंक कार्यालय में सम्पन्न हुई। बैठक में संचालक सदस्य अवधेश मिश्रा उप पंजीयक सहकारी संस्थाएँ दुर्ग, उप संचालक कृषि दुर्ग से प्रतिनिधि विकास साहू एवं कांत चन्द्राकर मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं अतिरिक्त मुख्य पर्यवेक्षक कुसुम ठाकुर उपस्थित थे। बैठक में बैंक के कार्यक्षेत्र जिला दुर्ग, बालोद, बेमेतरा के अंतर्गत 311 सहकारी समिति से संबंधित कृषकों का फसल ऋण के साथ-साथ उद्यानिकी प्रकरणों में 11 कृषकों को 25 लाख रुपए ऋण स्वीकृत, गौपालन के 23 नवीन ऋण प्रकरणों में 45.40 लाख ऋण की स्वीकृति एवं नवीनीकरण के अंतर्गत 45 प्रकरणों में 87.42 लाख ऋण की स्वीकृति दी गई। मत्स्य पालक कृषकों के 2 प्रकरणों में 3.81 लाख की ऋण स्वीकृति एवं नवीनीकरण के अंतर्गत 2 प्रकरणों में 4 लाख की स्वीकृति दी गई। किसान क्रेडिट कार्ड ऋण योजनांतर्गत बकरी पालन के लिए 1 नवीन प्रकरणों में 1.15 लाख की स्वीकृति दी गई। कुक्कुट पालन हेतु 01 नवीन प्रकरण में 03 लाख की स्वीकृति दी गई। मध्यकालीन नार्मल ऋण योजनांतर्गत तारफेंसिंग एवं स्प्रींकलर सेट हेतु 03 प्रकरण में 3.85 लाख की स्वीकृति प्रदान की गई। अकृषि ऋण के तहत मध्यकालीन व्यक्तिगत ऋण हेतु 05 प्रकरणों में 25 लाख की स्वीकृति प्रदान की गई। इसी प्रकार स्वयं सहायता समूहों को 08 प्रकरणों में 9 लाख की ऋण स्वीकृत किया गया। इस प्रकार ऋण उप समिति की बैठक में कुल 101 प्रकरणों में 207 करोड़ की ऋण राशि की स्वीकृति दी गई है। प्राधिकृत अधिकारी कलेक्टर चौधरी द्वारा बैंक के माध्यम से ऋण नीति अनुसार उप संचालक कृषि/ उद्यानिकी/पशुपालन/मत्स्य विभाग को विभिन्न योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिये ताकि बैंक के माध्यम से शासकीय योजनाओं में अधिकाधिक कृषक लाभान्वित हो सके। अब तक सामान्य केसीसी ऋण को छोड़कर 1949 प्रकरण में कुल 37 करोड़ 16 लाख के ऋण स्वीकृत किये जा चुके है।

# पशु चिकित्सा दल द्वारा काजी हाउस में पशुधन का इलाज जारी

पायनियर संवाददाता ∢ भिलाई
www.dailypioneer.com



नगर निगम भिलाई क्षेत्र में दो काजी हाउस संचालित हो रहे हैं। एक डी मार्ट के पास, दूसरा कोसा नाला में दोनों में सैकड़ो आवारा पशुधन रखे गए हैं। डी मार्ट में बछड़े, सांड इत्यादि पकड़ के रखा गया है एवं कोसानाला में गाय भैंसों को रखा गया है। पशुओं के चारे, पानी, इलाज की व्यवस्था निगम प्रशासन द्वारा किया जा रहा है। बहुत से दुर्घटना से ग्रसित जानवर आपस में लड़कर घायल, बीमारी अवस्था में है, उन्हे लाकर भारती कर दिया जाता है। घायल व बीमार पशुओं को इलाज के लिए आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय द्वारा उपसंचालक पशु चिकित्सा विभाग को पत्र लिखकर चिकित्सा दल उपलब्ध कराने की मांग की थी। उसी अंतर्गत संचालक पशु चिकित्सा विभाग द्वारा तीन सदस्य डॉक्टरों की टीम गठित की गई है। जो दोनों काजी हाउस में जानवरों का इलाज कर रहे हैं। बीमारी से यदि जानवरों की मृत्यु होगी तो उसका भी पोस्टमार्टम किया जाएगा। जिससे यह ज्ञात हो सके जानवरों की मृत्यु किस कारण से हुई है। पशुओं के चारे के लिए ग्रामीण क्षेत्र से पर्याप्त मात्रा में पैरा, कुट्टी मंगाया गया है। पीने के पानी की व्यवस्था के लिए बोर चालू किया गया है। हरे चारे की व्यवस्था की गई है। जिससे पशुओं को किसी प्रकार का तकलीफ ना हो। चिकित्सा दल को प्रत्येक दिन आकर के शहरी काजी हाउस में जानवरों का इलाज करने का निर्देश मिला हुआ है। वे अपने दायित्वों का संपादित कर रहे हैं, इलाज के दौरान बताया गया कि बहुत से लोग खाने की सामग्री के साथ झिल्ली फेंक देते हैं। जानवर उसे खा लेते हैं इससे उनका पेट फूल जाता है। बीमार हो जाते हैं, नाक से पानी गिरने लगता है उनका इलाज मुश्किल हो जाता है। नगर निगम भिलाई द्वारा नागरिकों से अपील की जाती है कि खाने की सामग्री को झिल्ली पन्नी में रखकर मत फेके, जानवरों पर दया करें।

# उपस्थिति पंजी में हस्ताक्षर किए बिना सीधे कक्षा में जाने वाले शिक्षकों को समझाइश

## आयुक्त ने निगम क्षेत्र के स्कूल का किया निरीक्षण

पायनियर संवाददाता ∢ रिसाली
www.dailypioneer.com



समय पर स्कूल आने का दावा कर सीधे क्लास में जाने वाले शिक्षकों को समझाइश दी गई। नगर पालिक निगम रिसाली की आयुक्त मोनिका वर्मा ने निगम क्षेत्र के रूआबांधा व रिसाली स्थित शासकीय स्कूल का निरीक्षण की। शिक्षकों द्वारा तैयार डेली डायरी और मध्यान्ह भोजन व्यवस्था को देख आयुक्त ने सुझाव भी दिए। निगम आयुक्त मोनिका वर्मा सबसे पहले पूर्व माध्यमिक विद्यालय रूआबांधा पहुंची। उन्होंने प्रधानपाठक को सीधे उपस्थिति पंजी अवलोकन कराने निर्देश दिए। जांच में खुलासा हुआ कि दो महिला शिक्षक ज्योति शुक्ला और संतोष पवार समय में विद्यालय तो पहुंच गए है किन्तु परीक्षा की वजह से सीधे कक्षा में चले गए। वही सिल्पी सिंह के डेली डायरी अपूर्ण होने पर आयुक्त ने समय पर कार्य करने की समझाईश दी। खाने की जगह सुरक्षित हो-निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने मध्यान्ह भोजन व्यवस्था को देखा। भोजन करने के दौरान बच्चों की आवाजाही से धूल उड़ने पर आयुक्त ने बच्चों को सुरक्षित जगह पर भोजन कराने की सुझाव दी। रिसाली स्कूल में दो शिक्षक-निगम आयुक्त रूआबांधा स्कूल के बाद रिसाली प्राथमिक शाला का निरीक्षण की।

इस दौरान यहा पर प्रधान पाठक के अलावा केवल दो महिला शिक्षक थी। डेली डायरी कम्प्लीट नहीं होने पर निगम आयुक्त ने समय पर कार्य करने के निर्देश दिए।

# कलेक्टर ने धान खरीदी केन्द्र कोड़िया एवं बोरीगारका का किया निरीक्षण

पायनियर संवाददाता ∢ दुर्ग
www.dailypioneer.com



कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने कोड़िया एवं बोरीगारका के धान खरीदी केन्द्र का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कोड़िया में स्थित सेवा सहकारी समिति के प्रबंधक एवं किसानों से चर्चा की। समिति प्रबंधक ने बताया कि धान उठाव का कार्य प्रारंभ होना है। नियमित रूप से धान खरीदी जारी है। किसानों को समय सीमा के भीतर भुगतान किया जा रहा है। पर्याप्त मात्रा में बारदाने भी उपलब्ध है। कलेक्टर चौधरी ने समिति प्रबंधक से कहा कि छोटे किसानों को धान बिक्री प्रक्रिया में किसी प्रकार की परेशानी न हो इस बात का विशेष ध्यान रखा जाये। उन्होंने समिति प्रबंधक एवं नोडल अधिकारी को प्रति सप्ताह स्टॉक सत्यापन कराए जाने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने पीडीएस प्रक्रिया से संबंधित समस्या का भी शीघ्रता से निराकरण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर चौधरी ने उपस्थित कृषकों की समस्या सुनी और उन्हें आश्वासित किया कि टोकन की समस्या का निराकरण शासन स्तर पर किया जाने का प्रावधान है।

टोकन कटने में आने वाली ऑनलाईन समस्या के निराकरण हेतु शासन से चर्चा की जाएगी। उन्होंने धान उपार्जन केंद्रों में धान खरीदी प्रक्रिया के दौरान आवश्यक उपकरणों और सामग्रियों का सही संचालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान प्रभारी खाद्य नियंत्रक टी.एस. अत्री, डी.एम.ओ. भौमिक बघेल व अन्य अधिकारी/ कर्मचारी उपस्थित थे।

# पूर्व नपा उपाध्यक्ष एक पीड़ित परिवार के प्रति सहानुभूति क्या दिखाई, फूल छाप कांग्रेसी नेता दिला रहा अपने डॉगी से प्रतिक्रिया

पायनियर संवाददाता ∢ रामानुजगंज
www.dailypioneer.com


रामानुजगंज में तेज रफ्तार स्कार्पियो ने ली मजदूर की जान

पीड़ित परिवार को पूर्व नगर पंचायत उपाध्यक्ष ने दी 20 हजार रुपए कि सहायता राशि

पायनियर संवाददाता ∢ रामानुजगंज
www.dailypioneer.com

नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 3 में बीते रविवार के शाम को रोजी मजदूरी करने वाला 38 वर्षीय बिहारी लाल अहिरवार अपने घर के आगे बैठा हुआ था की तेज स्कार्पियो वाहन क्रमांक जे.एच.01 एफ.क्यू. 6238 के चालक ने तेज रफ्तार से टक्कर मार दी जिसकी वजह से उसका मौके पर ही मौत हो गया। मृतक मध्य प्रदेश के देवास छतरपुर का रहने वाला था और रामानुजगंज में रहकर राज मिस्त्री का काम किया करता था उससे अपनी पत्नी एवं दो बेटियां और एक बेटे का भरण पोषण किया करता था मृतक के परिवार का रो-रो कर बुरा हाल हो गया है। पीड़ित परिवार को सांत्वना दिलाते हुए एवं उसके अपने घर देवास छतरपुर भेजने के लिए रामानुजगंज नगर पंचायत के पूर्व उपाध्यक्ष शैलेष कुमार गुप्ता ने 20 हजार रूपए का सहायता राशि देकर पीड़ित परिवार को गंतव्य तक पहुंचाने की व्यवस्था की। मानवता का परिचय देने के बाद इसके लिए लोग उनकी प्रशंसा करने में लगे हुए हैं शैलेष कुमार गुप्ता ने कहा कि मानव सेवा से बढ़कर और कोई सेवा नहीं हो सकती।

नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 3 में बीते रविवार के शाम को रोजी मजदूरी करने वाला 38 वर्षीय बिहारी लाल अहिरवार अपने घर के आगे बैठा हुआ था की तेज स्कार्पियो वाहन क्रमांक जे.एच.01 एफक्यू.6238 के चालक ने तेज रफ्तार से टक्कर मार दी जिसकी वजह से उसका मौके पर ही मौत हो गया। मृतक बिहारी लाल अहिरवार मध्य प्रदेश के देवास छतरपुर का रहने वाला था और रामानुजगंज में रहकर राज मिस्त्री का काम किया करता था उससे अपनी पत्नी एवं दो बेटियां और एक बेटे का भरण पोषण किया करता था मृतक के परिवार का रो-रो कर बुरा हाल हो रहा था कि वार्ड नंबर 3 के निवासियों के द्वारा जो आए दिन लोगों की मदद किया करते हैं उन लोगों ने मदद की उम्मीद लेकर पूर्व नगर पंचायत उपाध्यक्ष शैलेष कुमार गुप्ता के यहां पहुंचे उन्होंने मदद मांगने वालों को मदद करने की उम्मीद दिलाए इसके बाद अपने स्तर से एवं अपने लोगों के सहयोग से जितना बन पड़ा उतना करने में अपनी महती भूमिका निभाते हुए पुलिस थाना रामानुजगंज एसडीएम कार्यालय रामानुजगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामानुजगंज जिला हॉस्पिटल बलरामपुर सहित कई लोगों से बातचीत कर पीड़ित परिवार को मदद करने की भरपूर प्रयास की गई वार्ड वासी एवं नगर के कई संभ्रांत नागरिकों के द्वारा उनसे जुड़े हुए लोगों ने प्रशंसा भी की। लेकिन नगर पंचायत क्षेत्र का एक फूल छाप कांग्रेसी नेता को इतना ना गवार गुजरा कि अपने डॉगी से लोकल व्हाट्सएप ग्रुप में प्रकाशित खबर पर प्रतिक्रिया दिलवा रहा है जो पूरे नगर में चर्चा का विषय बना हुआ है नगर के संभ्रांत नागरिकों ने कहां की जो व्यक्ति गाय मार कर सदा बछिया दान करता हो ऐसे व्यक्ति की छोटी सोच का यही परिणाम होता है? लोगों ने यह भी कहा कि इतना ही था तो पीड़ित परिवार को मदद करनी चाहिए थी और यदि कोई मदद कर ही दिया इस पर अपने डॉगी से प्रतिक्रिया दिलवाने की जरूरत क्या थी? वार्ड वासियों ने कहा कि बात यहां एक पीड़ित परिवार को सहयोग करने की थी इसके लिए किसी प्रभावशाली व्यक्ति का ही सहारा लिया जाता है नगर में तो बहुत से प्रभावशाली लोग हैं लेकिन हर किसी का एक ही से मदद मिले यह नहीं कहा जा सकता। जिनका जिनसे संबंध होता है लोग उसी से मदद मांगने जाते हैं यदि उसे बात के लिए फूल छाप कांग्रेसी नेता खुद विरोध ना कर अपने डॉगी से विरोध कर रहा है इससे ऐसा प्रतीत होता है कि उसका खुद का जनाधार नगर वासियों के नजर में घटता जा रहा है। यह वाक्य पूरे जिले में प्रत्येक व्यक्ति के जुबान पर चर्चा का विषय बना हुआ है हालांकि इस बात में उतना दम नहीं है जितना लोग इसे तबजूम दे रहे हैं चुकीं बात फूल छाप कांग्रेसी नेता से जुड़ा हुआ है इसको लेकर लोग इतना तबजूम दे रहे हैं।

# कृषक उन्नति योजनाः महिला किसान कीर्ति तापस ने खेती में किया नवाचार, किसानों के लिए नई दिशा

पायनियर संवाददाता ∢ दुर्ग
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा शुरू की गई कृषक उन्नति योजना ने राज्य के किसानों के जीवन में नई क्रांति ला दी है। विशेष रूप से महिलाओं के लिए यह योजना एक वरदान साबित हो रही है, जो कृषि क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने की दिशा में बढ़ रही हैं। इस योजना के तहत किसानों को 3100 रुपये प्रति क्विंटल की दर पर धान की खरीदी का लाभ मिल रहा है, जिससे किसानों की आर्थिक स्थिति में सुधार हुआ है। राज्य के चंद्रखुरी गांव की मती कीर्ति तापस इस योजना के तहत सफलता की नई मिसाल पेश कर रही हैं। महिला किसान कीर्ति तापस ने पहले सब्जी और केले की खेती की थी, लेकिन इसमें लागत ज्यादा और मुनाफा कम था। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा 3100 रुपये प्रति क्विंटल धान खरीदने की योजना शुरू करने के बाद उन्होंने धान की खेती शुरू की, जो अब उन्हें ज्यादा लाभ दे रही है। कीर्ति तापस 7 एकड़ में धान की खेती करती हैं और उनका कहना है कि धान की खेती में मेहनत और लागत बहुत कम है, जबकि मुनाफा दोगुना है। इस बार उनकी खेती से उन्हें अच्छा मुनाफा हुआ है, जिसे वह अपनी स्थिति को और सशक्त और व्यवस्थित करने के लिए उपयोग करेंगी। उनका लक्ष्य खेती में नवाचार करके और अधिक उन्नति प्राप्त करना है। कृषक उन्नति योजना के तहत खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में राज्य के 24.72 लाख किसानों से 144.92 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी की गई है। इसके एवज में किसानों को 31,914 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया है। इस योजना के जरिए न केवल धान की खेती को प्रोत्साहन मिला है, बल्कि सब्जी और अन्य फसलों के किसानों को भी धान की ओर आकर्षित किया गया है। कृषक उन्नति योजना ने महिलाओं को कृषि क्षेत्र में एक नई दिशा दी है। कीर्ति तापस जैसे उदाहरण यह सिद्ध करते हैं कि सही मार्गदर्शन और संसाधनों के साथ महिलाएं कृषि क्षेत्र में भी सफलता की ऊंचाइयों तक पहुंच सकती हैं। कृषक उन्नति योजना के जरिए छत्तीसगढ़ राज्य के कृषि क्षेत्र में एक नया मोड़ आया है।

# धान के एक मुश्त राशि और टोकन को लेकर किसानों में है नाराजगी : मोनू साहू

**पाटन।** दुर्ग जिला अंतर्गत सेवा सहकारी समिति धान खरीदी केंद्र बटग में जिला पंचायत सभापति एवं धान खरीदी केंद्र चलो अभियान के प्रभारी मोनू साहू ने प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आदेश अनुसार बटग सोसाइटी में धान खरीदी केंद्र का निरीक्षण किया। जहां निर्धारित नियम अनुसार किसानों से धान तौल कर लेने की बात कही गई।

साथ ही टोकन समस्या को लेकर समिति प्रबंधक से चर्चा की गई। साहू ने विष्णु देव सरकार से मांग करते हुए कहा कि किसानों को उनकी उपज की एक मुफ्त राशि जारी करें अभी किसानों को धान बेचने के बाद सिर्फ समर्थन मूल्य की राशि दी जा रही है जिससे किसान असंतुष्ट नजर आ रहे हैं। वही टोकन को लेकर भी किसानों में नाराजगी देखी जा रही है जिसे शीघ्र दूर करने की मांग शासन प्रशासन से की गई है।


**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बोड़ला, जिला कबीरधाम (छ.ग.)**

// ईश्तहार //

रा.प्र.क..............
अ/2 वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक कन्हैया पिता नंदु, जाति-कुर्मी, निवासी ग्राम-सारंगपुरकला, तहसील-बोड़ला, जिला-कबीरधाम के द्वारा अपने नाम की भूमि स्वामी हक की भूमि ग्राम-सारंगपुरकला, प.ह.नं. 16, रा.नि.मं. पोंड़ी, तहसील-बोड़ला स्थित भूमि ख.नं 798 रकबा 0.206 हे. भूमि को कृषि प्रयोजन से औद्योगिक प्रयोजन (गुड़ उद्योग) हेतु व्यपवर्तित कराये जाने हेतु प्रस्तुत किया गया है।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था को कोई दावा/आपत्ति पेश करना हो तो वे स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर इस न्यायालय में नियत तिथि 12.12.2024 तक दावा-आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत तिथि पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 27.11.2024 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी किया गया।

जारी दिनांक -27.11.2024
पेशी दिनांक - 12.12.2024

मुहर
अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) बोड़ला

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सरायपाली, जिला महासमुन्द**

// ईश्तहार //

क्रमांक 996 /क/ भू. व्यप / अविअ/24
सरायपाली दिनांक 02/12/2024

आवेदिका सुरूचि पति पुरुषोत्तम निवासी सरायपाली तहसील सरायपाली जिला महासमुंद के द्वारा ग्राम बैतारी में स्थित भूमि खसरा नंबर 132/1 रकबा 0.21 हे. भूमि को कृषि मद से भिन्न व्यावसायिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन किये जाने हेतु बी-1, नक्शा एवं खसरा के बैनामा के साथ आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक द्वारा आवेदित उक्त भूमि को व्यावसायिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन किये जाने के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को आपत्ति / दावा प्रस्तुत करना हो तो इस न्यायालय में दिनांक 18-12-24 तक स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 02-12-24 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर
अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सरायपाली

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सरायपाली, जिला महासमुन्द**

// ईश्तहार //

क्रमांक/1008 /क/ भू. व्यप / अविअ/24
सरायपाली दिनांक 02/12/2024

आवेदक शिवचरण पिता बुधसिंग निवासी बानीगिरोला तहसील सरायपाली जिला महासमुंद के द्वारा ग्राम बानीगिरोला में स्थित भूमि खसरा नंबर 2037/1, 2037/2 रकबा क्रमशः 0.1300, 0.1400 हे. भूमि को कृषि मद से भिन्न व्यावसायिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन किये जाने हेतु बी-1, नक्शा एवं खसरा के बैनामा के साथ आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक द्वारा आवेदित उक्त भूमि को व्यावसायिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन किये जाने के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को आपत्ति / दावा प्रस्तुत करना हो तो इस न्यायालय में दिनांक 18-12-24 तक स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 02-12-24 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर
अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सरायपाली

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सरायपाली, जिला महासमुन्द**

// ईश्तहार //

क्रमांक/992/क/ भू. व्यप / अविअ/24
सरायपाली दिनांक 02/12/2024

आवेदकगण आकाश पिता मोहन गुप्ता वगैरह निवासी चिवराकुटा तहसील सरायपाली जिला महासमुंद के द्वारा ग्राम चिवराकुटा में स्थित भूमि खसरा नंबर 38/1 रकबा 1.0200 हे. भूमि को कृषि मद से भिन्न व्यावसायिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन किये जाने हेतु बी-1, नक्शा एवं खसरा के बैनामा के साथ आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक द्वारा आवेदित उक्त भूमि को व्यावसायिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन किये जाने के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को आपत्ति/दावा प्रस्तुत करना हो तो इस न्यायालय में दिनांक 18-12-24. तक स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 02-12-24 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर
अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सरायपाली

**न्यायालय तहसीलदार बागबाहरा जिला-महासमुंद (छ.ग.)**

// ईश्तहार //

क्रमांक/ 1657/तह / पाचक / 2024
बागबाहरा, दिनांक 25/11/2024
रा.मा.क्र................ ब/121, वर्ष 2023-24
ग्राम सोनदादर पहनं.12 तहसील बागबाहरा

एतद् द्वारा सर्व साधारण जनता ग्राम सोनदादर प.ह.नं. 12 रा.नि.मं. तेन्दुकोना तहसील बागबाहरा, जिला महासमुन्द (छ.ग.) को सूचित किया जाता है आवेदक / आवेदिका रामप्रसाद पिता प्रेमलाल जाति गाड़ा निवासी ग्राम सोनदादर किया गया है कि मेरे तहसील बागबाहरा, जिला महासमुन्द द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि मेरे पर दादा ठिबल जाति गाड़ा की मृत्यु दिनांक 05/07/1980 को हो गई है। मृत्यु प्रमाण पत्र नहीं होने के कारण शासकीय कार्य में परेशानी हो रही है, मृत्यु प्रमाण पत्र प्रदाय किया जावे। प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव उक्त संबध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था को उजर दावा या आपत्ति हो, तो पेशी तिथि 5/12/2024 को न्यायालयीन अवधि में लिखित में उजर दावा या आपत्ति स्वत. या अपने अभिभाषक के माध्यम से पेश कर सकते है। नियत समय बाद प्राप्त उजर दावा या आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

आज दिनांक 25.11.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर
तहसीलदार बागबाहरा

**कार्यालय नगर पालिक निगम, बीरगांव जिला-रायपुर (छ.ग.)**
Email Id: birgaonmcp@gmail.com http://www.nagarnigambirgaon.com

क्र. / 4126/न.पा.नि./ लो.नि. शाखा/2024 बीरगांव, दिनांक 29/11/2024

// ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना //

e-Procurement Tender Notice (2nd Call)
(System Tender 162069, Bid Start Date 30.11.2024, Bid Due date. 16.12.2024, Physical Submission Last Date 23.12.2024, Open Date 23.12.2024)

नगर पालिक निगम बीरगांव द्वारा अधोसंरचना मद अन्तर्गत वार्ड क्रं. 16 श्री शंकरा सिनियर सेक. स्कूल के सामने अटल परिसर निर्माण कार्य के लिए System Tender No 162069 अनुसार लोक निर्माण विभाग में [Unified Schedule of Rates (PWD Road / Building 01.01.2015 And Electrical 2020 with all amendments up to date] से प्रचलित एस.ओ.आर. में प्रतिशत दर पर एवं आईटम दर पर (System Tender 162069, Bid Start Date 30.11.2024, Bid Due date. 16.12.2024, Physical Submission Last Date 23.12.2024, Open Date 23.12.2024) तक ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक सक्षम पात्र निविदाकार, निविदा प्रपत्र, अनुमानित लागत राशि, नियम एवं शर्ते, धरोहर राशि, Key Date एवं विस्तृत जानकारी कार्यालयीन अवधि में निकाय कार्यालय से प्राप्त कर सकेंगे। साथ ही यह जानकारी नगर पालिक निगम बीरगांव की वेबसाईट www.nagar-nigambirgaon.com व संचालनालय की वेबसाईट www.uad.cg.gov.in में भी उपलब्ध है। इसे https://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड/प्राप्त कर ईटेण्डरिंग के माध्यम से निविदा भरने की कार्यवाही कर सकते है।

कार्यपालन अभियंता
नगर पालिक निगम वीरगांव
जिला-रायपुर (छ.ग.)

## संपादकीय

# म्यांमार में सैनिक शासन ढीली पड़ती पकड़

**म्यांमार** में सैनिक शासन की पकड़ लगातार ढीली हो रही है जिससे भविष्य में विखंडन का खतरा पैदा हो गया है। सालों तक दमनकारी शासन, मानवाधिकार उल्लंघनों तथा जनता के खिलाफ अत्याचारों के बाद म्यांमार के सैनिक शासक अब रक्षात्मक स्थिति में आ गए हैं। सशस्त्र विद्रोहियों को लगातार सफलतायें मिलने के बाद अब सत्ता पर उनकी पकड़ लगातार ढीली पड़ती जा रही है। साल भर की आक्रामकता के बाद सैनिक शासक-विरोधी बलों ने राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 3 के 480 किलोमीटर क्षेत्र पर कब्जा कर लिया है जो मांडले को चीन से जोड़ता है। यह महत्वपूर्ण मार्ग उत्तरी म्यांमार के दुर्गम क्षेत्र से गुजरता है। इस विजय से सेना को टैक्स संग्रह करना कठिन हो गया है और इससे उसका केन्द्रीय मैदानों में मजबूत गढ़ों पर वर्चस्व घटा है। इससे गृह युद्ध के चौथे वर्ष में प्रवेश के साथ विद्रोहियों का साहस बढ़ा है। म्यांमार वर्तमान समय में विघटन की कगार पर है क्योंकि 2021 में सत्ता पर कब्जा करने वाले सैनिक शासक को लगातार पूरे देश में सशस्त्र विद्रोही समूहों के हमलों का सामना करना पड़ रहा है। पिछले साल नस्ली सशस्त्र संगठनों तथा स्थानीय मिलिशियाओं ने अपने आक्रमण तेज कर प्रमुख क्षेत्रों पर कब्जे कर लिए जिससे म्यांमार के विभाजित नियंत्रण क्षेत्रों में बंटने का खतरा पैदा हो गया है। सैनिक शासक को सबसे बड़ी चुनौती अराकान आर्मी-एए तथा म्यांमार नेशनल डेमोक्रेटिक एलायंस आर्मी-एमएनडीएए व तांग नेशनल लिबरेशन आर्मी-टीएनएलए के गठबंधन से मिली है। मुख्यत: चीन की सीमा से सटे शान राज्य में सक्रिय इन समूहों ने रणनीतिक व समन्वित हमले शुरू कर महत्वपूर्ण क्षेत्र पर सैनिक शासक का नियंत्रण समाप्त कर दिया है।



राखीन व चिन राज्यों में अराकान सेना के हमलों ने महत्वपूर्ण क्षेत्रीय लाभ प्राप्त किए हैं तथा विशाल भूक्षेत्र व महत्वपूर्ण कस्बों को अपने नियंत्रण में लिया है। इस प्रगति से सैनिक शासक स्वयं को इस क्षेत्र में अधिकारी की तरह नहीं पेश कर सकते हैं जो प्राकृतिक संसाधनों पर कब्जे तथा रणनीति के लिए महत्वपूर्ण है। म्यांमार में चीन के बहुत महत्वपूर्ण आर्थिक हित हैं और उसने सैनिक शासक तथा विद्रोही समूहों के बीच अपना प्रभाव डालने के प्रयास किए हैं। विद्रोहियों द्वारा राखीन प्रांत तथा शान राज्य के बड़े हिस्सों पर लगभग पूर्ण नियंत्रण प्राप्त करने के बाद एक एकीकृत संरचना के रूप में पूरे देश पर नियंत्रण करने की सैनिक शासक की क्षमता तेजी से गायब हो रही है। इस विखंडन से वास्तव में म्यांमार विभिन्न समूहों द्वारा नियंत्रित स्वायत्त क्षेत्रों में विभाजित हो सकता है। यह युद्ध आम जनता के लिए आसान नहीं है और उसे इसका खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। खासकर रोहिंग्या-बहुसंख्य क्षेत्र व अन्य क्षेत्रों में पूरे समुदाय विस्थापित हुए हैं क्योंकि लोगों को विभिन्न मोर्चों पर हिंसा का सामना करना पड़ रहा है। मूलभूत सेवायें बहुत बुरी स्थिति में हैं तथा मानवाधिकार संकट लगातार गहरा रहा है। लंबे समय से जारी युद्ध के कारण म्यांमार की अर्थव्यवस्था बरबाद हो गई है, विदेशी निवेश नहीं आ रहा है तथा प्रमुख क्षेत्र ध्वस्त हो रहे हैं। चीन तथा अन्य देशों द्वारा समर्थित ढांचागत परियोजनायें संकट का सामना कर रही हैं जिससे आर्थिक अस्थिरता और बढ़ रही है। म्यांमार में अस्थिरता के दक्षिणपूर्व एशिया पर व खासकर थाईलैंड व भारत पर व्यापक प्रभाव पड़ेंगे। सीमापार से हिंसा, शरणार्थियों की बाढ़ तथा नशीले पदार्थों के व्यापार जैसी संभावित अवैध गतिविधियों के कारण क्षेत्रीय स्थिरता को गंभीर खतरा पैदा हो गया है। आने वाले दिन यह निर्धारित करने के लिए महत्वपूर्ण होंगे कि म्यांमार अपनी एकजुटता बनाए रखता है या वह विखंडन और लगातार टकराव का शिकार बन जाता है।

# नेहरू का विरोधियों पर हमला

जवाहर लाल नेहरू ने भारत के संविधान को स्वरूप देने वाले डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी तथा डा. बी.आर. अंबेडकर पर निशाना लगाया क्योंकि वे राष्ट्र के प्रति उनके दृष्टिकोण से सहमत नहीं थे।



**अनिर्बान गांगुली**
(लेखक, डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी शोध फाउंडेशन के अध्यक्ष हैं)

वर्ष 1951-52 में देश के पहले आम चुनाव के लिए प्रचार अभियान शुरू होने के समय नेहरू के नेतृत्व में कांग्रेस ने दो नेताओं पर आक्रामक ढंग से निशाना लगाया। जनसंघ और डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी पर निशाना लगाते हुए नेहरू सीधे गालीगलौज की भाषा पर उतर आए और उन्होंने 'जनसंघ को कुचल देने' का आह्वान किया। लेकिन डा. अंबेडकर तथा उनके नेतृत्व वाली 'शेड्यूल्ड कास्ट फेडरेशन' के लिए थोड़ा अलग दृष्टिकोण अपनाया।

बाबा साहेब अंबेडकर को चुनाव में पराजित करने के लिए नेहरू ने अपने विश्वसनीय कम्युनिस्ट मित्रों को लगाया। वास्तव में अपने राजनीतिक व बौद्धिक विरोधियों से निपटने के मामले में नेहरू बहुत छुद्र मनोवृत्ति वाले व्यक्ति थे। उनको इस बात से कोई फर्क नहीं पड़ता था कि कुछ ही दिन पहले तक संविधान सभा में ये उनके मित्र थे और उन्होंने स्वतंत्र भारत के लिए संवैधानिक आधार तैयार करने में महत्वपूर्ण योगदान किया था। नेहरू अंबेडकर और श्यामा प्रसाद मुखर्जी को पराजित करवाना चाहते थे। उनको इन नेताओं के संसदीय कौशल तथा भारत के लिए नई राजनीति निर्धारित करने में इनके भाषण कौशल और पैरोकारी की क्षमता से चिढ़ पैदा होती थी।

नेहरू ऐसी नई संसद चाहते थे जहां कम्युनिस्टों को छोड़ कर उनके कोई विरोधी न हों क्योंकि वास्तव में हर हाल में कम्युनिस्ट उनके वैचारिक साथी थे। नेहरू ने इसी कारण कन्नूर में कम्युनिस्ट नेता ए.के. गोपालन के खिलाफ कोई उम्मीदवार नहीं उतारा था। उनकी दोस्ती खासकर सरदार पटेल के निधन के बाद और गहरी हुई थी। लेकिन नेहरू की व्यापक आक्रामक रणनीति के बावजूद डा. मुखर्जी ने कोलकाता दक्षिण सीट पर विजय प्राप्त की और उनके नेतृत्व में जनसंघ एक राष्ट्रीय पार्टी बनने में सफल रही। इस चुनाव में बाबा साहेब अंबेडकर बंबई उत्तर की सीट से हार गए क्योंकि नेहरू की मिलीभगत से कम्युनिस्टों ने उन पर निशाना लगाया था। नेहरू ने अंबेडकर को हराने का यह काम कम्युनिस्टों को खासतौर से दिया था।



नेहरू को इस बात से कोई फर्क नहीं पड़ता था कि डा. अंबेडकर का स्वास्थ्य खराब हो रहा था जिसके कारण उनको आवागमन में कठिनाई होती थी। उनको इस बात से भी कोई फर्क नहीं पड़ता था कि डा. अंबेडकर ने स्वयं को संविधान को स्वरूप देने में अपने को पूरी तरह थका डाला था और इस कारण उनको नैतिक रूप से समर्थन मिलना चाहिए था।

डा. अंबेडकर के सर्वाधिक आधिकारिक व विश्वसनीय जीवनीकार धनंजय कीर के अनुसार, अंबेडकर अपनी पराजय का कारण एस.ए. डांगे के हथकंडों को मानते थे। प्रचार अभियान के दौरान डांगे ने दुष्टतापूर्ण नारा देते हुए कहा था कि 'अपने वोटों को बरबाद कर डालो, पर उनको अंबेडकर को न दो।' डा. अंबेडकर के दृष्टिकोण से 'कम्युनिज्म जंगल की आग की तरह था जो अपने रास्ते में आने वाली हर चीज और सभी चीजों को जला कर राख कर देता है।'

लेकिन नेहरू को 'जंगल की इस आग' से प्रेम था। डा. अंबेडकर के जीवन के बारे में अपनी स्मृतियों कें डा. सविता अंबेडकर ने याद किया है कि पहले चुनाव के दौरान नेहरू 'उनके निर्वाचन क्षेत्र पर गहरी नजर रखते थे'। वे जानते थे कि मुंबई कांग्रेस के प्रमुख एस.के. पाटिल तथा कम्युनिस्ट पार्टी के एस.ए. डांगे को कैसे एकजुट रखा जाए। सविता अंबेडकर ने लिखा, 'नेहरू, एस.के. पाटिल और डांगे ने तय किया कि वे सब कुछ करेंगे, अवसर के अनुकूल कोई भी रणनीति अपनाएंगे, पर वे हर हालत में डा. अंबेडकर को चुनाव में जीतने नहीं देंगे।' सविता अंबेडकर ने आगे लिखा कि 'कांग्रेस-कम्युनिस्ट षडयंत्र के कारण संविधान निर्माता डाक्टर साहेब को चुनाव में पराजय का सामना करना पड़ा।' इस प्रकार कांग्रेस के हथकंडों के कारण भारतीय संविधान निर्माता को चुनाव में हार का सामना करना पड़ा।

> जवाहरलाल नेहरू ऐसी नई संसद चाहते थे जहां कम्युनिस्टों को छोड़ कर उनके कोई विरोधी न हों क्योंकि वास्तव में हर हाल में कम्युनिस्ट उनके वैचारिक साथी थे। नेहरू ने इसी कारण कन्नूर में कम्युनिस्ट नेता ए.के. गोपालन के खिलाफ कोई उम्मीदवार नहीं उतारा था।

डा. अंबेडकर को जानबूझ कर पराजित करने की इस रणनीति ने उनको अत्यधिक निराश कर दिया क्योंकि वे संसद में वापस लौटना चाहते थे। उनको लगता था कि संसद उनका स्वाभाविक कार्यक्षेत्र है और वे आने वाले वर्षों में देशवासियों को अपना सर्वोत्तम योगदान दे सकते हैं। सविता अंबेडकर ने लिखा, 'चुनाव में इस भयानक पराजय से उनके पहले से ही खराब हो रहे स्वास्थ्य पर भयानक नकारात्मक प्रभाव पड़ा, वे निराशा और अवसाद में डूब गए तथा इसके कारण उनमें एक प्रकार की विकलांगता आ गई।'

जब बाबा साहेब ने भंडारा सीट से उपचुनाव के माध्यम से लोकसभा में प्रवेश का प्रयास किया तो नेहरू और कांग्रेस ने उनके लिए दूसरी चुनावी पराजय सुनिश्चित की। उल्लेखनीय है कि इस चुनाव में बाबा साहेब ने युवा आरएसएस प्रचारक दत्तोपंत ठेंगड़ी को अपना चुनाव समन्वयक बनाया था। दत्तोपंत ठेंगड़ी ने अगले दो साल तक बाबा साहेब के निर्देशन में काम किया और उन्होंने दुनिया के सबसे बड़े ट्रेड यूनियन आंदोलन-'भारतीय मजदूर संघ' के लिए धन की व्यवस्था की। भंडारा उपचुनाव कांग्रेस के लिए अवसर था कि वह अपनी छुद्रता से बाहर निकल सके, लेकिन नेहरू बाबा साहेब के अंध-विरोध के रास्ते पर डटे रहे। डा. सविता अंबेडकर ने बहुत दु:ख के साथ लिखा कि 'कांग्रेस को उचित सम्मान के साथ संविधान निर्माता को संसद में आमंत्रित करने के लिए बड़ा दिल दिखाना चाहिए था। यदि किसी और चीज के लिए नहीं तो देश के कल्याण के लिए नेहरू को बाबा साहेब को लोकसभा में निर्वाचित होने में सहायता करनी चाहिए थी। लेकिन इसके एकदम उलट कांग्रेस ने डांगे जैसे व्यक्ति से हाथ मिलाया और बाबा साहेब को हराने के लिए हर हथकंडा अपनाया।

इससे सिद्ध होता है कि कांग्रेस को देश के कल्याण के बजाय अपनी पार्टी की ज्यादा चिन्ता है।' धनंजय कीर ने लिखा कि भंडारा चुनाव में डा. अंबेडकर पर नेहरू और कांग्रेस लगातार हमले कर रहे थे। अंबेडकर चुनाव इसलिए लड़ रहे थे क्योंकि उन्होंने कहा था, 'जनता को विपक्ष की ओर से एक और दृष्टिकोण दिया जा सके। यदि वे कांग्रेस से समझौता कर लेते तो संसद पहुंचना उनके लिए कठिन नहीं था।'

लेकिन बाबा साहेब ने कांग्रेस से समझौता न करने का निर्णय किया और इस कारण अपने जीवन के अंतिम वर्षों में राजनीतिक अपमान और उत्पीड़न का सामना किया। विडंबना है कि आज नेहरू के वारिस पूरी बेशर्मी से संविधान की प्रतियां लहराते हैं। उनके इस कृत्य की घोर निन्दा की जानी चाहिए। उनकी कार्रवाई को अप्रासांगिक तथा पराजित राजनीतिक पार्टी का निराशाजनक ढोंग कहा जाना चाहिए।

# आत्मा की शाश्वत है यात्रा

> जीवन और मृत्यु नवीनीकरण के एक शाश्वत चक्र में गुंथे हुए हैं, जो आत्मा को विकास के अवसर प्रदान करते हैं।



**ब्रह्मकुमार निकुंज**
(लेखक, आध्यात्मिक उपदेशक हैं)

बहुत कम मनुष्य जानते हैं कि मृत्यु कब आएगी, कैसे होगी और यह कहाँ ले जाएगी क्योंकि मृत्यु अपरिहार्य है और इसका कोई कैलेंडर नहीं है। जीवन सभी के लिए न्यायपूर्ण नहीं हो सकता है, लेकिन मृत्यु सभी के साथ समान रूप से पेश आती है, चाहे वह अमीर हो या गरीब, शक्तिशाली हो या नम्र, देवता हो या राक्षस, संत हो या पापी। मृत्यु के कई रंग हैं। देशभक्ति या सामाजिक कारण जैसे किसी महान उद्देश्य के लिए मरना मृतकों को गौरव प्रदान करता है। ऐसी मौतें आत्मा के लिए बहुत सहानुभूति और सद्भावना जीतती हैं।

फिर कुछ लोग बिना किसी बीमारी या दर्द के चुपचाप मर जाते हैं। ऐसी मौतें भाग्यशाली आत्माओं की होती हैं जो अच्छे कर्म करते हैं। दुर्घटना, हत्या, आत्महत्या, फांसी आदि जैसी हिंसक मौतें भी होती हैं। ऐसी मौतों से पहले दुख और कड़वाहट होती है और उसके बाद आत्मा को और अधिक पीड़ा होती है। तो! क्या कोई सुखद मृत्यु होती है या क्या मृत्यु एक पुरस्कृत अनुभव हो सकती है? अच्छा!

इसे समझने के लिए, हमें पहले जीवन को समझना होगा। इसके लिए हमें खुद से कुछ सवाल पूछने की जरूरत है कि जब इंसान जिंदा होता है तो क्या होता है। जब मौत होती है तो क्या खत्म हो जाता है? एक तरफ हम कहते हैं कि एक व्यक्ति मर गया और दूसरी तरफ हम शरीर को नश्वर अवशेष के रूप में देखते हैं। तो नश्वर क्या है? व्यक्ति या शरीर? संक्षेप में, जीवन एक ऐसी घटना है जो तब सामने आती है जब आत्मा किसी शरीर में प्रवेश करती है और मृत्यु बस एक ऐसी स्थिति है जब आत्मा एक शरीर को छोड़कर दूसरे शरीर में प्रवेश करती है। इसलिए जो व्यक्ति मर जाता है वह आत्मा है जो शरीर में रहती थी। तो, आत्मा क्या है? आत्मा एक संवेदनशील ऊर्जा है जो खुद को तीन स्तरों, मन, बुद्धि और संस्कारों में प्रकट करती है। एक आम कहावत है कि जब आप मर जाते हैं तो दुनिया आपके लिए मर जाती है। इसलिए, मृत्यु के साथ जो खत्म होता है वह आत्मा का उस सीमित दुनिया से संबंध या लगाव है जिससे वह शरीर में रहते हुए जुड़ी हुई है, जैसे रिश्ते, संपत्ति, भूमिकाएं, आदि। हालांकि, आत्मा की एक अद्भुत विशेषता यह है कि यह कर्म ऋण और संस्कारों को अगले जीवन में ले जाती है। हम सभी जानते हैं कि एक दिन सभी को मरना है, फिर भी हम अपनी मृत्यु के बारे में कभी नहीं सोचते। ऐसा इसलिए हो सकता है क्योंकि आत्मा के रूप में हम सदियों से जन्म-जन्मांतर तक अलग-अलग शरीरों में रहते आए हैं। शरीर के प्रति हमारा लगाव इतना मजबूत है कि बुढ़ापे में भी लोग बड़ी और बेहतर संपत्ति खरीदते हैं और भविष्य के लिए निवेश करना जारी रखते हैं ताकि वे आराम से रह सकें। मृत्यु हर चीज का अंत नहीं है, लेकिन यह मानव दुनिया में आत्मा की यात्रा में एक बड़ा मोड़ है।



मृत्यु का मतलब नयापन भी है। यह आत्मा को ताजगी और जीवन के लिए नए उत्साह से भर देती है और आत्मा के लिए खुद को समृद्ध करने और अलग-अलग भूमिकाओं, शरीरों और स्थानों में अलग-अलग आत्माओं के साथ नए अनुभवों के साथ विकसित होने के दायरे को व्यापक बनाती है। यह नवीनीकरण ही अनंत काल की अवधारणा को सार्थक बनाता है। यदि मृत्यु न होती तो जीवन और विश्व नाटक का चक्र अनंत काल तक नहीं चल सकता था। आध्यात्मिक रूप से प्रबुद्ध आत्मा के लिए, मृत्यु का अर्थ सांसारिक बंधनों से अंतिम मुक्ति है; यह अस्तित्व के उच्चतर क्षेत्र में आरोहण है जहाँ आत्मा पूर्ण स्वतंत्रता और आनंद का अनुभव कर सकती है क्योंकि एक प्रबुद्ध आत्मा स्वर्ण युग में पुनर्जन्म लेती है जहाँ उसे असामयिक या दर्दनाक मृत्यु नहीं झेलनी पड़ती। तो, मृत्यु के भय से कैसे उबरा जाए? इसके लिए, हमें यह समझने की आवश्यकता है कि हमारे भय का मूल कारण जो हमें पाप और पीड़ा की ओर ले जाता है, वह शरीर की चेतना और आसक्ति है। इसलिए यह जागरूकता कि हम शाश्वत आत्मा हैं, मृत्यु के भय पर विजय पाने की कुंजी है।

अमरता हमारे शाश्वत होने और शरीर पर महारत हासिल करने की जागरूकता है। इसका मतलब यह नहीं है कि हम हमेशा एक ही शरीर में रहेंगे, नहीं। आध्यात्मिक रूप से सशक्त आत्मा शरीर में रहते हुए आत्म चेतना का अभ्यास करके अमर हो जाती है।

दूसरी ओर, पापी आत्माओं के लिए जीवन ही एक जीवित मृत्यु है क्योंकि वे हर दिन भय, पश्चाताप और पीड़ा से मरते हैं लेकिन जो लोग जीवित मरते हैं यानी जो सांसारिक मामलों से कोई लगाव नहीं रखते हुए दुनिया में रहते हैं, वे वास्तव में जीवन में भी मुक्त होते हैं।

## आप की बात

### बांग्लादेश में हिन्दू संकट में

**बांग्लादेश** में अल्पसंख्यक हिन्दुओं को निशाना बनाया जा रहा है। शेख हसीना की भारत समर्थक सरकार के अपदस्थ होने के बाद तो यह होना ही था। स्वतंत्रता के बाद से ही भारत सरकार का अल्पसंख्यकों की सुरक्षा के प्रति रिकार्ड बेदाग है। इसका प्रमाण इस तथ्य से मिलता है कि जहां पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान में हिंदू व अन्य गैर-मुस्लिम अल्पसंख्यकों की संख्या में भारी कमी आई है, वहीं भारत में मुस्लिम तथा अन्य धार्मिक अल्पसंख्यकों की संख्या बढ़ी है और वे जीवन के सभी क्षेत्रों में प्रगति कर रहे हैं। बांग्लादेश को अपनी बहुलतावादी विरासत का संरक्षण करते हुए यह सुनिश्चित करना चाहिए कि उसके सभी नागरिकों को सुरक्षा और सम्मान मिले, भले ही उनका विश्वास चाहे जो हो। केवल ऐसा कर ही बांग्लादेश अपना स्थायित्व सुनिश्चित करने के साथ ही निरंतर अंतरराष्ट्रीय सम्मान का भागीदार बन सकता है। यूनूस सरकार वस्तुत: आर्थिक कुप्रबंधन तथा राजनीतिक अस्थिरता से ध्यान हटाने के लिए अल्पसंख्यकों पर निशाना लगा रही है। हालांकि, नई दिल्ली ने अक्सर बांग्लादेश में हिंदुओं की सुरक्षा के बारे में चिन्ता प्रकट की है, पर उसे तनाव बढ़ने से बचने के लिए सावधानी से आगे बढ़कर कदम उठाने होंगे।

– **सुनीत रस्तोगी**, मेरठ

### जम्मू-कश्मीर के हालात

**कश्मीर** में हाल ही में हुए आतंकवादी हमलों की लहर ने, नई राज्य सरकार के गठन के बाद, अंतरराष्ट्रीय आतंकवाद पर चिंताओं को फिर से जगा दिया है। अनुच्छेद 370 को निरस्त करने और क्षेत्र को स्थिर करने के केंद्र सरकार के प्रयासों के बावजूद, जम्मू और कश्मीर अस्थिर बना हुआ है। दूसरे, जम्मू के विशाल वन क्षेत्र आतंकवादियों के लिए एक आश्रय स्थल बन गए हैं, जो गुरिल्ला युद्ध के लिए प्राकृतिक कवर प्रदान करते हैं और सुरक्षा बलों को बाधित करते हैं। तीसरे, कश्मीर में बेहतर कानून और व्यवस्था ने उग्रवादियों का ध्यान जम्मू की ओर स्थानांतरित कर दिया है, जहाँ कमजोरियों का फायदा उठाया जा रहा है। चौथा, जबकि आतंकवादी गतिविधियां अस्थायी रूप से कम हो गई थीं, उग्रवाद का फिर से उभरना गहरी जड़ें जमाए हुए खतरों की निरंतरता को रेखांकित करता है। आतंकवादियों को स्वतंत्रता सेनानी के रूप में रोमांटिक बनाने वाली कहानियों को खारिज करना और इन नेटवर्क को खत्म करने के लिए स्थानीय समुदायों और कानून प्रवर्तन के बीच सहयोग को बढ़ावा देना ज़रूरी है। भारत सरकार को हर हाल में आतंकवदी हमलों को रोकने के लिए अपने सुरक्षा तंत्र को मजबूत करना होगा तथा जम्मू-कश्मीर की नई सरकार को केंद्र के साथ सहयोग स्थापित करके चलना होगा।

– **नीरजा शर्मा**, गाजियाबाद

### दिल्ली की जहरीली हवा

**पंजाब** और हरियाणा सहित पड़ोसी राज्यों में पराली जलाने की वार्षिक कृषि प्रथा दिल्ली की धुंध में योगदान करती है। वायु गुणवत्ता संकट में इसका कायम रहना एक महत्वपूर्ण कारक बना हुआ है। सर्दियों के दौरान, दिल्ली का ठंडा तापमान और तेज हवाओं की कमी प्रदूषकों को जमीन के करीब फंसा देती है इस आवर्ती समस्या से निपटने के प्रयास में, वायु गुणवत्ता में 'बहुत खराब' श्रेणी में गिरावट के बाद, 21 अक्टूबर से दिल्ली-एनसीआर में ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान लागू किया गया। इस योजना में निर्माण और औद्योगिक संचालन जैसी प्रदूषण में योगदान देने वाली गतिविधियों पर प्रतिबंध लगाने का प्रावधान है। हालांकि, ग्राप-2 के क्रियान्वयन के बावजूद, वायु गुणवत्ता सूचकांक चिंताजनक रूप से उच्च बना हुआ है, जो शहर की लगातार वायु गुणवत्ता समस्याओं को दूर करने के लिए सख्त प्रवर्तन और संभवत: अधिक मजबूत समाधानों की आवश्यकता को दर्शाता है। दीवाली के बाद दिल्ली का प्रदूषण संकट वायु गुणवत्ता प्रबंधन की जटिल और बहुआयामी प्रकृति की याद दिलाता है। ग्राप और जन जागरूकता अभियानों जैसी पहलों के माध्यम से प्रदूषण को नियंत्रित करने के प्रयासों को सीमित सफलता मिली है।

– **संदीप गर्ग**, नई दिल्ली

### बढ़ती आबादी की चुनौती

**बढ़ती** आबादी के कारण महानगरों का शहरी बुनियादी ढांचा भारी दबाव में है। शहरी बुनियादी ढांचे के तत्काल पुनर्गठन, रेट्रोफिटिंग और नवीनीकरण के लिए मजबूत शहरी शासन आवश्यक है। राजनीतिक और प्रशासनिक मुद्दों से लेकर वित्तीय और बुनियादी ढांचे के मुद्दों और इससे भी महत्वपूर्ण, सामाजिक-पर्यावरणीय मुद्दों तक, महानगरीय प्रणाली को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। वर्तमान संस्थागत संरचना को सार्वजनिक भागीदारी को सुविधाजनक बनाने के लिए योजना और विकास एजेंसियों जैसे अधिकारियों द्वारा फिर से तैयार किया जाना चाहिए। पारास्टेटल प्रशासनिक निकायों और सार्वजनिक झुंझलाहट के बीच संघर्ष अक्सर इन एजेंसियों के प्रसार और उनकी भूमिकाओं और जिम्मेदारियों के धुंधले होने के कारण बन जाते हैं। उत्तर प्रदेश के शहरीकरण के बावजूद, राज्य में निश्चित रूप से बड़ी शहरी आबादी है। इस महानगरीय आबादी को अनियंत्रित और अव्यवस्थित विकास पैटर्न में प्रबंधित करने की चुनौती है।

– **विनय कुमार**, कानपुर

इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल pioneer.editorial@gmail.com पर भी भेज सकते है।

# कवर्धा में महिला स्वावलंबन को बढ़ावा : 96 महिलाओं को मिली सिलाई मशीन, महिलाओं ने जताया आभार

## उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने 96 महिला हितग्राहियों को सिलाई मशीन वितरण किया





पायनियर संवाददाता ◄ कवर्धा
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री विष्णुसाय के मंशानुरूप छत्तीसगढ़ सरकार महिला सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयासरत है। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के मार्गदर्शन में कवर्धा में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में 96 महिला हितग्राहियों को सिलाई मशीन वितरित की गई। यह पहल महिलाओं के आर्थिक और सामाजिक उत्थान के लिए राज्य सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। कार्यक्रम में पुष्पा पटेल, बबली पटेल, रेखा मानिकपुरी, लक्ष्मी पांडे, शैल राजपूत, संगीता ठाकुर, उतरा बंजारे, रानू यादव, निर्मला विश्वकर्मा, सानु जोशी, मारिया बेगम, शकुंतला ध्रुवे, परघनीय राजपूत, दैन्ती पटेल, सतरूपा ध्रुवे सहित 96 महिलाओं को सिलाई मशीन प्रदान की गई। ये महिलाएं अब इस नई सुविधा का उपयोग कर स्वरोजगार की दिशा में कदम बढ़ा सकेंगी। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने महिलाओं से चर्चा करते हुए कहा कि प्रदेश की विष्णुदेव की सरकार महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। सिलाई मशीन वितरण केवल एक साधन नहीं है, बल्कि यह महिलाओं के आत्मनिर्भर बनने की दिशा में पहला कदम है। हमारा मानना है कि महिलाएं किसी भी समाज की रीढ़ होती हैं। जब महिलाएं आत्मनिर्भर होंगी, तो उनका परिवार, उनका समाज और पूरा राज्य सशक्त होगा। उन्होंने आगे कहा कि महिलाओं को सशक्त बनाना केवल आर्थिक सहायता देना नहीं है, बल्कि उनके आत्मविश्वास को बढ़ाना और उन्हें उनके कौशल के माध्यम से नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का प्रयास है। यह सिलाई मशीन न केवल रोजगार का जरिया बनेगी, बल्कि यह उन महिलाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत भी होगी, जो अपने परिवार और समाज के लिए योगदान देना चाहती हैं।

### सिलाई मशीन पाने वाली महिलाओं ने इस पहल को एक नई शुरुआत बताया

रेखा मानिकपुरी ने कहा कि मेरे पास हमेशा से सिलाई-कढ़ाई का हुनर था, लेकिन संसाधनों की कमी के कारण इसे शुरू नहीं कर पाई। अब इस मशीन की मदद से मैं अपने परिवार की आर्थिक मदद कर सकूंगी। संगीता ठाकुर ने कहा कि यह मशीन मेरे लिए एक नई उम्मीद लेकर आई है। इससे मुझे न केवल स्वरोजगार मिलेगा, बल्कि मैं अपने बच्चों की शिक्षा के लिए भी बेहतर सहयोग कर पाऊंगी। उतरा बंजारे ने अपनी खुशी साझा करते हुए कहा कि सिलाई मशीन मिलने से अब मुझे गांव में रोजगार का मौका मिलेगा। मैं अपने काम से अन्य महिलाओं को भी प्रेरित करूंगी। शैल राजपूत बताती है कि यह मशीन मेरे जीवन में बड़ा बदलाव लाएगी। अब मैं दूसरों के कपड़े सिलकर परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत कर सकती हूं।

### महिलाओं को मिलेगा प्रशिक्षण

सिलाई मशीन वितरण के साथ-साथ महिलाओं के लिए विशेष प्रशिक्षण सत्र भी आयोजित किए जाएंगे। इन सत्रों में उन्हें आधुनिक सिलाई तकनीकों और डिजाइनिंग की जानकारी दी जाएगी, ताकि वे अपने कार्य को अधिक पेशेवर तरीके से कर सकें।

### महिला सशक्तिकरण की दिशा में नई शुरुआत

कार्यक्रम में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों और समाज के गणमान्य व्यक्तियों ने भी हिस्सा लिया। सभी ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि यह पहल न केवल महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी, बल्कि उन्हें समाज में एक सशक्त भूमिका निभाने के लिए भी प्रेरित करेगी। महिलाओं ने सरकार का आभार जताते हुए कहा कि यह सिलाई मशीन उनके जीवन को बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

# मुख्यमंत्री विष्णुदेव के सुशासन और धान खरीदी की नई व्यवस्था से किसानों में बढ़ा विश्वास

## जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी से किसानों में खुशी

पायनियर संवाददाता ◄ कवर्धा
www.dailypioneer.com



कवर्धा जिले में समर्थन मूल्य में धान किसानों के चेहरे पर खुशी की झलक दिखाई दे रही है। विष्णुदेव सरकार के नेतृत्व में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की प्रक्रिया न केवल सुगम हुई है, बल्कि पारदर्शिता ने किसानों के चेहरों पर संतोष और खुशी की झलक बिखेर दी है। जिले के 108 धान उपार्जन केंद्रों पर किसानों का उत्साह आकर्षक बनी हुई है। कवर्धा के दर्री पारा के निवासी विजय कुमार साहू जैसे जिले के लाखों किसान इस नई व्यवस्था का लाभ उठा रहे हैं। किसान विजय 7 एकड़ 19 डिसमिल जमीन में उपजाए अपने 140 क्विंटल धान को समर्थन मूल्य पर बेचकर सरकार की पहल की सराहना की। विजय कहते हैं कि इस बार ऑनलाइन टोकन प्रणाली से न केवल समय की बचत हुई, बल्कि अधिकारियों और कर्मचारियों का सहयोग भी बेमिसाल रहा। किसानों के खाते में दो दिन के भीतर राशि आने से एक बड़ी राहत मिल रही है। विजय कुमार साहू बताते हैं कि इस बार की धान खरीदी प्रक्रिया पहले से अधिक सुगम और पारदर्शी रही। ऑनलाइन टोकन प्रणाली के माध्यम से उन्हें लंबे समय तक लाइन में खड़े होने की आवश्यकता नहीं पड़ी। उन्होंने कहा कि धान खरीदी केंद्र पर बारदाने, इलेक्ट्रॉनिक तराजू, छाया, पेयजल, और शौचालय जैसी सुविधाओं ने उनके अनुभव को और भी बेहतर बनाया। किसानों के लिए सुविधाजनक केंद्र जैसी सुविधाओं ने किसानों का काम आसान कर दिया है। माइक्रो एटीएम की सुविधा ने बैंकों की भीड़ से राहत दिलाई है। किसान सीधे केंद्र पर 10,000 रुपये तक की राशि निकाल सकते हैं, जिससे समय की बचत होती है। किसान विजय कुमार ने बताया कि केवल धान खरीदी ही नहीं, बल्कि अन्य योजनाओं ने भी उनके परिवार की जिंदगी को बेहतर बनाया है। उनकी पत्नी और बहुओं को महतारी वंदन योजना का लाभ मिला, जिससे उनके स्वास्थ्य और पोषण में सुधार हुआ। वहीं, उज्ज्वला योजना के तहत मिले गैस चूल्हे ने उनके घर में स्वच्छ और सुविधाजनक भोजन पकाने का मार्ग प्रशस्त किया। उन्होंने कहा कि शासन की इन योजनाओं ने हमें न केवल आर्थिक रूप से मजबूत बनाया है, बल्कि हमारे आत्मविश्वास को भी बढ़ाया है। अब हम खेती में और भी मेहनत और लगन से काम कर रहे हैं।

# सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में खंभों मे खराब लाइटों को ठीक करने के निर्देश

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



कलेक्टरेट के दिशा सभाकक्ष मे सड़क सुरक्षा समिति की बैठक लेकर कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की गई। बैठक में सड़क सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं पर ध्यान केंद्रित किया गया, जिसमें दुर्घटनाओं को कम करने, ट्रैफिक नियमों के पालन को बढ़ावा देने, और सड़क सुरक्षा से जुड़े अन्य उपाय शामिल थे। बैठक की अध्यक्षता करते हुए कलेक्टर रणवीर शर्मा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे सड़क पर हो रही दुर्घटनाओं के प्रमुख कारणों की समीक्षा करें और उन कारणों को खत्म करने के लिए प्रभावी कदम उठाएं। साथ ही, स्कूलों और कॉलेजों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने, सड़कों की बेहतर देखरेख करने और संकेतकों को सही स्थानों पर लगाने की भी चर्चा की गई। साथ ही, स्कूलों और कॉलेजों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने, सड़कों की बेहतर देखरेख करने और संकेतकों को सही स्थानों पर लगाने की भी चर्चा की गई। कलेक्टर ने जिले की सड़कों पर खंभों में लगी खराब लाइटों को तुरंत ठीक करने का निर्देश दिया, ताकि रात के समय में सड़क पर पर्याप्त रोशनी हो और दुर्घटनाओं का खतरा कम किया जा सके। उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देश दिया कि सभी प्रमुख सड़कों, विशेषकर उन क्षेत्रों में जहां अंधेरा अधिक रहता है, वहां लाइटों को प्राथमिकता से ठीक किया जाए। साथ ही, उन्होंने अधिकारियों से यह भी कहा कि नियमित रूप से लाइटों की जांच की जाए और यह सुनिश्चित किया जाए कि लाइटें हर समय ठीक से काम कर रही हों, ताकि यातायात सुचारु रूप से चल सके और दुर्घटनाओं की संभावना को कम किया जा सके। कलेक्टर ने लोगों को ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूक करने के लिए विशेष कार्यक्रमों के आयोजन का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के लिए लोगों को ट्रैफिक नियमों का सख्ती से पालन करने के प्रति जागरूक करना जरूरी है। इसके लिए स्कूलों, कॉलेजों, और विभिन्न संस्थानों में जागरूकता अभियान चलाए जाएंगे, जिसमें सड़क सुरक्षा, हेलमेट और सीट बेल्ट का उपयोग, गति सीमा का पालन, और नशे में गाड़ी न चलाने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर ध्यान दिया जाएगा। एसपी रामकृष्ण साहू ने अधिकारियों से कहा कि वे स्थानीय समुदायों, सामाजिक संगठनों, और मीडिया के सहयोग से व्यापक जन जागरूकता कार्यक्रम चलाएं, ताकि अधिक से अधिक लोग ट्रैफिक नियमों का पालन करें और सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके। बैठक में एडीएम प्रकाश भारद्वाज, डीएसपी झा, यातायात पुलिस, परिवहन विभाग, और अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी भी उपस्थित थे।

# ठंड से बचने फरमानिया ट्रस्ट ने 650 बच्चो को बांटे गरम कपड़े

पायनियर संवाददाता ◄ उतई
www.dailypioneer.com



शासकीय प्राथमिक शाला डुमरडीह, शासकीय प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक शाला घुघसीडीह, शासकीय प्राथमिक शाला काशीडीह, शासकीय प्राथमिक शाला व पूर्व माध्यमिक शाला घासीदास नगर घुघसीडीह के लगभग 640 बच्चों को सरवती देवी बनारसी दास फरमानिया चैरिटेबल ट्रस्ट के संस्थापक सुरेश फरमानिया के द्वारा 640 बच्चों को स्वेटर का वितरण किया गया। स्वेटर वितरण के अवसर पर सभी स्कूलों में बच्चो के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। स्वेटर पाकर सभी बच्चे और उनके पालकों का चेहरा खुशी से खिल गया। अपने उदबोधन में सुरेश फरमानिया ने सभी बच्चों को मार्गदर्शन देते हुए बगैर नकल किए अपने मेहनत से आगे बढ़ने की बात कहीं और बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के मंत्र को सार्थक करने के लिए सभी को प्रेरित किया। फरमानिया ने बच्चो को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चे ही भगवान का रूप है और उनकी मुस्कुराहट ही असली धन है। प्रधान पाठक दुलारी चंद्राकर, प्रधान पाठक बी संध्या राव, मोनिकाराम एलिजाबेथ, दुर्गेश मेश्राम, वीरेंद्र मरई, अश्वनी यादव ने फरमानिया को साल श्रीफल व पौधा देकर सम्मानित किया। फरमानिया का बच्चो के प्रति लगाव, उनके उत्कृष्ट कार्यों, सहयोग की भावना को देखते हुए सभी संस्था प्रमुखों व शिक्षकों द्वारा सम्मान किया गया। आभार प्रदर्शन करते हुए शिक्षक गिरीश साहू ने बताया कि सरवती देवी बनारसी दास फरमानिया ट्रस्ट विगत 10 वर्षो से सरकारी स्कूलों में बच्चो को स्वेटर, कॉपी, पुस्तके, कंपास, बेंच डेक्स आदि का वितरण छात्रहित में निस्वार्थ भाव से कर रहा हैं। अभी तक पचास हजार बच्चो को सुरेश फरमानिया के द्वारा स्वेटर वितरण किया गया है। स्वेटर वितरण कार्यक्रम के दौरान सरवती देवी बनारसी दास फरमानिया ट्रस्ट के संस्थापक सुरेश फरमानिया, प्रधान पाठक दुलारी चंद्राकर, नवीन शिक्षक संघ के प्रदेश सचिव गिरीश साहू, तेश्वरी साहु, अश्वनी यादव, बी संध्या राव, मोनिका राम एलिजाबेथ, दुर्गेश मेश्राम, राजेश बंजारे, शारदा खेवार, विद्या राठौर, राजेश्वरी देशमुख, साजिद खान, शाला विकास समिति के अध्यक्ष देवकुमारी, उपाध्यक्ष कुंदनलाल बंजारे, उमेंद्र जांगड़े, संकुल समन्वयक दुर्गा प्रसाद टंडन, ज्योति ठाकुर, प्रेमलता बंजारे, हितेश्वरी बंजारे, देवकुमारी, अनुसुइया जांगड़े, रानू यादव, सविता माण्डले, चंद्रिका यादव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# विशेषर पटेल के प्रथम नगर आगमन पर आतिशबाजी व जगह-जगह हुआ स्वागत

पायनियर संवाददाता ◄ पंडरिया
www.dailypioneer.com





छत्तीसगढ़ राज्य गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष बनने के बाद विशेषर पटेल नगर पहुंचे। जहां उनका भव्य स्वागत किया गया। नगर से पहले रौहा के पास पटेल का अगवानी मोटर साइकिल रैली से किया गया। जिसके बाद हरिनाला से गांधी चौक व महामाया चौक तक रैली की शक्ल में पैदल नगर भ्रमण कर लोगों का अभिवादन स्वीकार किया। पटेल का गांधी चौक व महामाया चौक में नगर व क्षेत्रवासियों ने स्वागत किया। इस दौरान गांधी चौक में भारी आतिशबाजी भी की गई। गांधी चौक में स्वागत पश्चात महामाया चौक में लोगों को संबोधित करते हुए पटेल ने कहा कि गौ माता में सभी समस्याएं दूर करने की क्षमता है। हर समस्या का निदान गाय से है। उन्होंने कहा कि गाय को प्रतिदिन सुबह दो रोटी खिलाएं सभी समस्याएं दूर हो जाएगी। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में गाय को राज्य माता का दर्जा दिलाने का कार्य किया जाएगा। साथ ही आने वाली पीढ़ी को गौ माता से जोडने का कार्य सभी लोगों के साथ मिलकर किया जाएगा। पटेल ने कहा कि गाय को गौठान के बजाय घरों तक लाया जाएगा। गाय को घर के रखना ही गौ माता का सही सम्मान है। जिसे सब मिलकर ही कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि किसान ही गाय को सही सम्मान प्रदान कर सकता है। जिनके घर गाय रखने की जगह नहीं है, वे भी गौ माता के संरक्षण में अपना योगदान दे सकते हैं। कार्य कर रहे समितियों को सहयोग कर व गौ उत्पाद का उपयोग कर हम सभी गौ संरक्षण का कार्य कर सकते हैं। कोदवागोड़ान निवासी भाजपा के कार्यकर्ता रविनंदन पांडेय ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि पटेल की गौ सेवा आयोग का अध्यक्ष बनाकर विष्णु देव सरकार ने सही व्यक्ति का चयन किया है। पटेल गौ सेवा का कार्य लंबे समय से कर रहे हैं। गौ उत्पाद सहित गाय के महत्व को भली-भांति समझते हैं। पांडेय ने कहा कि पटेल ग्रामीण क्षेत्र से जुड़े हुए हैं। उन्हें बचपन से ही इस कार्य मे रुचि रही है। इस दौरान रघुनंदन पाठक, विजय जायसवाल, नंद यादव, चंद्रकुमार सोनी, नवल पांडेय, वीरेंद्र शर्मा, तुलस कश्यप, रामस्वरूप साहू, पद्मराज टंडन, गजपाल साहू, सुखचैन चन्द्रवंशी, कुलदीप सिंह छाबड़ा, निर्मल द्विवेदी, रविश ठाकुर, जनक चन्द्राकर, पार्षद विशाल शर्मा, अनुराग ठाकुर, लाला ठाकुर, गजपाल चन्द्राकर, गोलू ठाकुर, महेश्वर साहू, शुभम जायसवाल, वीरेंद्र ठाकुर सहित महिलाएं भी बड़ी संख्या में उपस्थित थी।

### लड्डू से तौला गया

अध्यक्ष बनने के बाद पटेल के प्रथम नगर आगमन के दौरान व्यापारी संघ पंडरिया ने गांधी चौक में उन्हें लड्डुओं से तौलकर स्वागत किया। इस दौरान बड़ी संख्या में नगरवासी व व्यापारीगण उपस्थित थे।

# एसपी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से जिले के थाना चौकी प्रभारियों व सीसीटीएनएस आपरेटरो की ली बैठक

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



पुलिस अधीक्षक बेमेतरा रामकृष्ण साहू ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय बेमेतरा में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समस्त थाना/चौकी प्रभारियों सहित सीसीटीएनएस आपरेटरो की मीटिंग ली। जिसमें म्यूल अकाउंट, बैक या डीमैट अकाउंट के धारक जो अवैध गतिविधियों / गैरकानूनी कामों के लिए इसका इस्तेमाल कर रहे उनकी जानकारी प्राप्त कर वैधानिक कार्यवाही करने तथा अनाधिकृत रूप से म्यूल अकाउंट, अपने खाते को किसी दुसरे को उपयोग करने के लिए दिया जा रहा है एवं अनाधिकृत रूप से सीम एक्टीवेशन करने वाले एजेन्टों के विरूद्ध विधिवत कार्यवाही करने दिये गये निर्देश तथा सीसीटीएनएस आपरेटरो को केश डायरी जल्द से जल्द अपलोड करने एवं सीसीटीएनएस एन्ट्री में आने वाली समस्याओं के निराकरण के लिए टीम भावना से कार्य करने हेतु समझाईश दी गई। ऑनलाईन फायनेंसियल फ्राड, साइबर क्राईम, सोशल मीडिया के माध्यम से हो रहे अपराधों के संबंध में आम जनता को जागरूक करने तथा सामुदायिक पुलिसिंग के अंर्तगत हमर पुलिस हमर बजार एवं हमर पुलिस हमर गांव अभियान के माध्यम से हॉट/बजारो व ग्रामीणों एवं स्कुली बच्चो कों जागरूक कियेजाने के संबंध में जन जागरूकता अभियान चलाने आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये तथा ऑनलाईन फायनेंसियल फ्राड की रिपोर्ट पर तत्काल कार्यवाही करने, शिकायत/समस्या को लेकर आये महिला आगंतुक /रिपोर्टकर्ता से संयमित व्यवहार करने एवं उनकी रिपोर्ट को गंभीरता पुर्वक लेते हुये तत्काल उचित कार्यवाही करने तथा कानून व्यवस्था बनाये रखने निर्देशित किया गया। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान सायबर सेल बेमेतरा से प्रधान आरक्षक लोकेश सिंह एवं अन्य स्टाफ उपस्थित रहें।

# भूमिपूजन के लिए पहुंची जिला पंचायत सदस्य प्रज्ञा निर्वाणी ने किया दिहाड़ी महिला श्रमिको का सम्मान



बहेरा कुसमी में जिला पंचायत सदस्य प्रज्ञा निर्वाणी ने किया भूमिपूजन

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

ग्राम पंचायत के सरपंच, पंच गण हमारा आतिथ्य और सम्मान करते हैं और चले जाते हैं, पर मेरा मानना है असली सम्मान के हकदार ये मजदूर हैं जो हाड़ तोड़ सर्दी, गर्मी या बरसात में हमारे संकल्प को पूरा करने लगे रहते हैं, सीमेंट के डस्ट, धूल, मुरम, रेत कीचड़ सब से दो चार होकर निश्चित समयावधि में काम को पूरा करते हैं, ये कहना था ग्राम पंचायत बहेरा कुसमी में सी सी रोड के निर्माण के लिए आई हुई जिला पंचायत सदस्य प्रज्ञा निर्वाणी का, उन्होंने उपस्थित कार्यरत दिहाड़ी मजदूर सोनकुवर, परमा बाई, राधा योगी, देवकी निषाद, दशमत, साम बाई, रोशनी और सोंकुमारी गुलाल से तिलक कर और श्रीफल देकर सम्मान किया और कहा कि निर्माण के असली नायक आप सब हैं, आप लोगों के अथक श्रम के फलस्वरूप समाज मे हमे सम्मान मिलता है,जिला पंचायत सदस्य प्रज्ञा निर्वाणी के सम्मान से अभिभूत महिला श्रमिको की आँखे खुशी से नम थी राधा योगी ने कहा ऐसा पहली बार हुआ है जब कोई जनप्रतिनिधि ने हम श्रमिको के श्रम को मान दिया है, एक लाख साठ हजार के लागत से निर्माणाधीन देवांगन पारा से महाराज तालाब पहुँच मार्ग के भूमिपूजन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अखिल भारतीय छत्तीसगढ़ी महासभा के संयोजक डॉ सौरभ निर्वाणी ने कहा कि क्षेत्र के युवा विधायक दीपेश साहू का भी कुसमी से गहरा लगाव है कुसमी के हर गली खोर में अब भाजपा के विकास की झलक दिखेगी, सरपंच नीमा वर्मा, उप सरपंच छतकुमार देवांगन, भाजपा के युवा नेता मोहन वर्मा, सचिव लेखराम साहू, माखन देवांगन, डेरहा भारती, फत्तेलाल साहू, हेमसिंह वर्मा, भुखन गायकवाड़ चन्द्रकुमार देवांगन, हरीश पांडेय ने जिला पंचायत सदस्य प्रज्ञा निर्वाणी का जिला पंचायत निधि से सी सी रोड का कार्य करवाने आभार व्यक्त किया। भूमिपूजन से पहले अतिथियों ने साहू संघ के परिक्षेत्रीय नेता बल्लू साहू के साथ ग्राम के सबसे प्राचीन शिव मंदिर में जाकर भगवान शिव का जलाभिषेक कर ग्राम वासियों के सुख समृद्धि के लिए प्रार्थना किया,मंचीय कार्यक्रम का संचालन शिक्षक प्रभुलाल बर्मन ने किया।

# प्रवर्तकता कार्यक्रम के तहत 10 बच्चों को किया गया लाभान्वित

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



कलेक्टर रणबीर शर्मा के अध्यक्षता में एकीकृत बाल संरक्षण योजना (मिशन वात्सल्य) के तहत प्रवर्तकता एवं पालन पोषण देखरेख अनुमोदन समिति की बैठक कार्यालय कलेक्ट्रेट में आयोजित की गई। इस बैठक में प्रवर्तकता कार्यक्रम अंतर्गत पात्रता रखने वाले, देखरेख एवं संरक्षण की आवश्यकता वाले बालक को प्रवर्तकता का लाभ दिये जाने हेतु 10 प्रकरणों को समिति द्वारा अनुमोदित किया गया है। किशोर न्याय (बच्चों की देखभाल और संरक्षण) अधिनियम, 2015, 1973 की धारा 2 (58), के अनुसार, प्रवर्तकता कार्यक्रम में पात्रता रखने वाले बालक को एकीकृत बाल संरक्षण योजना (मिशन वात्सल्य) के तहत पोषण, शिक्षा, चिकित्सा, व्यवसायिक प्रशिक्षण, पुनर्वास, आश्रय एवं बालको की सर्वांगीण विकास में सहायता प्रदान की जाती है।

### प्रवर्तकता के लिए मानदंड

जहां माता विधवा हो या तलाकशुदा हो या परिवार द्वारा परित्यक्त हो। जहां बच्चे अनाथ हैं और विस्तारित परिवार के साथ रह रहे हैं। जहां माता-पिता जीवन के लिए खतरा पैदा करने वाली/असाध्य बीमारी के शिकार हों। जहां माता-पिता अक्षम हैं या बच्चों की देखभाल करने में असमर्थ हैं, आर्थिक और शारीरिक रूप से 7 जेजे अधिनियम, 2015 के अनुसार देखभाल और संरक्षण की आवश्यकता वाले बच्चे अर्थात बिना घर वाले, किसी प्राकृतिक आपदा के शिकार, बाल श्रमिक, बाल विवाह के शिकार, तस्करी किए गए बच्चे, एचआईवी / एड्स प्रभावित बच्चे, विकलांग बच्चे, गुमशुदा या घर से भागे हुए बच्चे, भिखारी या सड़क पर रहने वाले बाल, प्रताड़ित या दुर्व्यवहार किए गए या शोषित बच्चे जिन्हें सहायता और पुनर्वास की आवश्यकता है।.पीएम केयर्स फॉर चिल्ड्रन योजना के अंतर्गत कवर किए गए बच्चे। निवारक प्रवर्तकता के लिए आर्थिक मानदंड निवारक प्रवर्तकता के लिए, आवासीय इलाके के प्रकार, सामाजिक अभाव और व्यवसाय के 'प्रॉक्सी मापदंडों के आधार पर अत्यधिक अभाव की स्थिति वाले बच्चों का चयन किया जाएगा, जिनकी पारिवारिक आय अधिक नहीं है। ग्रामीण क्षेत्रों के लिए 72,000/- रुपये प्रति वर्ष। अन्य क्षेत्रों के लिए 96,000/- रुपये प्रति वर्ष ।

### प्रवर्तकता की अवधि

किशोर न्याय बोर्ड, बाल कल्याण समिति या बाल न्यायालय द्वारा लिखित रूप में दर्ज किए जाने वाले कारणों के आधार पर प्रवर्तकता अवधि में वृद्धि की जा सकती है प्रवर्तकता सहायता की अवधि मिशन वात्सल्य की अवधि के साथ समाप्त होगी। बच्चे की संतोषजनक देखभाल के लिए परिवार को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने तथा अन्यथा हरसंभव प्रयास किए जाएंगे। प्रवर्तकत्ता और पालन-पोषण देखभाल अनुमोदन समिति (एसएफसीएसी) समय-समय पर सभी प्रायोजन मामलों की समीक्षा कर सकती है। प्रवर्तकता कार्यक्रम हेतु मिशन वात्सल्य गाईड लाईन एवं संशोधित अधिसूचना के प्रावधानों के अनुसार क्रिन्यावित की जायेगी। श्री चंन्द्रबेश सिंह सिसोदिया जिला कार्यकम अधिकारी, महिला एंव बाल विकास विभाग जिला बेमेतरा (छ.ग.) द्वारा जिले के पात्र हितग्राहीयों से अपील किया गया है कि उक्त योजना की अधिक जानकारी के लिए चाइल्ड हेल्पलाईन 1098 या कार्यालय जिला बाल संरक्षण इकाई मबावि बेमेतरा से संपर्क किया जा सकता है।

# वार्डवासियों की साफ-सफाई, पानी, बिजली, अतिक्रमण आदि समस्याओं का त्वरित निराकरण के दिए निर्देश

## वार्डों में स्वच्छता रखने बनाए गए ब्रांड एम्बेसडर

पायनियर संवाददाता ➤ मुंगेली
www.dailypioneer.com



जिला प्रशासन द्वारा नगर पालिका परिषद मुंगेली के आगर खेल परिसर से अभिनव पहल ''वार्ड चलो अभियान'' की शुरूआत की गई। इस दौरान कलेक्टर राहुल देव, पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल, नगर पालिका मुंगेली के अध्यक्ष संतूलाल सोनकर एवं उपाध्यक्ष सहित प्रशासनिक अमला विभिन्न वार्डों में पहुंचे। उन्होंने रामगोपाल तिवारी वार्ड, सरदार पटेल वार्ड, सुभाष वार्ड, महामाई वार्ड, राजेंद्र वार्ड, गांधी वार्ड और विवेकानंद वार्ड में वार्डवासियों और व्यावसायियों से साफ-सफाई, पानी, बिजली सहित मूलभूत सुविधाओं के संबंध में चर्चा की। कलेक्टर ने नागरिकों को अपने आसपास को साफ एवं सुरक्षित रखने प्रोत्साहित किया। उन्होंने नगर पालिका सीएमओ को प्रत्येक वार्डों को स्वच्छ बनाए रखने के लिए स्वच्छता ब्रांड एम्बेसडर नियुक्त निर्देश दिए। साथ ही सरदार पटेल वार्ड में आकाश सोनी को तात्कालिक स्वच्छता ब्रांड एम्बेसडर बनाया गया। पुलिस अधीक्षक ने लोगों से आसपास में चोरी की घटना के संबंध में जानकारी ली और सुरक्षा की दृष्टि से सीसीटीवी कैमरा लगाने के लिए जागरूक किया। महामाई वार्ड में ललिता सोनी ने पानी एवं बिजली की समस्या बताई। जगतराम सोनी ने वृद्धा पेंशन योजना दिलाने की मांग की। इसके साथ ही वार्डवासियों ने अतिक्रमण के कारण गली सकरा होने और गाड़ी आने-जाने में होने वाली परेशानी से अवगत कराया। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारी को टीम गठित कर सभी के सहयोग से अतिक्रमण को मुक्त कराने, वृद्धा पेंशन और पानी, बिजली की समस्या का त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और उपमुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन मंत्री अरूण साव की मंशा है कि शहर स्वच्छ एवं सुरक्षित हो। इसके मद्देनजर हम विभिन्न वार्डों में साफ-सफाई का निरीक्षण किया जा रहा है। नागरिकों की समस्याओं को सुनने के साथ उसके निराकरण के लिए प्रयास किया जा रहा है। इसका निश्चित रूप से सकारात्मक परिणाम आएगा। इस मुहिम के अंतर्गत सभी वार्डों में जाएंगे और नागरिकों को पानी, बिजली, सड़क सहित मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराने के साथ और पात्र परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना व विभिन्न योजनाओं का लाभ दिलाना सुनिश्चित करेंगे। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि मुख्यमंत्री एवं उपमुख्यमंत्री की मंशा है कि नगरों में सीसीटीवी कैमरा लगे और वहां पर लोगों का जीवन सुरक्षित हो। सुरक्षा का भाव सिर्फ पुलिस विभाग से नहीं बल्कि जन सहयोग से संभव होगा, इसलिए पूरी टीम स्वच्छता को देखने के साथ-साथ सुरक्षा को भी देखने के लिए पहुंचे हैं। लोगों को सीसीटीवी टीवी कैमरा लगाने जागरूक किया जा रहा है। जनता से बातचीत करके यह समझने का प्रयास किया जा रहा है कि किसी को कोई शिकायत तो नहीं है। साथ ही लोगों से मिलकर उन्हें साइबर के बारे में भी जागरूक कर सके। कलेक्टर एवं एसपी ने आगर खेल परिसर में स्टॉलों का किया अवलोकन- कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, नगर पालिका अध्यक्ष ने जिला प्रशासन मुंगेली की अभिनव पहल ''वार्ड चलो अभियान'' अंतर्गत आगर खेल परिसर में लगाए गए स्टॉलों का अवलोकन किया। उन्होंने समाज कल्याण, उद्योग, चिप्स, पुलिस, राजस्व, नगर पालिका परिषद, जनसंपर्क, श्रम, अंत्यावसायी, अग्रणी बैंक और स्वास्थ्य विभाग के स्टॉलों किया और आमलोगों द्वारा मांगों एवं समस्याओं संबंधी प्राप्त आवेदनों और उसके निराकरण की जानकारी ली। इसके साथ ही आम लोगों को शासन की योजनाओं की जानकारी देने के निर्देश दिए।

# पुलिस अधीक्षकों से जांच प्रतिवेदन मंगाया जायेगा तत्पश्चात रायपुर मुख्यालय में अंतिम सुनवाई किया जायेगा : डॉ. किरणमयी नायक

पायनियर संवाददाता ➤ मुंगेली
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक सदस्य सरला कोसरिया एवं लक्ष्मी वर्मा ने कलेक्टारेट सभा कक्ष मनियारी मुंगेली में महिला उत्पीड़न से संबंधित प्रस्तुत 11 प्रकरणों पर जनसुनवाई की छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक के अध्यक्षता में आज प्रदेश स्तर पर 292 व मुंगेली जिले में 4 वी सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान 1 प्रकरण में आवेदिका उपस्थित अनावेदक पुलिस के द्वारा सूचित किये जाने के बाद भी अनुपस्थित था। चूंकि अनावेदक ने पिछली सुनवाई में आवेदिका के पास वाईस रिकार्डिंग जिसमें स्वयं की आवाज होना स्वीकार कर लिया है। अतः आवेदिका अपना पक्ष प्रमाणित कुर चुकी है। वह अपने सभी दस्तावेज के आधार पर अनावेदक से अपनी बकाया राशि प्राप्त करने के लिए दीवानी न्यायालय में प्रकरण लगा सकती है। इस निर्देश के साथ प्रकरण नस्तीबद्ध किया गया। अन्य प्रकरण में अनावेदिका ने आवेदिका के पति के खिलाफ 28.05.2024 को धारा 376 की धारा के तहत एफआईआर करायी है (मुंगेली थाना) जिसका प्रकरण न. 247 है। इसके बाद आवेदिका ने बताया कि 03.9.2024 को उसके पति सौरभ सोनी ने आत्महत्या कर लिया। उसकी मृत्यु हो चुकी है। लेकिन मरने से पहले उनके पति सौरभ सोनी ने सुसाईड नोट लिखा था जिसका फोटोकॉपी आवेदिका ने प्रस्तुत किया है। जिसे पढ़ने से यह स्पष्ट हैं कि मृतक सौरभ सोनी अनावेदिका के कारण आत्महत्या करना लिखा है। जिस पर अब तक कोई कार्यवाही जीआरपी थाना दुर्ग ने नहीं किया है। आयोग द्वारा एसपी दुर्ग से इस मामले में पूरी विस्तृत जानकारी एक माह में मंगाया जाएगा। अब तक मृतक सौरभ सोनी मामले में कार्यवाही क्यों नहीं हुआ। एफआईआर दर्ज किया गया अथवा नहीं घ् रिपोर्ट मिलने के बाद प्रकरण की सुनवाई एक माह में रायपुर में किया जाएगा। इसी से जुडे एक और प्रकरण मृतक अनावेदक सौरभ सोनी के आसपास घुम रहे है। इस प्रकरण में भी कोई कार्यवाही नही हुआ हैं जिसमें भी आयोग मुंगेली थाना से प्रतिवेदन मंगाये जाने बाबत् पुलिस अधीक्षक मुंगेली को पत्र प्रेषित करेगी। रिपोर्ट मिलने पश्चात दोनो प्रकरणों को एक साथ रायपुर में अंतिम सुनवाई हेतु रखा जायेगा। ऐसे ही अन्य प्रकरण में आवेदिका के पति की कैंसर से 23.05.2024 को मृत्यु हो गयी है और तेरहवी के दिन ससुराल से निकलकर अपने मायके चली गई थी। आवेदिका के पति ने लोरमी में एक मकान बनवाया था जो उनके भांजे के नाम पर है। उस जमीन को खरीदी और मकान बनवाने के लिए अनावेदक (ससुर) ने पैसा दिया था।

# कलेक्टर-एसपी ने ली लॉ एंड ऑर्डर के संबंध में राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त बैठक

## लोक शांति भंग करने वाली गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखें : राजेंद्र कुमार कटारा

पायनियर संवाददाता ➤ बलरामपुर
www.dailypioneer.com



कलेक्टर राजेंद्र कटारा एवं पुलिस अधीक्षक वैभव बैंकर रमनलाल ने संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में जिले में कानून व्यवस्था के संचालन एवं नियंत्रण के सम्बन्ध में राजस्व एवं पुलिस विभाग के अधिकारियों की संयुक्त बैठक ली। बैठक में कलेक्टर ने जिले में शान्ति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए राजस्व एवं पुलिस विभाग को संयुक्त प्रयास करते हुए आपसी सामंजस्य के साथ कार्य करने की बात कही। उन्होंने लोक शांति भंग करने वाली गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखने तथा आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए साथ ही कहा कि अपने सूचना तंत्र को मजबूत करें ताकि किसी भी घटना की सूचना आप तक पूर्व में पहुंच जाएं। जिससे समय पर कार्यवाही हो। साथ ही उन्होंने जिले के सीमाओं में स्थित चेकपोस्टों में कड़ी नजर रखने तथा संयुक्त टीम बनाकर वाहनों की जांच करने के निर्देश दिये। साथ ही कहा कि संबंधित अधिकारी धान के अवैध परिवहन एवं भण्डारण पर कड़ी नजर रखें। उन्होंने सभी अधिकारियों को सजगता एवं सतर्कता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। बैठक में पुलिस अधीक्षक वैभव बैंकर ने कहा कि कानून व्यवस्था को प्रभावित करने वाली असामाजिक गतिविधियों पर विशेष ध्यान रखें। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में स्थानीय निर्वाचन होने वाले हैं, इसके लिए पूर्व तैयारी सुनिश्चित करें। बैठक में कानून व्यवस्था बनाए रखने के सम्बंध में अन्य विषयों पर भी विस्तारपूर्वक चर्चा की गई तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ रेना जमील, अपर कलेक्टर इंद्रजीत बर्मन, सहित राजस्व एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## सड़क सुरक्षा समिति की बैठक दिए कई निर्देश

सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में कलेक्टर कटारा ने राष्ट्रीय राजमार्ग 343 में जिले के अन्तर्गत सर्वाधिक दुर्घटना वाले क्षेत्र में सुरक्षा के सभी आवश्यक व्यवस्था जैसे-वाहनों की गति सीमा का बोर्ड,गति अवरोधक,अंधे मोड़,दुर्घटनाजनक क्षेत्र में संकेत चिन्ह पर्याप्त मात्रा में लगाने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिये गय। उन्होंने कहा कि पूरे जिले में सड़क दुर्घटनाओं पर नियंत्रण के लिए कई तरह के उपाय आवश्यक हैं। सड़कों के निर्माण से जुड़े विभाग सड़कों में सुधार तथा संकेतक लगाने एवं तीव्र मोड़ों को ठीक करने का प्रयास करें। कलेक्टर ने कहा कि सड़क खराब होने के कारण वाहन चालकों को परेशानी होने के साथ कई बार दुर्घटनाएं हुई हैं,इसके लिए बेहतर व्यवस्था बनाए। उन्होंने दुर्घटनाजनक क्षेत्रों में उचित संकेतक, गति अवरोधक सीमा बोर्ड लगाने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिये। साथ ही यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही करें।

उन्होंने ओवरलोड वाहनों का नियमित जांच करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सड़कों पर घूम रहे आवारा पशुओं के प्रबंधन के लिए आवश्यक निर्देश भी दिए। कलेक्टर ने कहा कि जिला परिवहन अधिकारी बसों के फिटनेस और प्रदूषण की नियमित जांच करें। जिन वाहन चालकों द्वारा लापरवाही पूर्वक वाहन चलाकर दुर्घटना को अंजाम दिया जाता है उनके लाइसेंस निरस्त करने की कार्यवाही करें। कलेक्टर कटारा ने दुर्घटना को रोकने हेतु लोगों को हेलमेट पहनकर सीमित गति से वाहन चलाने, नशा सेवन कर वाहन न चलाने, यातायात के नियमों की जानकारी देने हेतु लोगों में जन जागरूकता लाने की बात कही। साथ ही समय-सयम पर स्कूल/कॉलेजों में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों की जानकारी देने के निर्देश जिला परिवहन अधिकारी को दिये।

# 19 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब के साथ आरोपी को नवागढ़ पुलिस ने किया गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ➤ जांजगीर-चांपा
www.dailypioneer.com



19 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब के साथ आरोपी को नवागढ़ पुलिस ने किया गिरफ्तार। पुलिस अधीक्षक जांजगीर चांपा के निर्देशन में जिले में अवैध शराब बिक्री पर अंकुश लाने के लिए लगातार कार्यवाही करने के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में थाना नवागढ़ पुलिस को मुखबीर से सूचना मिला की लल्ला दिवाकर निवासी रोहदी वर्तमान पता ग्राम धाराशिव द्वारा अपने घर के कोला बाड़ी में भारी मात्रा में शराब बिक्री करने के लिए रखा है कि सूचना पर रेड कार्यवाही कर आरोपी के कब्जे से अलग अलग बाटल, जरीकेन एवं प्लास्टिक बाल्टी में जुमला 19 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब कीमती 1900/ को बरामद कर आरोपी के विरुद्ध थाना नवागढ़ में अपराध क्रमांक 495/24 धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विधिवत गिरफ्तार कर 05.12.24 को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। उपरोक्त कार्यवाही में निरीक्षक भास्कर शर्मा थाना प्रभारी नवागढ़, प्रधान आरक्षक प्रेमलाल दिवाकर , जनक कश्यप, कुलदीप खूंटे, संजय टंडन एवं थाना नवागढ़ स्टॉप का सराहनीय योगदान रहा।

# NSUI जिला सक्ति के जिला अध्यक्ष बने 'मयंक सोनी'

पायनियर संवाददाता ➤ जैजैपुर
www.dailypioneer.com



भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन में छत्तीसगढ़ प्रदेश के चार जिलों में नवीन जिला अध्यक्षो की नियुक्ति कर आंशिक फेर बदल किया गया है इसी कड़ी में नवीन जिला सक्ति में इस बार छत्तीसगढ़ प्रदेश के अध्यक्ष नीरज पांडे व प्रदेश प्रभारी आकाश चौधरी के अनुमोदन पर राष्ट्रीय अध्यक्ष वरुण चौधरी जी द्वारा जिले के नवजवान नेतृत्व मयंक सोनी को जिला अध्यक्ष का दायित्व सौपा गया है इस नियुक्ति पर नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत जी पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी व क्षेत्रीय विधायक बालेश्वर साहू की विशेष सहयोग भी प्राप्त हुआ, आपको बता दे कि मयंक सोनी द्वारा कॉंग्रेस के इस छात्र संगठन में लगातार विभिन्न पदों पर अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन कर चुके है इसके पूर्व वे रूंगटा कॉलेज रायपुर के प्रभारी, दुर्ग जिले के महासचिव,एवं एनएसयूआई के प्रदेश सचिव व प्रदेश महासचिव के साथ साथ जांजगीर जिले के प्रभारी भी रह चुके है। छात्र हितों में सदैव लड़ाई लड़ने की क्षमता के आधार पर उन्हें जिला अध्यक्ष का पद सौपा गया है उनकी इस नियुक्ति पर उनसे शीर्षस्थ पार्टी नेताओं ने कांग्रेस की विचारधारा को कायम रखते हुए छात्र हितों में कार्य करने की अपेक्षा की गई है उनकी इस नियुक्ति पर सक्ति जिला अध्यक्ष दादू जायसवाल, चरण दास महंत के प्रतिनिधि गुलजार सिंग, चंद्रपुर विधायक रामकुमार यादव, गिरधर जायसवाल, रश्मि गबेल, मेनका जायसवाल अमर सिंग बनाफर दिगम्बर चौबे, अभिषेक स्वर्णकार, युगल सिंह बनाफर, ने हर्ष व्यक्त किया है।

# लोन में सब्सिडी दिलाने के नाम पर लाखों रुपए का धोखाधड़ी करने वाले आरोपियों को किया गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ➤ जांजगीर-चांपा
www.dailypioneer.com



लोन में सब्सिडी दिलाने के नाम पर लाखों रुपए का धोखाधड़ी करने वाले आरोपियों को किया गिरफ्तार। आरोपियों के विरुद्ध धारा -420, 34, 120बी भादवि 318 (4), 3(5) BNS के तहत कार्यवाही कर भेजा गया न्यायिक रिमांड पर देवप्रसाद साहू निवासी तिलाई थाना जांजगीर द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया कि आरोपी दिनेश सरकार, प्रमोद अग्रवाल, अभिजीत बंछोर व उसके साथियों द्वारा नमो एग्रीकल्चर प्राईवेट लिमिटेड कम्पनी देवेंद्र नगर रायपुर में मछली व मोती पालन करने के लिए लोन लेने से 60 प्रतिशत सब्सिडी दिलाने के नाम पर वर्ष 2023 में अलग अलग व्यक्तियों से 3,28,000/- रुपया लेकर धोखाधड़ी किया है, पैसा वापस मांगने पर वापस नहीं किया जा रहा है कि रिपोर्ट पर आरोपियों के विरुद्ध थाना जांजगीर में अपराध क्रमांक 922/2024 पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। धोखाधड़ी जैसे प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक जांजगीर चांपा के निर्देशन में दौरान विवेचना प्रार्थी, गवाहो का कथन पश्चात् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के कुशल मार्गदर्शन में आरोपियों को उनके सकुनत से पकड़ा जिसको हिरासत में लेकर घटना के संबध में पुछताछ कर मेमोरेण्डम कथन लिया गया जो बताया कि मछली व मोती पालन के नाम पर लोन दिलाने के नाम पर रकम लेना स्वीकार किया गया है, आरोपियो के कब्जे से बैंक स्टेटमेंट, कम्पुटर, मानिटर, सीपीयू को बरामद किया गया है। विवेचना दौरान आरोपी (1) दिनेश सरकार उम्र 36 वर्ष निवासी अभिजात अपार्टमेंट न्यु शांतीनगर रायपुर, थाना सिविल लाईन रायपुर हाल मुकाम नमो एग्रीकल्चर प्रा.लि.करसन चेबंर देवेन्द्र नगर थाना देवेन्द्र नगर रायपुर (02) प्रमोद अग्रवाल उम्र 45 वर्ष निवासी महोबा बाजार, थाना सरस्वती नगर रायपुर (03) अभिजीत बंछोर उम्र 32 वर्ष निवासी प्लाट न 15 सड़क 20 दयानगर भिलाई थाना-नेवाई जिला-दुर्ग (छ0ग0) के विरुध्द अपराध धारा सदर का प्रर्याप्त साक्ष्य पाये जाने से विधिवत गिरफ्तारी कर दिनांक 05.12.24 को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

# बारदाना को लेकर किसान हो रहे हलाकान बोरा बेचने वाले हो रहे मालामाल

पायनियर संवाददाता ➤ मुंगेली
www.dailypioneer.com



क्षेत्र में अव्यवस्थाओं के बीच धान खरीदी का कार्य चल रहा है शासन द्वारा विभिन्न केन्द्रो में 14 नवम्बर से धान खरीदी का कार्य प्रारंभ किया गया है। लेकिन नवम्बर माह बीतने के बाद भी धान खरीदी व्यवस्था में व्यवधान उत्पन्न हो रहा है जिससे धान बेचने वाले किसान हलाकान हो रहे है। सेतगंगा फास्टरपुर परिक्षेत्र के अनेक किसानो ने बताया की उन्हे धान उपार्जन केन्द्र में उन्हें पर्यान्त मात्रा में बारदाना नही मिल पा रहा है जिसके कारण उन्हे खुले बाजार से पुराने जूट के बोरे उॅचे भाव में खरीद कर संग्रहण केन्द्र तक अपना धान भर कर ले जाना पड रहा है। जो बारदाने पहले 12-13 रू. नग में बिक रहा था अब वह एकतरफा जंप लेते हुये 20-25 रू. में धडल्ले से बिक रहा है। जिले के अनेक धान उपार्जन केन्द्रो में एक ओर जहाॅ कुछ पर्याप्त मात्रा में बारदाना मौजूद होने का दावा किया जा रहा है वही सिंगारपुर, तरवरपुर, विचारपुर सहित अनेक धान खरीदी केन्द्रो में किल्लत के चलते किसानो 30-50 फिसदी बारदाना स्वयं का लाने पर ही धान खरीदी का प्रस्ताव दिया जा रहा है। तरह धान खरीदी केन्द्रो में उहापोह की स्थिति निर्मित हो गया है इस बीच सेतगंगा परिक्षेत्र आधा दर्जन से अधिक छोटे बड़े बारदाना दुकानो में किसानो का सैलाब उमड पड़ा है पूरी तैयारी से दिपावली के पहले बारदाना का भारी भरकम रखने वाले बारदाना व्यापारी खुलकर अब बाजार में सौदेबाजी के साथ ऊंचे रेट पर बारदाना बेच रहे है जो बारदाना पहले 12-13 रू. नग में बिक रहा था। अ बवह एकतरफा जंप लेते हुये 20-25 रू. नग धडल्ले से बिक रहा है। धान खरीदी केन्द्रो में बारदाना की किल्लत के वजह से राजनांदगांव सहित भांठापारा में बारदाना व्यापारियों का यहाॅ ग्राहको का अंबार लगा हुआ है। मुंगेली सहित ग्रामीण क्षेत्रो के व्यापारी राजनांदगांव भाठापारा से बारदाना खरीदकर लाकर किसानो को बेच रहे है जगह जगह बारदाने की दुकान लगाकर खुलेआम ऊंचे दर पर जूट बारदाने की बिक्री धड़ल्ले से कर रहे है। अनेक युवक व व्यापारी जो कल तक दुसरे व्यवसाय में मस्त/व्यस्थ से वे अब बारदाना व्यापार में कुद पड़े है और नगद में धडल्ले से किसानो को बारदाना बेचकर मालामाल हो रहे है।

## जरूरतमंद परिवार एवं स्कूली बच्चो को गर्म कपडे, राशन, चप्पल, स्कूली व अन्य दैनिक उपयोग की जरूरी सामग्रीयां बांटी गई

# बाराद्वार की अग्रणी सामाजिक संस्था महिला जागृति ने किया सेवा कार्य

पायनियर संवाददाता ➤ सक्ती
www.dailypioneer.com





नवगठित शक्ति जिले के बाराद्वार शहर में वर्षों से मारवाड़ी युवा मंच की महिला जागृति शाखा द्वारा निरंतर वर्ष भर सेवा के कार्य, सामाजिक एवं रचनात्मक कार्य किये जा रहे हैं, तथा समय-समय पर शाखा द्वारा जहां जरूरतमंदों की सेवा भी की जाती है, तो वहीं धार्मिक कार्यक्रमों में भी बढ़-चढ़कर इस शाखा ने अपना योगदान दिया है। इसी श्रृंखला में वर्तमान समय में पड़ रही भारी ठंड को देखते हुए मारवाड़ी युवा मंच महिला जागृति शाखा बाराद्वार के पदाधिकारीयो एवं सदस्यो ने सक्ति विकासखंड के आदिवासी ग्राम रेनखोल एवं आसपास के गांवो में गरीब जरूरतमंद परिवार एवं स्कूली बच्चो को गर्म कपडे, राशन, चप्पल, स्कूली व अन्य दैनिक उपयोग की जरूरी सामग्रीयां बांटी गई, जिससे ग्रामीणो के चेहरे पर मुस्कान देखने को मिली।

बाराद्वार में संचालित मारवाड़ी युवा मंच महिला जागृति शाखा की पदाधिकारीयो एवं सदस्याओं के द्वारा एक सप्ताह पूर्व एक बैठक आयोजित कर आसपास के गांव में जरूरतमंद परिवारो को गरम कपडे, राशन सामान एवं रोजाना उपयोग में आने वाली विभीन्न वस्तुए निःशुल्क बांटने की योजना बनाई गई थी, जिसके तहत 3 दिसंबर को समिति की पदाधिकारी एवं सदस्यगण दूरस्थ आदिवासी ग्राम रेनखोल के अलावा आसपास के गावो में पहूँचकर वहां निवासरत जरूरतमंद गरीब परिवारों के सदस्यो को गर्म कपडे कंबल, चादर, साल, स्वेटर, मोजे, चप्पल, कपडे, स्कूली सामान, बैग, राशन सामान, चाकलेट सहित दैनिक उपयोग में आने वाली विभीन्न जरूरी सामग्रीयां बांटी गई एवं उनके साथ कुछ समय बिताया एवं उनकी जीवन शैली के साथ दिनचर्या के बारे में भी जानकारी ली। इस दौरान आदिवासीयो के द्वारा हाथ से बनाये जाने वाले सूपा, झाड़ू, टोकरी, कूंद्रा व अन्य सामानो को बनाते देख सभी समिति की महिलाओ ने आदिवासीयो द्वारा निर्मित सामानो की प्रशंसा की गई।

इस अवसर पर मारवाड़ी युवा मंच महिला जागृति शाखा बाराद्वार की अध्यक्ष नेहा सांवडिया, सचिव प्राची जिंदल, सृष्टी शर्मा, रूचि बंसल, सरला केडिया, मोना बंसल, सोनु कलानोरिया, अनिता जिंदल, नेहा अग्रवाल, निशा सांवडिया, विभा मोदी, नेहा सिंघानिया, खुशबु सिंघानिया एवं मोनेश अग्रवाल उपस्थित थे। मारवाड़ी युवा मंच महिला जागृति शाखा बाराद्वार की कोषाध्यक्ष सृष्टि साँवड़िया एवं उपाध्यक्ष सुधा अग्रवाल ने बताया कि समाज सेवा एवं जनकल्याण से जुड़े कार्यो के लिए उनकी समिति निःस्वार्थ एवं समर्पित भाव से लगातार कार्य कर रही है एवं आगे भी तत्पर रहेगी।

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता**
**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खण्ड, कबीरधाम (छ.ग.)**

**// निविदा निरस्त सूचना //**

इस कार्यालय के निविदा सूचना क्रमांक 09 दिनांक 19.11.2024 को अपरिहार्य कारणों से निरस्त किया जाता है।

**पूर्व जी. क्रमांक 242503902 दिनांक 21.11.2024**

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड
कबीरधाम (छ.ग.)

जी.- 242504363/3

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड जगदलपुर (छ.ग.)**
Office Phone No. 07782-222224, 223443 Email ID- eejag-phe-cg@nic.in

नि.क्र. 23/ज.जी.मि. / नि.प्र./का.अ./ लो.स्वा.यां.खं. / 2024 जगदलपुर, दि. 03.12.2024

**// ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना (प्रथम आमंत्रण) //**

जिला बस्तर में जल जीवन मिशन योजना अंतर्गत वाहन किराये पर लेने के लिए सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों/अन्य से प्रपत्र "ब" में आनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित किया जाता है।

| निविदा सुचना क्रमांक | सिस्टम निविदा क्रमांक | जिला | किराये वाहन की संख्या एवं प्रकार | अनुमानित लागत (रू.लाख में) | अमानत राशि (रू.मे) |
|---|---|---|---|---|---|
| 23/03-12-2024 | 162394 | बस्तर | 05/महिन्द्रा स्कार्पियो | 39.00 | 100000/- |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा दिनांक 21.12.2024 तक आमंत्रित की जाती है। निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https:\\eproc.cgstate.gov.in पर देखी एवं डाउनलोड की जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता,
लोक-स्वास्थ्य यॉंत्रिकी खण्ड
जगदलपुर (छ.ग.)

जी.-242504346/4

# विद्यार्थी के लिए ई-कंटेंट को उपयोगी बनाना शिक्षक की जिम्मेदारी : प्रो. एस.के. पांडेय

## ई कंटेंट डेवलपमेंट विषय पर विप्र कॉलेज में तीन दिवसीय नेशनल वर्कशॉप

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com




विप्र कला, वाणिज्य एवं शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय एवं विवेकानंद महाविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में वाणिज्य एवं प्रबंध संकाय द्वारा ई कंटेंट डेवलपमेंट विद एक्सेसिबल प्लेटफॉर्म इन वेरियस फैकल्टी ऑफ स्टडीज विषय पर आयोजित तीन दिवसीय नेशनल वर्कशॉप का उदघाटन समारोह अंचल के प्रसिद्ध शिक्षाविद एवं खगोल विज्ञानी प्रो. एस.के. पांडेय (पूर्व कुलपति, पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर) के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। हाई ब्रीड मोड में आयोजित विप्र कॉलेज सभागार में वर्कशॉप के उदघाटन अवसर पर प्रो. एस.के. पांडेय ने कहा कि ई कंटेंट को विद्यार्थी के लिए उपयोगी बनाना शिक्षकों की जिम्मेदारी है। हम डिजिटल इंडिया के सही भागीदार तभी होंगे, जब आवश्यकता के अनुसार ई कंटेंट का उपयोग करना सीख जाएंगे। यह आज के वक्त की मांग है। विकसित भारत डिजिटल इंडिया से ही संभव है और डिजिटल इंडिया ई कंटेंट के सही उपयोगिता पर निर्भर है।उन्होंने कहा विज्ञान और तकनीक ने बहुत कुछ दिया है, इंटरनेट का जमाना है। पर यह उपयोगी होने के साथ-साथ आज की युवा पीढ़ी के लिए खतरनाक भी है। इसलिए इसके गलत उपयोग से बचते हुए सही उपयोग के लिए विद्यार्थी को मार्ग प्रशस्त करना प्राध्यापकों की जवाबदारी है। अतः ई-कंटेंट डेवलपमेंट विषय पर वर्कशॉप का आयोजन वर्तमान समय में आवश्यकता के अनुरूप है। इसके पूर्व अतिथियों का स्वागत करते हुए विप्र कॉलेज के प्राचार्य डॉ.मेघेश तिवारी ने बताया कि ई कंटेंट डेवलपमेंट से अध्यापकों को अपडेट करने के लिए और वर्तमान समय में शोध के लिए उपयोगी यह कार्यशाला निश्चित ही अपने उद्देश्य को प्राप्त करने में सफल होगा। इस अवसर पर विवेकानंद कॉलेज के प्राचार्य डॉ. मनोज मिश्रा ने कहा कि विचारों का आदान-प्रदान होना चाहिए ।पहले पढ़ने के लिए मटेरियल नहीं था। भाषा की भी समस्या थी। पर डिजिटल युग में हर विषय में ढेर सारे मटेरियल उपलब्ध है। इसमें विद्यार्थी के लिए कौन सा उपयोगी है और कितना विश्वसनीय हैं, यह ई कंटेंट के विषय में बहुत बड़ी समस्या है। अतः इस समस्या के समाधान के लिए विषय विशेषज्ञों की मदद से जानकारी प्राप्त होगा तो निश्चित ही प्राध्यापकों और शोधार्थी को लाभ होगा। इसके पूर्व तीन दिवसीय कार्यशाला के कार्यक्रम का विवरण विप्र कॉलेज के सहायक प्राध्यापक एवं कार्यशाला के संयोजक डॉ. आराधना शुक्ला ने प्रस्तुत किया। उद्घाटन समारोह के अंत में आभार प्रदर्शन विवेकानंद कॉलेज के प्रबंध संकाय विभागाध्यक्ष डॉ .अशोक कुमार झा ने किया। उद्घाटन समारोह के बाद प्रथम तकनीकी सत्र के मुख्य वक्ता विषय विशेषज्ञ डॉ. विनोद कुमार पटले (एसोसिएट प्रोफेसर, स्कूल ऑफ स्टडीज कंप्यूटर साइंस पंडित रविशंकर विश्वविद्यालय रायपुर) ने लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए ई-कंटेंट के लिए विभिन्न प्लेटफार्म को उपयोग करने की विधि से अवगत कराया। साथ ही उन्होंने ई कंटेंट एनालिसिस, डिलीवर प्रोसेस और इफेक्टिव बनाने के मेथड से अवगत कराया। दूसरे तकनीकी सत्र में विषय विशेषज्ञ डॉ.महेश एन.जीवानी (प्रोफेसर एवं हेड डेवलपमेंट ऑफ इलेक्ट्रॉनिक्स सौराष्ट्र यूनिवर्सिटी गुजरात) ने अपने व्याख्यान में ए.आई. के प्रयोग द्वारा इफेक्टिव पीपीटी एवं वीडियो बनाने के मेथड से अवगत कराया। वर्कशॉप का संचालन विप्र कॉलेज के सहायक प्राध्यापक डॉ. निधि शुक्ला ने किया। अंत में प्रथम दिवस के तकनीकी सत्र का सारांश विप्र कॉलेज वाणिज्य संख्या के विभागाध्यक्ष डॉ. विवेक कुमार शर्मा ने प्रस्तुत किया। वर्कशॉप में विप्र एवं विवेकानंद महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक सहित पंजीकृत शोधार्थी शामिल हुए। शुक्रवार को कार्यशाला के द्वितीय दिवस प्रथम तकनीकी सत्र में विषय विशेषज्ञ डॉ. आशीष दुबे (सहायक प्राध्यापक विवेकानंद महाविद्यालय रायपुर) का व्याख्यान होगा। दूसरे तकनीकी सत्र में डॉ. विनोद कुमार पटले (एसोसिएट प्रोफेसर स्कूल ऑफ स्टडीज कंप्यूटर साइंस पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर) का व्याख्यान होगा।

# साई बाबा अस्पताल का कॉस्मेटिक गायनेकोलॉजी विभाग : महिलाओं के लिए विशेषज्ञ समाधान

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com

एसबीएच कॉस्मेटिक गायनेकोलॉजी अस्पताल ने महिलाओं के स्वास्थ्य और उनकी समस्याओं को हल करने की दिशा में एक नई पहल शुरू की है। कॉस्मेटिक गायनोकोलॉजी एक नया और महत्वपूर्ण क्षेत्र है जो महिलाओं को उनके शरीर के प्रति आत्मविश्वास महसूस करने में मदद करता है। इस प्रक्रिया के माध्यम से, महिलाओं के शरीर के आंतरिक अंगों में हुए बदलावों को सुधारा जा सकता है, जिससे वे फिर से पहले जैसी महसूस कर सकें। यह अस्पताल विशेष रूप से महिलाओं में योनि रिसाव (वजाइनल लीकेज), आंतरिक ढीलापन दांपत्य आनंद में कमी जैसी समस्याओं के समाधान के लिए विशेषज्ञ सेवाएं प्रदान करता है। यह एक आम लेकिन संवेदनशील समस्या है, जो कई महिलाओं को प्रभावित करती है। एसबीएच अस्पताल के स्मेटिक गायनेकोलॉजी विभाग में अत्याधुनिक तकनीक और विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम के साथ इस समस्या का सटीक निदान और प्रभावी उपचार उपलब्ध है। अस्पताल की निदेशक, डॉ. स्वाति महोबिया ने महिलाओं के स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने के लिए इस विशेष सुविधा की स्थापना की है। डॉ. महोबिया ने कहा, हमारा उद्देश्य महिलाओं को उनकी समस्याओं के लिए न केवल चिकित्सा सहायता प्रदान करना है, बल्कि उनके आत्मविश्वास और जीवन की गुणवत्ता को भी बेहतर बनाना है। कॉस्मेटिक गायनेकोलॉजी विभाग में महिलाओं की हर समस्या को गोपनीयता और संवेदनशीलता का पूरा ध्यान रखा जाता है साथ ही अस्पताल उन्नत सुविधाओं और अनुभवयुक्त डॉक्टरों की टीम से सुसज्जित है। एसबीएच अस्पताल के इस शुभारम्भ से निश्चित ही महिलाओं को उनके आत्मविश्वास और सुंदरता को बढ़ाने में मदद मिलेगी।

# भारतीय भाषा उत्सव का आयोजन

पायनियर संवाददाता सरायपाली
www.dailypioneer.com




छत्तीसगढ़ में एकता भारतीय भाषा उत्सव का आयोजन किया जा रहा है,जो 4 दिसंबर से 11 दिसंबर तक चलेगा,इस उत्सव के दौरान राज्य के सभी स्कूलों में विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे,जिसमें भारतीय भाषाओं और स्थानीय भाषाओं के महत्व पर जोर दिया जाएगा। उत्सव के पहले दिन 4 दिसंबर को स्कूलों में वॉल मैग्ज़ीन तैयार की गई, जिसमें भारतीय भाषाओं और स्थानीय भाषाओं के बारे में जानकारी दी गई,इसके अतिरिक्त बच्चों को विभिन्न प्रकार के अनुभवों को साझा करने के लिए नेचर वॉक का आयोजन किया गया। इस उत्सव का उद्देश्य भारतीय भाषाओं और स्थानीय भाषाओं के महत्व को बढ़ावा देना और बच्चों में भाषाई जागरूकता को बढ़ावा देना है। भाषा उत्सव का आयोजन शासकीय प्राथमिक शाला कसडोल में किया गया,इसमें बच्चों ने विभिन्न प्रकार के लेख लिखकर वॉल मैग्जीन में प्रदर्शित किया और साथ ही बच्चों को नेचर वॉक कराया गया,जिसमें उन्होंने विभिन्न पेड़ के बारे में जाना एवं पेड़ से होने वाले लाभ एवं पेड़ के महत्व को समझा। इसी तरह का आयोजन शासकीय प्राथमिक शाला बनीगिरोला, शासकीय प्राथमिक शाला मुंधा एवं शासकीय प्राथमिक शाला सिरशोभा में किया गया। इसमें समुदाय के सहयोग से बच्चों को नेचर वॉक कराकर विभिन्न स्थान के बारे में चर्चा किया गया बच्चे स्वयं की भाषा में चर्चा किये,जिससे बच्चों में अपने भाषा के प्रति लगाव एवं आत्मविश्वास बढ़ेगा और बच्चे रुचि लेकर अपने मातृभाषा का प्रयोग करेंगे।

# एनएसएस शिविर के बौद्धिक परिचर्चा में शामिल हुए योग गुरु योगेश थावैत



पायनियर संवाददाता जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

शासकीय महाविद्यालय संत गहिरा गुरु बगीचा के द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ राजीव रंजन तिग्गा के दिशा निर्देश एवं संचालन में आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर में बौद्धिक परिचर्चा में प्रदेश के जाने-माने पत्रकार एवं योग गुरु योगेश थवैत उपस्थित हुए अपने कुशल व्याख्यान एवं नेतृत्व क्षमता से उन्होंने सभी शिवरात्रियों का दिल जीत लिया बहुमुखी प्रतिभा के धनी योगेश ने कई महत्वपूर्ण विचार छात्र-छात्राओं के सामने रखें तथा उन्हें जीवन में अमल करने की कला सिखाई उन्होंने सर्वप्रथम पत्रकारिता विषय की संक्षिप्त जानकारी दी तथा खबर कैसे बनता है तथा अच्छे खबर की विशेषता पर प्रकाश डाला उन्होंने आत्मज्ञान तथा आध्यात्मिक शक्ति का भी जिक्र करते हुए उदाहरण प्रस्तुत किया उन्होंने नशा को सबसे बड़ी बुराई बताया जिसके कारण आज युवा पीढ़ी की स्थिति अत्यंत सोचनीय हो गई है अपने गीत के माध्यम से उन्होंने संदेश दिया कि नशा से सब कुछ बर्बाद हो सकता है गुरु योगेश के मनमोहक अंदाज एवं गंभीरता का असर सभी उपस्थित स्वयंसेवकों में देखा जा सकता है परिचर्चा के दौरान स्वयंसेवकों ने भी कई सवाल पूछे जिसे योगेश ने बड़े रोचक अंदाज में अपना जवाब प्रस्तुत किया उनकी उपस्थिति निसंदेह प्रेरणादायक रही।

# ग्राम किरवई में आयुष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन आज

**गरियाबंद।** विकासखंड स्तरीय आयुष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन 06 दिसम्बर 2024 को विकासखंड फिंगेश्वर के सरस्वती शिशु मंदिर परिसर किरवई में आयोजित किया जायेगा। शिविर में आयुर्वेदिक एवं होम्योपैथी चिकित्सा अधिकारी शिविर में मौजूद होकर लोगों की स्वास्थ्य जांच करेंगे। शिविर में दवाई वितरण के लिए फार्मासिस्ट भी मौजूद रहेंगे। शिविर में औषधालय सेवक एवं महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता की भी ड्यूटी लगाई गई है। जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ. निकिता ध्रुव ने अधिक से अधिक लोगों को उपस्थित होकर स्वास्थ्य जांच कराने एवं जरूरी स्वास्थ्य सलाह प्राप्त करने की अपील की है।

# 7 दिसम्बर से 24 मार्च 2025 तक चलेगा टीबी मुक्त भारत अभियान

## चार चरणों में सम्पन्न होगा 100 दिवसीय अभियान

पायनियर संवाददाता दुर्ग
www.dailypioneer.com

भारत सरकार व्दारा संचालित राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत 2025 तक टीबी उन्मूलन का लक्ष्य रखा गया है। कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी की अध्यक्षता मे विगत दिनों जिला स्तरीय अंर्तविभागीय समन्वय बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज दानी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ. भुमिका वर्मा एवं स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी उपस्थित थे। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज दानी ने बताया कि जनभागीदारी से 'निक्षय- निरामय छत्तीसगढ़' 100 दिवसीय पहचान एवं उपचार अभियान (टीबी मुक्त भारत अभियान) 07 दिसम्बर से 24 मार्च 2025 तक चलाया जायेगा। अभियान चार चरणों में सम्पन्न होगा। पहला चरण- 07 दिसम्बर 2024 से 22 दिसम्बर 2024, दूसरा चरण- 23 दिसम्बर 2024 से 28 फरवरी 2025, तीसरा चरण- 01 मार्च 2025 से 15 मार्च 2025 एवं चौथा चरण - 16 मार्च 2025 से 24 मार्च 2025 तक होगा। उन्होंने बताया कि 7 दिसम्बर को कार्यक्रम का शुभारंभ किया जायेगा तथा समुदाय के लोगों को निक्षय मित्र बनाने के लिए प्रेरित किया जायेगा। इसके अतिरिक्त जनप्रतिनिधि सहित लोगों के माध्यम से कार्यक्रमों में क्षय उन्मुलन एवं कुष्ठ के विषय में जागरूकता लाई जायेगी। टीबी मुक्त भारत अभियान में जिले के सभी शासकीय विभाग, स्वास्थ्य विभाग, पंचायत प्रतिनिधि, स्वयं सेवी संगठन इत्यादि भी अपनी सहभागिता निभायेंगे। जिला प्रशासन द्वारा टीबी मुक्त भारत अभियान में जनभागीदारी के लिये कार्य करने वाले स्वास्थ्य कर्मी, पंचायत प्रतिनिधि, जनप्रतिनिधि मितानीन स्वयं सेवी संगठनो को अपना योगदान देने और टीबी मुक्त बनाने के प्रयास में लगे रहने की अपील की गई है।

# जल जीवन मिशन : हर घर पहुंचा नल से जल, ग्रामीणों में खुशी का माहौल



पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com

सरकार की फ्लैगशिप योजना जल जीवन मिशन के अंतर्गत प्रत्येक गांव में ग्रामीणों को स्वच्छ पेयजल मुहैया कराने की दिशा में हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। इस योजना के अंतर्गत मुंगेली जिले के ग्राम बोदा में हर घर में नल से जल पहुंच चुका है। घर में ही शुद्ध पेयजल मिलने से ग्रामीणों को दूर से पानी लाने की समस्या से छुटकारा मिल गया है, जिससे खुशी का माहौल है। कलेक्टर के मार्गदर्शन में पीएचई विभाग द्वारा जल जीवन मिशन के तहत ग्राम बोदा में 4185 मीटर पाइप लाइन बिछाकर 185 घरों में नल का कनेक्शन दिया गया है, जिसके माध्यम से प्रत्येक घर में नल से स्वच्छ पेयजल पहुंच रहा है। जिला मुख्यालय मुंगेली से लगभग 20 किलोमीटर की दूरी पर स्थित ग्राम बोदा की जनसंख्या लगभग 792 है। ग्राम में 04 हैंडपंप स्थापित है, जिससे यहां की ग्रामीणों का काफी समय पानी लाने में ही व्यतीत होता था। खासकर गर्मी के समय भू-जल के स्तर नीचे चले जाने से समस्या दुगनी हो जाती थी। गांव की 35 वर्षीय लक्ष्मी बाई बताती है, कि उन्हें पानी लेने के लिए आधा किलोमीटर दूर जाना पड़ता था। अब दरवाजे में नल का कनेक्शन लग गया गया है और उन्हें पर्याप्त पानी मिल रहा है। ग्रामीणों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को धन्यवाद ज्ञापित किया है।

# प्री मेट्रिक छात्रावास के छात्र-छात्राओं को शैक्षणिक कार्य संबंधित सामग्रियां वितरित

पायनियर संवाददाता महासमुंद
www.dailypioneer.com

आदिम जाति एवं अनुसूचित जाति विकास विभाग अंतर्गत विकासखंड महासमुंद में संचालित छात्रावास और आश्रमों में निवासरत छात्र-छात्राओं को शिक्षण कार्य से संबंधित आवश्यक सामग्रियां प्रदाय किया जा रहा है। प्राप्त जानकारी अनुसार विकासखंड महासमुंद के अंतर्गत वर्तमान में कुल 25 छात्रावास और आश्रम संचालित जिसमें प्री मैट्रिक के 16, आश्रम शाला 3 और पोस्ट मैट्रिक के 6 छात्रावास संचालित है। पूर्व सत्र में विभागीय आदेश के द्वारा निर्देशित किया गया था कि छात्रावास और आश्रमों में प्रदाय की जाने वाली शिष्यवृत्ति के राशि के बचत राशि से छात्र-छात्राओं को स्कूल बैग, कॉपी, पेन, लोअर, टी शर्ट, ट्रैक शूट जैसे आवश्यक सामग्रियां दिया जाना है। जिसके परिपालन में महासमुंद के सभी प्री मेट्रिक छात्रावास और आश्रमों में अधीक्षकों के द्वारा उपरोक्त सामग्रियां प्रदाय किया जा रहा है। सामग्री प्रदाय किए जाने के संदर्भ में शासन और प्रशासन की मुख्य मंशा बच्चों की उपस्थिति सही रखने और साथ ही छात्रावास में बच्चों की रुचि बनाए रखना है। जिससे बच्चों में नया उमंग और ऊर्जा बना रहे साथ ही दूरस्थ अंचलों से आकर छात्रावासों में निवास करने वाले बच्चों में पढ़ाई लिखाई के प्रति रुचि बने रहे और उन्हें छात्रावास आश्रम भी अपने घर जैसा लगे। इस संदर्भ में सहायक आयुक्त शिल्पा साय के द्वारा अधीक्षकों को समय समय पर निर्देश दिए जाते है एवं सामग्रियों का वितरण करवाया जाता है। उनके द्वारा समय समय पर सभी छात्रावास और आश्रमों में सतत निरीक्षण कर आवश्यक व्यवस्था की जानकारी भी ली जाती है। कुछ दिनों पूर्व कलेक्टर विनय लंगेह के द्वारा भी छात्रावास और आश्रमों में निरीक्षण कर आवश्यक मूलभूत व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखने के संबंध में निर्देश दिए गए थे।

# सरकारी अस्पताल में मरीजों को दवाइयां नहीं, डॉक्टर मुर्गा पार्टी कर रहे

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com



प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि सरकारी अस्पताल में मरीजों को दवाइयां नहीं मिल रही, डॉक्टर मुर्गा पार्टी कर रहे। दुर्ग जिला के कन्हारपुरी सरकारी अस्पताल जिसे 10 बजे खुलने के बाद 4 बजे बंद होना था। लेकिन अस्पताल को 2 बजे ही बंद कर वहां मुर्गा पार्टी किया जा रहा था। और यह कोई पहली घटना नहीं है इसके पहले भी दुर्ग जिला के कई सरकारी अस्पतालों में दारू पार्टी, मुर्गा पार्टी की खबरें सामने आई है, उसके बावजूद सरकार इसे सुधारने की दिशा में कोई काम नही किया गया है। प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि स्वास्थ्य मंत्री मीडिया में स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूत बताने बड़े-बड़े दावे करते हैं लेकिन हकीकत में स्थिति यह है कि सरकारी अस्पताल सुविधाओं के अभाव से जूझ रहा है अस्पतालों में समय पर चिकित्सक नही मिलते दवाईयां टेस्टिंग किट की कमी है, एक्सरे, सीटी स्किन, एमआरआई, नही हो रहा है ऑक्सीजन, बेड की कमी है। मरीज ईलाज के लिए भटक रहे आयुष्मान योजना में निजी अस्पताल ईलाज नही कर रहे है। प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल से स्वास्थ्य व्यवस्था संभल नहीं रही है, इसलिए सरकारी अस्पतालों की यह दुर्दशा है। भाजपा की सरकार बनने के बाद स्वास्थ्य व्यवस्था बेपटरी हो गई है। मरीज इलाज के अभाव में भटक रहे हैं, सरकारी अस्पताल में मरीजों का इलाज नहीं हो रहा है। डबल इंजन की सरकार में मरीजों को डबल चोट लग रहा है, एक तो सरकारी अस्पताल में इलाज नहीं हो रहा है, दूसरी ओर आयुष्मान योजना में निजी अस्पताल इलाज नहीं कर रहे।

# चेतना चाइल्ड एंड वूमेन वेलफेयर सोसाइटी द्वारा एड्स के प्रति जागरूकता के लिए विशेष अभियान आयोजित किया गया



पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com

चेतना चाइल्ड एंड वूमेन वेलफेयर सोसाइटी द्वारा एचआईवी/एड्स के प्रति जागरूकता के लिए विशेष अभियान आयोजित किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में नागरिकों को एकत्रित कर एचआईवी/एड्स से संबंधित जागरूकता सामग्री (आईईसी मटेरियल) का वितरण किया गया और यह समझाया गया कि एचआईवी से बचाव का सबसे प्रभावी तरीका सुरक्षित और जागरूक रहना है। साथ ही, एक निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें एचबी, सीबीसी, शुगर, रक्तचाप, एचआईवी जांच और टीबी के लिए एक्स-रे जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं। मुख्यमंत्री स्वास्थ्य योजना और टीबी अस्पताल के स्टाफ ने लगभग 200 व्यक्तियों की जांच की। इस अभियान में स्थानीय मितानिन ट्रेनर्स और संस्था के स्टाफ ने सक्रिय भागीदारी निभाई। एचआईवी/एड्स एक गंभीर स्वास्थ्य समस्या है, जो असुरक्षित यौन संबंध, संक्रमित सुइयों का उपयोग या एचआईवी संक्रमित खून चढ़ाने से फैलती है। यह शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली को कमजोर कर देता है, जिससे व्यक्ति अन्य गंभीर बीमारियों का शिकार हो सकता है। इस रोग के प्रति जागरूकता और समय पर जांच अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम में बिरगांव के महापौर नंदलाल देवांगन और सभापति कृपाराम निषाद ने संस्था के प्रयासों की सराहना की। संस्था की प्रोजेक्ट डायरेक्टर इंदु साहू ने बताया कि चेतना चाइल्ड एंड वूमेन वेलफेयर सोसाइटी वर्ष 2009 से एचआईवी/एड्स पर कार्य कर रही है। अब तक 58 एचआईवी संक्रमित व्यक्तियों को एआरटी के माध्यम से दवाएं उपलब्ध कराई जा चुकी हैं। संस्था ने भविष्य में भी इस दिशा में सतत कार्य करने की प्रतिबद्धता जताई।

# जिला अस्पताल में टीबी मरीजों को अतिरिक्त पोषण आहार का किया गया वितरण

पायनियर संवाददाता गरियाबंद
www.dailypioneer.com



भारत सरकार के नीति आयोग के आकां विकासखंड कार्यक्रम के तहत जिला गरियाबंद के गरियाबंद एवं मैनपुर विकासखंड में स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा, कृषि, जल संसाधन, वित्तीय समावेशन और आधारभूत अधोसंरचना जैसे कार्यों को बढ़ावा देने हेतु निरंतर गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। इसी अनुक्रम में कलेक्टर दीपक अग्रवाल के निर्देशन में और मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत के मार्गदर्शन में जिला अस्पताल के जिला क्षय उन्मूलन केंद्र, गरियाबंद में विकासखंड गरियाबंद के टीबी मरीजों को निक्षय मित्रों द्वारा अतिरिक्त पोषण आहार का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम का नेतृत्व मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत गरियाबंद, अमजद जाफरी ने किया। कार्यक्रम में जिला टीबी उन्मूलन अधिकारी डॉ. ए. के. हुमने, बीएमओ डॉ. बी. बारा, एमओ डॉ. हरीश चौहान, बीपीएम हेल्थ शेखर धुर्वे, विकास विस्तार अधिकारी राकेश साहू, खगेन्द्र कुमार (एसएफ्आईसी माइक्रोसव कंसल्टिंग, नीति आयोग के डेवलपमेंट पार्टनर), और आकां ब्लॉक फेलो तरुण कुमार कोराम उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समन्वय पिरामल स्वास्थ्य की सदस्य सु नर्मदा साहू के सहयोग से किया गया। इस पहल के तहत, टीबी मरीजों को उनकी पोषण संबंधी जरूरतों को पूरा करने के लिए अतिरिक्त पोषण आहार उपलब्ध कराया गया। इस अवसर पर सभी उपस्थित अधिकारियों ने स्वास्थ्य और पोषण के क्षेत्र में जागरूकता बढ़ाने और टीबी उन्मूलन के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता पर जोर दिया। यह पहल, टीबी रोगियों के स्वास्थ्य में सुधार के साथ-साथ उन्हें सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# मिनीमाता कन्या महाविद्यालय में मनाया गया विश्व दिव्यांगता दिवस

पायनियर संवाददाता बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



शासकीय मिनीमता कन्या महाविद्यालय बलौदाबाजार में 2 से 3 दिसम्बर तक विश्व विकलांगता दिवस मनाया गया। यह कार्यक्रम दिव्यांग व्यक्तियों के संघर्षो और उपलब्धियों को सम्मानित करने के साथ-साथ उनके प्रति समाज में जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से आयोजित किया गया।कार्यक्रम महाविद्यालय के छात्राओं के लिए अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने और दिव्यांगता से संबंधित विषयों को समझने का एक अनूठा अवसर रहा। कार्यक्रम में क्विज प्रतियोगिता व भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें क्विज प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार-5000, द्वितीय-3000, तृतीय-2000 तथा भाषण में प्रथम पुरस्कार-2000, द्वितीय-1000 व तृतीय पुरस्कार-500 रखा गया था। आनंद हास्पिटल द्वारा दो दिवसीय हेल्थ कैम्प का आयोजन किया गया जिसमे सभी छात्राओं का मुफ्त में हेल्थ जांच किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ आनंद बहादुर,विशिष्ट अतिथि शासकीय दाऊ कल्याण स्नातकोत्तर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. ए.आर.सी. जैम्स,सहा. प्राध्यापक डॉ. कल्पना उपाध्याय,डॉ. सुनीता त्यागी सहित महाविद्यालय केसमस्त अधिकारी,छात्र- छात्राएं उपस्थित रहे।

# मांझी सरकार के इन सिपाहियों में अपनी सरकार के प्रति है अटूट आस्था

## कंगला मांझी के 40वीं पुण्यतिथि पर बघमार में एकत्र हुए देश के विभिन्न हिस्सों से मांझी सरकार के वर्दीधारी सैनिक

पायनियर संवाददाता ◀ बालोद
www.dailypioneer.com





पायनियर विशेष

बघमार से लौटकर रवि भूतड़ा, बालोदः जिले के वनांचल मे स्थित ग्राम बघमार मे इन दिनो मांझी सरकार के सिपाहियो का जमावाड़ा है। हर साल 5 दिसंबर को देश के विभिन्न हिस्सो से यहॉ हजारो की तादात में सिपाही अपने मांझी सरकार के संस्थापक स्व. हीरासिंह देव उर्फ कंगला मांझी के 40वीं पुण्यतिथि में श्रद्धांजलि देने यहॉ पहुंचते है। बता दे ये वही मांझी सरकार है, जिन्होंने अंग्रेजो की नाक में दम कर दिया था और नेता जी सुभाष चंद्र बोस के आजाद हिन्द फौज से काफी प्रेरित हुए थे। जहा इस बार भी वर्दी धारी सैनिक बड़ी तादात में इस स्थल पर पहुँचकर अपने संस्था के संस्थापक की समाधि में श्रद्धा के फूल अर्पित किये। गुरुवार को पारम्परिक पूजा के साथ 8 दिसंबर तक चलने वाले इस तीन दिवसीय आयोजन का शुरूआत हुआ। बता दे कि कंगला मांझी के द्वारा गठित इस मांझी सरकार को मांझी अन्तर्राष्ट्रीय समाजवाद आदिवासी किसान सैनिक भी कहा जाता है।

आजादी के पूर्व स्व.हीरा सिंह उर्फ कंगला मांझी के द्वारा गठित मांझी सरकार का अस्तित्व आज भी कायम है। इनका प्रमुख कार्यालय नई दिल्ली में है। लेकिन इस सरकार का संचालन बालोद जिला के ग्राम बधमार स्थित जंगल यानी कि इसी स्थान से होता था।

**देश के विभिन्न हिस्सों में है निवासरत सिपाही**

बता दे कि इस संस्था के संस्थापक स्व. हीरासिंह देव उर्फ कंगला मांझी के निधन के बाद अब इस सरकार का बागडोर उनकी धर्म पत्नी फूलवा देवी संभाली हुई है, जो कि इस संस्था के माध्यम व मांझी के बताये मार्गो का अनुशरण करते हुए सैनिको को जीवन मे आगे बढ़ने की सीख देती हुई सैनिको सक्षम बनाना चाहती है। आजाद हिंन्द फौज के सिपाहियो की वर्दी ओर अनुशासन को अपनाकर ये सिपाही काफी गौरव महसूस करते है। ऐसे समय मे हर साल यहॉ ये सिपाही आते है और ऐसे मुश्किल हालातो मे भी यहां रहते हुए भी इन सैनिको की आस्था अपनी सरकार के प्रति जरा भी कम नही होती। मांझी सरकार के इन सिपाहियो मे अपनी सरकार के प्रति अटूट आस्था है। इन सैनिको मे महिलाए भी शामिल है। सभी में अपनी सरकार के प्रति गजब का समर्पण है। इनके दिलो में कंगला मांझी के लिये अपार श्रद्धा है। वही इनके साथ साथ कंगला मांझी का परिवार भी अपनी इस संस्था के लिये बेहद गंभीर है। बहरहाल इन सैनिको की मांझी सरकार के प्रति आस्था ही कहा जाए, जिसके चलते आजादी से पहले गठित इस सरकार का अस्तित्व आज भी कायम है और इनके लाखो सिपाही आज भी देश के विभिन्न हिस्सो मे निवासरत है।

### सिपाहियों ने समाधि पर की श्रद्धांजलि अर्पित

जिले के डौंडीलोहारा ब्लॉक में घने जंगलो के बीच स्थित ग्राम बघमार मांझी धाम के नाम से जाना जाता है। जह इन दिनों चप्पे चप्पे पर खाकी वर्दी मे सिपाही नजर आ रहे है। ये सभी महिला पुरुष सिपाही मांझी सरकार के सैनिक है। दरअसल देश के विभिन्न हिस्सो छत्तीसगढ़ के साथ साथ मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, उत्तरप्रदेश, बिहार, मद्रास से आये इन सिपाहियों के लिये यह स्थान बेहद मायने रखता है। यह इनके संस्था के संस्थापक स्व. हीरासिंह देव उर्फ कंगला मॉझी का निवास स्थान है और यही उनकी समाधि भी है। जह हर साल 5 दिसम्बर को अपने सरकार के संस्थापक स्व. हीरासिंह देव उर्फ कंगला मांझी को श्रद्धांजलि देने यहां इनके सिपाही पहुंचते है। गुरुवार की दोपहर पारम्परिक पूजा के साथ इस आयोजन का शुरूआत हुआ, जो कि लगातार विभिन्न आयोजन के साथ तीन दिनो तक चलेगा। जिसमे स्व. हीरासिंह देव की धर्म प ी फूलवा देवी, उनका पुत्र कुंभदेव कॉगे व उनका पूरा परिवार उपस्थित हुआ। इस मौके पर मांझी सरकार के सिपाहियो ने उनकी समाधि पर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके बताए मार्ग मे चलने संल्कपित हुए।

## स्कूली बच्चे पेन, कापी, पेंसिल, चप्पल पाकर हुए खुश





पायनियर संवाददाता ◀ उतई
www.dailypioneer.com

पाटन विधानसभा के शासकीय प्राथमिक शाला देऊरझाल में मंगलवार को सभी स्कूली बच्चों को अरविंद आश्रम के बैंक ऑफ बड़ौदा के रीजनल सहयोग चप्पल , पेन , पेंसिल , रबर वितरण किया गया। जिससे स्कूली बच्चे बहुत ही प्रफुल्लित हुए। स्व सहायता समूह एवं शाला परिवार की ओर से न्योता भोज कराया गया।साथ ही रसोइया एवं सफाई कर्मचारियों को चप्पल दी गई।बच्चों के द्वारा अतिथियों के समक्ष गीत, कविता एवं सामान्य ज्ञान की जानकारी बताया गया। जिससे बच्चों की हुनर की सहराना किया। मौके पर अरविंद आश्रम के अध्यक्ष डॉ. इंद्राणी घोष , भूमिका डांगे, अंशु त्रिपाठी, डॉ. शामिष्ठा बैनर्जी , शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष अनकी राम वर्मा , प्रधानाध्यापक मुकेश साहू , सरपंच प्रतिनिधि गोपेश साहू , पूर्व जनपद सदस्य चंद्रावती कुर्रे ,शाला प्रबंधन समिति के सदस्य रामचंद जांगड़े , विधायक प्रतिनिधि मनोज टंडन , विशेष आमंत्रित सदस्य दिलीप कुर्रे , सहायक शिक्षक रोशन साहू , हुसैन पाटिल , एनजीओ शिक्षकगण , सूराजेश्वरी कुर्रे , सुरानू बारले , रसोइया , सफाई कर्मचारी उपस्थित थे।

## प्रिज्म कॉलेज में 7 दिसम्बर को नि :शुल्क स्वास्थ्य शिविर व रक्तदान

**उतई।** प्रिज्म कॉलेज ऑफ़ फार्मेसी महकाखुर्द एवं एचडीएफसी बैंक के संयुक्त तत्वाधान में रक्त दान एवं निशुल्क स्वस्थ परिक्षण शिविर का आयोजन 7 दिसम्बर को सुबह 10 से शाम 4 बजे तक प्रिज्म संसथान में आयोजित किया गया है। जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में रामकली यादव, वरिष्ठ अधिवक्ता, छ.ग. गृह मंत्रालय होंगी।, विशेष अतिथि डॉ. डी एस रघुवंशी, एनएसएस समन्वयक, सीएसवीटीयू.भिलाई होंगे। इस शिविर में नेत्र परीक्षण, दंत जांच, रक्त शर्करा, रक्त समूह, हीमोग्लोबिन, रक्तचाप इत्यादि की निशुल्क जाच की जाएगी । शिविर में रुंगटा डेंटल कॉलेज से डॉ. कर्णिका (डेंटिस्ट), डा मानसिंग यादव (सेलूद हॉस्पिटल),डा मनीष यादव (मेकाहारा ) एवं सईद अख्तर (नेत्र जांच) अपनी सेवाए देंगे ।रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा रक्त दान शिविर का सञ्चालन किया जायेगा। संस्था के अध्यक्ष रुपेश कुमार गुप्ता,डारेक्टर ख्याति साहू, प्रिंसिपल श्रीमती सीमा कश्यप के मार्ग दर्शन में क्रियांवित किया जायेगा। संस्था के शिक्षक गुरदीप शर्मा एवं सागर शर्मा इस पूरे शिविर का सचालन करेंगे। इच्छुक लोग उपस्थित होकर इस निशुल्क स्वस्थ शिविर का लाभ ले सकते है।

## राष्ट्रीय गणित दिवस के उपलक्ष में संपन्न हुए विविध कार्यक्रम

पायनियर संवाददाता ◀ जगदलपुर
www.dailypioneer.com



शासकीय काकतीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय जगदलपुर में दिनांक गुरुवार को राष्ट्रीय गणित दिवस की उपलक्ष पर गणित विभाग एवं छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी की परिषद द्वारा मेंटल मैथ्स टेस्ट का आयोजन किया गया इसमें विभिन्न महाविद्यालय से आए 150 प्रतिभागियों द्वारा भाग लिया गया जिसमें प्रश्न पत्र में सामान्य गणित, प्रायिकता संबंधित समस्या,वित्तीय गढ़ना सम्बंधित समस्या आदि और भी गणित के विषय पर आधारित प्रश्न पूछे गए , मेंटल मैथ्स टेस्ट का आयोजन महाविद्यालय के गणित विभाग से विभाग अध्यक्ष एफ आर साहू तथा गणित विभाग से मनीष तिवारी, नीरज पाणिग्रही,मुकेश मालाकार, राकेश डहरिया द्वारा संपन्न कराया गया मनीष तिवारी द्वारा रामानुज के जीवन बारे में बताते हुए कहा कि रामानुजन संख्याः 1729 को रामानुजन संख्या के रूप में जाना जाता है जो दो संख्याओं 10 और 9 के घनों का योग है। वृत्त विधिः रामानुजन ने जी. एच. हार्डी के साथ मिलकर वृत्त विधि का आविष्कार किया, जिसने 200 से आगे की संख्याओं के विभाजन का पहला सन्निकटन दिया।1919 में, खराब स्वास्थ्य - जिसे अब हेपेटिक अमीबियासिस (कई साल पहले पेचिश के एपिसोड से होने वाली जटिलता) माना जाता है - ने रामानुजन को भारत लौटने के लिए मजबूर किया, जहाँ 1920 में 32 वर्ष की आयु में उनकी मृत्यु हो गई।रामानुजन के अन्य उल्लेखनीय योगदानों में हाइपरजियोमेट्रिक श्रृंखला, रीमैन श्रृंखला, दीर्घवृत्तीय समाकलन, अपसारी श्रृंखला का सिद्धांत और ज़ीटा फ़ंक्शन के कार्यात्मक समीकरण शामिल हैं।

## जिला प्रशासन व खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा दिसंबर माह में युवा उत्सव वर्ष 2024-25 का आयोजन

पायनियर संवाददाता ◀ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

जिला प्रशासन एवं खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा दिसंबर माह में युवा उत्सव वर्ष 2024-25 का आयोजन किया जाएगा। संयुक्त कलेक्टर एवं प्रभारी जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी श्रीमती पूजा बंसल ने बताया कि जिले में युवा उत्सव वर्ष 2024-25 का आयोजन 02 चरणों में आयोजित किया गया है। जिसके अंतर्गत प्रथम चरण में विकासखण्ड स्तर पर 05 एवं 06 दिसंबर 2024 को एवं द्वितीय चरण में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन 09 दिसंबर 2024 को किया जाएगा। उन्होंने बताया कि युवा उत्सव 2024-25 के पंजीयन की तिथि में वृद्धि करते हुए अंतिम तिथि 04 दिसम्बर 2024 को शाम 04 बजे तक निर्धारित की गई है। युवा उत्सव कार्यक्रम में शामिल होने की इच्छुक युवक-युवती संबंधित विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय एवं शासकीय महाविद्यालय बालोद में निर्धारित तिथि तक उपस्थित होकर अपना पंजीयन करा सकते हैं। युवा उत्सव में सम्मिलित होने के लिए प्रतिभागियों की आयु 15 से 29 वर्ष निर्धारित की गई है। बंसल ने बताया कि प्रतिभागियों को आयु के संबंध में आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध कराना होगा। विकासखण्ड स्तर से चयनित प्रतिभागी ही जिला स्तरीय प्रतियोगिता में सम्मिलित होंगे। इसके साथ ही रॉकबैंड विधा के प्रतिभागी निर्धारित तिथि तक पंजीयन कर सीधे जिला स्तर युवा उत्सव में शामिल हो सकते हैं। रॉकबैंड के दल में प्रतिभागियों की संख्या अधिकतम 10 होगी। विकासखण्ड स्तरीय युवा उत्सव 2024-25 आयोजन का स्थान एवं अन्य विस्तृत जानकारी संबंधित विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय से संपर्क कर प्राप्त किया जा सकता है।

## भारतीय मजदूर संघ का 'श्रमिक संपर्क पखवाड़ा' 15 दिसम्बर तक आयोजन





पायनियर संवाददाता ◀ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

भारतीय मजदूर संघ के जिला मंत्री मुश्ताक अहमद ने बताया कि भारतीय मजदूर संघ इन दिनों अपनी स्थापना की 70वीं वर्षगांठ मना रहा है। यह समारोह 23 जुलाई 2024 से प्रारंभ हुआ है जो 23 जुलाई 2025 तक चलेगा। इसमें साल भर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। इसके तहत एक से 15 दिसंबर तक श्रमिक संपर्क पखवाड़े का आयोजन किया गया है। भारतीय मजदूर संघ के जिला मंत्री ने आगे बताया कि भामसं के 70वें वर्ष पर एक दिसंबर से प्रारंभ हुए श्रमिक संपर्क पखवाड़े में संगठित व असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के बीच भारतीय मजदूर संघ के कार्यकर्ता जाकर संगठन की नीतियों, सिद्धांतो की जानकारी देने वाले पत्रक का वितरण करेंगे व श्रमिक क्षेत्र से संपर्क साधेंगे, इस हेतु जिले के सभी विकासखंडों में व्यापक श्रमिक संपर्क पखवाड़े का आयोजन किया जा रहा है। सभी विकास खंडों में 1 दिसंबर से कार्यकर्ता इस कार्य में लग चुके हैं। स्मरणीय है कि भारतीय मजदूर संघ ने देश के श्रमिक आंदोलनों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। वर्ष 1991 में डंकल प्रस्ताव, बहुराष्ट्रीय कंपनियों, अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष आदि के खिलाफ पूरे देशभर में धरना प्रदर्शन कर मजदूरों में जन-जागरण किया था। वर्ष 1995 में जंतर-मंतर मैदान दिल्ली में भारतीय मजदूर संघ ने विशाल प्रदर्शन किया था, 16 अप्रैल 2001 में डब्ल्यू. टीओ. के विरोध में तोड़ो-मोड़ो और छोड़ों के नारे के साथ दिल्ली में भारतीय मजदूर संघ द्वारा विशाल जुलूस रामलीला मैदान से निकालकर संसद भवन पर प्रदर्शन किया था, जिसमें लाखों की संख्या में मजदूरों ने भाग लिया था। वर्ष 2008 में भारतीय मजदूर संघ की पहल पर असंगठित मजदूरों के लिये अनेक कल्याणकारी योजनाओं वाला कानून व नियम बनाया गया, जिसका लाभ आज देशभर के असंगठित क्षेत्र के मजदूरों को प्राप्त हो रहा है।

## रेलवे मंत्रालय द्वारा कांकेर जिले में रेल कनेक्टिविटी को बेहतर बनाने की पहल

**दल्लीराजहरा।** रेल मंत्रालय द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य के कांकेर जिले में रेल कनेक्टिविटी में सुधार लाने के लिए कदम उठाए हैं। इसके तहत, दल्लीराजहरा-रावघाट-जगदलपुर रेल लाइन परियोजना (कुल लंबाई 235 किमी) को दो चरणों में क्रियान्वित किया जा रहा है -

**चरण-1:** दल्लीराजहरा से रावघाट (95 किमी)। इस चरण में दल्लीराजहरा से ताड़ोकी (77 किमी) तक की लाइन चालू कर दी गई है। इस परियोजना पर 31 मार्च 2024 तक कुल 1,028 करोड़ रुपए का व्यय किया जा चुका है।

**चरण-2:** रावघाट से जगदलपुर (140 किमी)। इस चरण के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार कर ली गई है। इसके अतिरिक्त, कांकेर जिले की रेल कनेक्टिविटी को और अधिक सुदृढ़ करने के लिए, धमतरी से कोंडागांव (183.19 किमी) तक नई रेल लाइन के लिए सर्वेक्षण स्वीकृत किया गया है। यह नई लाइन बंस्कोट और अमरावती होते हुए गुजरेगी। यह पहल क्षेत्र के आर्थिक और सामाजिक विकास को प्रोत्साहित करने के साथ-साथ लोगों की आवाजाही को सुगम बनाने में अहम भूमिका निभाएगी। रेल सुविधा विस्तार के लिए सांसद लोकसभा कांकेर भोजराज नाग द्वारा 4 दिसंबर 2024 को सवाल पूछा गया उसके प्रति उत्तर, में रेल विभाग ने यह सारी जानकारी उपलब्ध कराई है।

## भानुप्रतापपुर के धान खरीदी केन्द्र में कांटामारी किसानों से लिया जा रहा ज्यादा धान

पायनियर संवाददाता ◀ भानुप्रतापपुर
www.dailypioneer.com







धान खरीदी का काम तेजी से चल रहा है भानुप्रतापपुर स्थित धान खरीदी केंद्र में निर्धारित वजन से ज्यादा धान अतिरिक्त तौलने का मामला सामने आया है। इस साल धान खरीदी में कई प्रकार की शिकायतें मिल रही हैं। शिकायत की इसी कड़ी में भानुप्रतापपुर स्थित धान खरीदी केंद्र में किसानों का ज्यादा धान तौला जा रहा है। खुलेआम कांटामारी का खेल चल रहा है जिससे किसानों को नुकसान उठाना पड़ रहा हैं। हालंकि खरीदी प्रभारी का कहना है कि मीटिंग में किसानों से सहमति लेकर ज्यादा धान खरीदी किया जा रहा है।

छत्तीसगढ़ में धान खरीदी के मुद्दे पर रायपुर से बस्तर तक सियासी तापमान बढ़ा हुआ है। प्रदेश में धान तिहार शुरू हुए अभी 20 दिन ही बीतें है कि इस मुद्दे पर विपक्ष ने बीजेपी सरकार को घेरना शुरू कर दिया है। कांग्रेस साय सरकार पर धान खरीदी में अनियमितता के आरोप लगा रही है।कांग्रेस विधायक समेत कांग्रेस नेता कई धान खरीदी केंद्र का दौरा कर कई प्रकार की कमियां जैसे अव्यवस्था बारदाने की कमी टोकन काटने की समस्या बताया जा रहा है। वही भानुप्रतापपुर के धान खरीदी केन्द्र में प्रभारी द्वारा अधिक धान तौला जा रहा है। केंद्र प्रभारी सूखत का बहाना बनाकर किसानों से कांटामारी करते हुए प्रति बोरा में 400 ग्राम धान ज्यादा लिया जा रहा है। आपको बता दें कि किसान कटाई, मिंजाई के बाद अपनी उपज को सोसाइटियों में बेचने पहुंच रहे हैं, जिन्हें सोसाइटियों में कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। अधिकांश सोसाइटियों में धान खरीदी के नाम पर मनमानी चल रही है। कहीं किसानों का अधिक धान तौला जा रहा है तो कहीं भारी अव्यवस्था बनी हुई है। भानुप्रतापपुर स्थित धान खरीदी केंद्र से कई किसान शिकायत कर रहे हैं कि यहां पर शासन द्वारा निर्धारित मापदंड वजन से अधिक धान किसानों से लिया जा रहा है। प्रति बोरा में 40 किलो 800 ग्राम धान खरीदी करना है लेकिन यहां पर 41 किलो 200 ग्राम धान लिया जा रहा है जिससे किसानों को भारी नुकसान हो रहा है। केंद्र प्रभारी पिंटू आरदे ने बताया अभी तक 205 किसानों से 9467,60 किवंटन धान खरीदी किया गया है। उन्होंने बताया किसानों की मीटिंग हुई थी जिसमे निर्णय लिया गया था की किसानों से 41 किलो 200 ग्राम ज्यादा धान लिया जायेगा। इसी के आधार पर खरीदी किया जा रहा है। उन्होंने बताया बीते 2 साल में समिति को सुखत के नाम पर लगभग डेढ़ से दो करोड रुपए नुकसान हुआ है। इसलिए बैठक रखी गई थी जिसमें यह निर्णय लिया गया है।

### किसान स्वयं तराजू लेकर पहुंच रहे हैं खरीदी केंद्र

धान खरीदी में बाधा ना इसके लिए प्रशासन ने यह सुनिश्चित किया है कि किसी भी तकनीकी कारण से खरीदी प्रक्रिया बाधित न हो इलेक्ट्रॉनिक तराजू के खराब होने की स्थिति में तुरंत समाधान करें। लेकिन इस धान खरीदी केंद्र में किसान अपना स्वयं का तराजू लेकर धान बेचने पहुंचे थे। पूछने पर बताया कि यहां पर चार तराजू है किंतु दो ही काम कर रहा है दो खराब है।इसलिए हमें धान तौलाई करने में लेट हो जाता है इसलिए अपनी व्यवस्था लेकर आते हैं।

### धान खरीदी केंद्र में पानी तक की व्यवस्था नहीं

दूर-दराज से धान बिक्री करने आने वाले किसानों को पानी जैसी मूलभूत सुविधा भी नहीं मिल पा रही है। किसानों को पानी के लिए भटकना पड़ता है। किसानों ने बताया यहां पर पीने की पानी की भी व्यवस्था नहीं की गई है।

## पंचायत एवं नगरीय चुनाव को लेकर कांग्रेस की युद्ध स्तर पर बैठक शुरू

पायनियर संवाददाता ◀ बालोद
www.dailypioneer.com




जिला कांग्रेस कमेटी बालोद द्वारा पंचायती राज एवं नगरी निकाय चुनाव की तैयारी को लेकर बैठक किया। जिसमें आगामी त्रिस्तरीय पंचायती राज चुनाव के लिए ग्रामीण क्षेत्र के कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारी एवं संगठन को तैयारी आरंभ करने के निर्देश दिए गए। वहीं शहरी क्षेत्र में आने वाले ब्लॉक अध्यक्षों को भी नगरीय निकाय चुनाव की तैयारी के लिए कमर कसने कहा गया। बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं डौंडीलोहारा विधायक अनिला भेड़िया ने शहरी एवं ग्रामीण दोनों ही कार्यकर्ताओं से कहा कि अपने-अपने क्षेत्र में आप लोग तैयारी आरंभ कर दीजिए, पिछले कार्यकाल में जिस ढंग से कांग्रेस ने अपनी बेहतर उपस्थित प्रस्तुत किया था। वैसे ही पुनः तैयारी की जाए, नगरीय निकाय क्षेत्रों में जहां हम जिन वार्डो में कमजोर रहे हैं। उनमें भी तैयारी के साथ हम चुनाव लड़ें और कांग्रेस का प्रचम लहराएं। ऐसी तैयारी हमारी होनी चाहिए। बैठक को संबोधित करते हुए संजारी बालोद विधायक संगीता सिन्हा ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार पंचायती राज चुनाव एवं नगरीय निकाय के चुनाव को एक साथ कराकर कार्यकर्ताओं को ध्यान बटाना चाहती है। ताकि कांग्रेस के शहरी कार्यकर्ता ग्रामीण क्षेत्र में जाकर अपने साथियों को मदद ना कर सके और ग्रामीण क्षेत्र के कार्यकर्ता शहरों में जाकर ना कर सके। हमें भाजपा सरकार के हर साजिश को भी विफल करना है और पहले से भी ज्यादा ताकत के साथ जिला पंचायत, जनपद पंचायत, और ग्राम पंचायत, स्तर पर सभी चुनाव में कांग्रेस के ही प्रत्याशी विजयी हो इसकी तैयारी जिला संगठन के माध्यम से किया जाना चाहिए।

**जिला और जनपद में कांग्रेस के अध्यक्ष होंगे काबिज-** जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष चंद्रप्रभा सुधाकर ने कहा कि हमारे संगठन की तैयारी पूरी हो चुकी है ब्लाक स्तर से लेकर सेक्टर, जोन, ब्लॉक के सभी पदाधिकारी नगरीय निकाय चुनाव एवं पंचायती राज चुनाव को लेकर उत्साहित है। सभी तैयार हैं जिला पंचायत, सभी जनपद पंचायत में कांग्रेस के ही अध्यक्ष काबिज होंगे। वहीं जिले के समस्त नगरीय निकायों में भी कांग्रेस के ही अध्यक्ष एवं पार्षद अधिक से अधिक संख्या में जीतकर आएंगे, इसकी तैयारी हमने कर ली है। बैठक को जिला पदाधिकारीयों के अलावा सभी ब्लॉक अध्यक्षों ने भी संबोधित किया और सभी ने अपनी अपनी तैयारी के संदर्भ में जानकारी प्रस्तुत की। जिसमें प्रमुख रूप से चंद्रेश हिरवानी, संत्तू राम पटेल, कोदू राम दिल्लीबार, अनिल यादव तामेश्वर साहू, कोमेश कोर्राम, गोपाल प्रजापति, धीरज उपाध्याय, मिथिलेश नुरेटी, केदार देवांगन, धनेश्वरी सिंन्हा, जागृत सोनकर, प्रभात ध्रुव लोकेश्वरी साहू, शिबू नायर, पद्मिनी नन्नू साहू, पुरुषोत्तम पटेल, यज्ञदेव पटेल, संगीता नायर, प्रशांत बोकडे, दीनाराम चेलक, रवि जायसवाल, कमलेश श्रीवास्तव, रामरतन भारद्वाज, ईश्वर राव, चमेली साहू, धनेश्वरी ठाकुर, हसीना बेगम, निर्देश पटेल, भोला देशमुख, राजकुमार प्रभाकर, संजय चंद्राकर, अनिल लोढ़ा, विवेक मसीह, प्रदीप बबलू, क्रांति भूषण साहू, केशव शर्मा, राकेश ठाकुर, राकेश जायसवाल, अजय बंटी नोन्हारे, रोहित सागर, नरेंद्र सिन्हा, विल्सन मैथ्यू एवं सभी ब्लॉक के वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे। रतिराम कोसमा ने बैठक का संचालन किया।

# पत्थलगांव पहुंचे कलेक्टर व्यास...पुष्प वाटिका, बस स्टैंड धान खरीदी केंद्र, सूता तालाब, छठ घाट का किया निरीक्षण



■ साफ-सफाई, सौंदर्यीकरण कार्य, लाइटिंग व्यवस्था, स्वीकृत कार्यों को गुणवत्तापूर्वक करने के दिए निर्देश

पायनियर संवाददाता ◂ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

कलेक्टर रोहित व्यास ने नगर पंचायत पत्थलगांव का निरीक्षण कर नगर की साफ-सफाई की व्यवस्था निरंतर बनाए रखने, सौंदर्यीकरण कार्य, लाइटिंग व्यवस्था, सार्वजनिक प्याऊ, शौचालयों की सफाई व्यवस्था और स्वीकृत विकास कार्य को समयसीमा में पूर्ण करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। नगरीय क्षेत्र में पुष्प वाटिका का निरीक्षण करने पहुंचे कलेक्टर व्यास ने यहां स्वीकृत सौंदर्यीकरण कार्य को जल्द पूरा करने और वाटिका में अटल परिसर बनाए जाने के काम में तेजी लाने के भी निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने यहां पर बच्चों को खेलने की सुविधा, कारपेट घास लगाने, दीवालों में कलाकृति की पेंटिंग करने के लिए भी निर्देशित किया। बस स्टैंड का निरीक्षण करने पहुंचे कलेक्टर व्यास ने यात्रियों की सुरक्षा और सुविधाओं को बढ़ाने, सुलभ शौचालय की साफ सफाई को निरन्तर बनाए रखने के निर्देश दिए। इसके साथ ही व्यापार के लिए कॉम्प्लेक्स को और बेहतर तरीके से निर्माण करने को कहा। बस स्टैंड के समीप इंदिरा गांधी चौक में यात्रियों व बस चालकों की सुविधा और किसी दुर्घटना से बचाव के लिए रिफ्लेक्टर, सोलर ब्लिंकर लगाने एवं चौक के पास हाई मास्ट सोलर लाइट लगाने के भी निर्देश दिए।

### साफ-सफाई और सौंदर्यीकरण पर जोर

धान खरीदी केंद्र के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने समिति प्रबंधक से धान खरीदी के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने खरीदी केंद्र में किसानों को शासन के निर्देशानुसार मिलने वाली सभी सुविधाओं को कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए। सूता तालाब के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने यहां पर सौंदर्यीकरण कार्य के तहत पाथवे, बेंच लगाने और लाइटिंग की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही तालाब के बगल में बनने वाले मिनी गार्डन को आकर्षक और गुणवत्तायुक्त बनाने के भी निर्देश दिए। इसी तरह ग्राम पंचायत पालीडीह में पूरण तालाब, छठ घाट में पौधे का रोपण करने सहित निरन्तर साफ सफाई रखने के निर्देश दिए।

### कॉलेज भी पहुंचे कलेक्टर

ठाकुर शोभा सिंह शासकीय महाविद्यालय का अवलोकन के दौरान कलेक्टर ने यहां शिक्षण कार्य, शिक्षकों और छात्रों की संख्या एवं जनभागीदारी समिति के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान पत्थलगांव एसडीएम आकांक्षा त्रिपाठी, एसडीओपी धुर्वेश जायसवाल, लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता मोचन कश्यप, तहसीलदार प्रांजल मिश्रा, नगर पंचायत सीएमओ जावेद खान भी मौजूद रहे।

# लंबे समय से फरार ब्लैकमेल, आई.टी. एक्ट का आरोपी सोनू सिंह चंडीगढ़ से गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ◂ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



चौकी पण्डरापाठ क्षेत्र की एक 31 वर्षीय युवती ने एक साल पहले चौकी पण्डरापाठ में रिपोर्ट दर्ज कराई कि यह क्षेत्र में एक विभाग में नौकरी करती है एवं सोशल मीडिया फेसबुक का भी इस्तेमाल करती है। फेसबुक के माध्यम से इसका परिचय सोनू सिंह उर्फ नवीन से इसका परिचय था। इसी दौरान आरोपी ने इसके फोटो के नीचे अश्लील कमेंट करते हुये उसका स्क्रीनशॉट लेकर प्रार्थिया को भेजा एवं कुछ दिन बाद वह पुनः अमर्यादित भाषा का इस्तेमाल करते हुये ब्लैकमेल करने लगा। इसके बाद वह इसके नाम का डुप्लीकेट फेक आईडी बनाकर ब्लैकमेल एवं प्रताड़ित करने लगा। प्रार्थिया की उक्त रिपोर्ट पर चौकी पण्डरापाठ में अप.क्र. 154/2023 धारा 509, 384 भा.द.वि. एवं 66(डी) आई.टी. एक्ट का अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण का आरोपी फरार था एवं सायबर सेल एवं मुखबीर से लगातार इसकी पतासाजी की जा रही थी। पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह द्वारा फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिये सघन अभियान चलाया गया है। इसी दौरान सायबर सेल से आरोपी के चंडीगढ़ में काम करने की जानकारी मिली, पुलिस अधीक्षक द्वारा तत्काल उप पुलिस अधीक्षक भावेश समरथ के नेतृत्व में टीम गठित कर आरोपी की पतासाजी के लिये पंजाब रवाना किया गया। टीम द्वारा सायबर सेल से प्राप्त लोकेशन के आधार पर दबिश देकर उक्त आरोपी सोनू सिंह उर्फ नवीन को अभिरक्षा में लेकर वापस थाना लेकर आई। पूछताछ में सोनू सिंह उर्फ नवीन ने उक्त अपराध को घटित करना स्वीकार किया है एवं उसके कब्जे से घटना में प्रयुक्त मोबाईल को जप्त किया गया है। आरोपी का कृत्य उक्त धारा सदर का अपराध घटित करना पाये जाने पर उसे 5 दिसंबर को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।

# रामकृष्णा केयर अस्पताल रायपुर में सफल अग्नि सुरक्षा प्रशिक्षण और कोड रेड मॉक ड्रिल का आयोजन

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com



रामकृष्णा केयर अस्पताल रायपुर ने अपने परिसर में अग्नि सुरक्षा की महत्वपूर्ण ट्रेनिंग और कोड रेड मॉक ड्रिल का सफल आयोजन किया। इस मॉक ड्रिल में टिकरापारा फायर ब्रिगेड टीम द्वारा अग्नि सुरक्षा प्रशिक्षण प्रदान किया गया, जिसमें अस्पताल के सभी कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। फायर ब्रिगेड की टीम ने प्रशिक्षण के दौरान आग से बचने के उपाय, सुरक्षा की महत्वपूर्ण जानकारी, और आग से संबंधित विभिन्न घटनाओं के दौरान सावधानी बरतने के तरीके बताए। इसके अलावा, टीम ने प्रैक्टिकल डेमो भी दिया, जिसमें आग बुझाने की सही तकनीकों और उपकरणों का उपयोग करके कर्मचारियों को वास्तविक परिस्थितियों में त्वरित प्रतिक्रिया करने का तरीका बताया। मॉक ड्रिल के दौरान, AB ब्लॉक की तीसरी मंजिल के निजी वार्ड में एक कमरे के अंदर सुरक्षित सावधानि पूर्वक आग जलाई गई थी। जैसे ही आग की घटना की सूचना अस्पताल के स्टाफ को मिली, तत्काल अस्पातल इमरजेंसी नंबर पर कॉल किया और कोड रेड का अनाउंसमेंट किया गया, जिसके बाद कोड रेड टीम सक्रिय हुई। चार टीमों का गठन किया गया, जिनमें अग्नि बुझाने वाली टीम, अग्नि बचाव टीम, क्षतिग्रस्त संपत्ति को बचाने वाली टीम (साल्वेज) टीम और प्राथमिक उपचार (फर्स्ट एड) टीम शामिल थीं।

# अमेजन फैशन ने पेश किया विंटर स्टाइल एक्स्ट्रावैगन्ज़ाः आज से 11 दिसंबर 2024 के बीच आयोजित होगा 'वार्डरोब रिफ्रेश सेल' का 15वां एडिशन

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com

अमेजन फैशन ने अपने ग्राहकों को आकर्षित करने लिए वार्डरोब रिफ्रेश सेल के अपने 15वें एडिशन की घोषणा की है। यह सेल 6 दिसंबर से 11 दिसंबर, 2024 के बीच आयोजित की जाएगी। कंपनी की ओर से पेश इस विंटर फैशन एक्स्ट्रावेगेंजा में ग्राहकों को अपैरल, एक्सेसरीज़, ब्यूटी एवं ज्वेलरी से लेकर गर्म कपड़ों, फेस्टिव वियर, ट्रैवल, पार्टी एवं शादी विवाह से जुड़े कपड़ों की विशाल रेंज में से शॉपिंग का मौका मिलेगा। यह सेल अमेजन फैशन के विशाल संग्रह के साथ खासतौर पर तैयार की गई है। इस सेल में 30 मिलियन से ज़्यादा प्रोडक्ट को शामिल किया गया है, जिसमें अपैरल, ब्यूटी, फुटवियर, एक्सेसरीज़, ट्रैवल लगेज आदि से जुड़े 1.2 लाख ब्रांड की 30 लाख से ज्यादा स्टाइल शामिल हैं। अपनी इस बेहतरीन पेशकश के साथ, वार्डरोब रिफ्रेश सेल उन ग्राहकों के लिए बेहद खास है जो लेटेस्ट ट्रेंड और क्लासिक्स कलेक्शन के साथ सर्दी के दौरान अपनी वार्डरोब को एक बार फिर नया रूप देना चाह रहे हैं। सिद्धार्थ भगत, डायरेक्टर, अमेजन फैशन एंड ब्यूटी इन ने कहा, अमेजन फैशन में, हम अपने ग्राहकों को ब्रांड, ट्रेंडिंग स्टाइल, नए लॉन्च, चुनिंदा प्रोडक्ट का विशाल संग्रह उपलब्ध कराते हुए लेटेस्ट फैशन ट्रेंड के साथ बने रहने में मदद करते हैं। ग्राहकों को ये सभी प्रोडक्ट शानदार कीमत और सुविधाजनक रूप से मिलते हैं। वार्डरोब रिफ्रेश सेल हमारे ग्राहकों की बदलती जरूरत को पूरा करने वाला हमारा स्ट्रैटेजिक ईवेंट है। इसका आयोजन हर साल में दो बार किया जाता है। इस सेल में टॉप ब्रांडों की ओर से 'वियर इट विथ' रिकमंडेशन जैसा फीचर मिलता है।

# नई थर्ड जेनरेशन होंडा अमेज़ का भारत में विश्व प्रीमियर

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com



होंडा कार्स इंडिया लिमिटेड (एचसीआईएल) ने भारत में बहुप्रतीक्षित नई थर्ड जनरेशन होंडा अमेज़ लॉन्च की। यह कार पहली बार दुनिया में कहीं भी लॉन्च होने से पहले भारत में पेश की गई है। कंपनी द्वारा भारत में वैश्विक प्रीमियर करने का निर्णय यह दिखाता है कि भारत होंडा के लिए कितना खास और महत्वपूर्ण मार्केट है। नई होंडा अमेज़ को खासतौर से स्टाइलिश, प्रीमियम और आरामदायक कॉम्पेक्ट सेडान के रूप में डिजाइन किया गया है। यह कार खासकर उन युवाओं और परिवारों के लिए बनाई गई है, जो हर मोड़ पर आराम, सफलता और प्रगति की उम्मीद रखते हैं। नई होंडा अमेज़ को थाईलैंड स्थित होंडा आरएंडडी एशिया पैसिफिक टीम ने विकसित किया है और इसे एलीट बूस्टर सेडान की सोच के तहत तैयार किया गया है। यह कार न केवल बेहतरीन ड्राइविंग अनुभव देती है बल्कि आपके व्यक्तित्व, सफलता और सामाजिक दर्जे को भी बखूबी दर्शाती है। यह कार उन लोगों के लिए है, जो आत्मविश्वास के साथ अपनी उपलब्धियों पर गर्व करते हुए एक प्रीमियम अनुभव चाहते हैं। अमेज़ का सॉलिड 3- बॉक्स डिज़ाइन इसे एक असली सेडान का लुक देता है, जो इसके हाई-क्लास और आकर्षक स्टाइल को दर्शाता है। यह कार 4 मीटर से कम लंबाई में आती है, लेकिन इसका डिज़ाइन इसे एक शानदार और आधुनिक प्रीमियम अनुभव प्रदान करता है।

# डाइट के प्राचार्य एम.जेड. यू. सिद्दीकी को बिरहोर-ए स्पेशल बैकवर्ड ट्राइब्स डॉक्टर आफ फिलासफी की उपाधि मिली

■ बिरहोर जनजाति के शिक्षा के रिसोर्स को बढ़ाने में, स्वास्थ्य एवं पोषण संबंधि नीति

पायनियर संवाददाता ◂ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के प्राचार्य एम.जेड. यू. सिद्दीकी को डॉ.सी.वी. रमन विश्वविद्यालय करगी रोड कोटा जिला बिलासपुर द्वारा शिक्षा के क्षेत्र मे ÷ इम्पैक्ट ऑफ एडुकेशन ऑन पर्सनल, सोशल, इकोनॉमिकल एन्ड पॉलिटिकल डेवलपमेंट आफ बिरहोर-ए स्पेशल बैकवर्ड ट्राइब्स ऑफ जशपुर डिस्ट्रिक्ट ऑफ छत्तीसगढ़ विषय पर डाक्टर आफ फिलासफी की उपाधि प्रदान की गई है। इन्होने अपना शोध कार्य डॉ. स्मृति किरण सायमन एसोसिएट प्रोफेसर डॉ.सी.वी. रमन विश्वविद्यालय करगी रोड कोटा जिला बिलासपुर के निर्देशन मे पूर्ण किया है। एम.जेड. यू. सिद्दीकी द्वारा किया गया यह शोध कार्य जशपुर मे पाई जाने वाली बिरहोर जनजाति के उपर किया गया है जो जिसमे बिरहोर जनजाति के उपर व्यक्तिगत, सामाजिक, आर्थिक एवं राजनैतिक विकास में शिक्षा ने क्या प्रभाव डाले हैं एवं शिक्षा किस प्रकार से उनके इस विकास मे कैसे सहायक होगी पर शोध किया गया है। यह शोध जशपुर जिले के बिरहोर जनजाति के शिक्षा के रिसोर्स को बढ़ाने मे, स्वास्थ्य एवं पोषण संबंधि नीति बनाने में साक्षरता दर एवं उन्हें शिक्षित बनाने मे उनके लिये आर्थिक नीति बनाने, राजनैतिक भागीदारी बढ़ाने एवं नीति निर्धारकों सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं छत्तीसगढ़ शासन के द्वारा बिरहोर जनजाति के लिये नीतियां बनाने मे सहायक सिद्ध होगी।

# बजाज फिनसर्व एएमसी ने 'बजाज फिनसर्व हेल्थकेयर फंड' लॉन्च किया

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com

बजाज फिनसर्व एएमसी ने बजाज फिनसर्व हेल्थकेयर फंड को लॉन्च करने की घोषणा की है। यह एक ओपन-एंडेड इक्विटी स्कीम है, जो ग्रोथ के लिए स्वास्थ्य और सेहत से जुड़े क्षेत्रों में लंबी अवधि के लिए निवेश करती है। यह फंड सब्सक्रिप्शन के लिए 6 दिसंबर को खुलेगा और न्यू फंड ऑफर (एनएफओ) की अवधि 20 दिसंबर, 2024 को समाप्त होगी। बजाज फिनसर्व हेल्थकेयर फंड उन निवेशकों के लिए उपयुक्त है जो मुख्य रूप से फार्मास्यूटिकल्स, अस्पतालों, डायग्नोस्टिक्स और वेलनेस में लगी कंपनियों के इक्विटी और इक्विटी-संबंधित इंस्ट्रूमेंट में निवेश करके लंबी अवधि में पैसा कमाने की संभावना तलाश रहे हैं। यह पांच साल या उससे अधिक की निवेश सीमा के लिए उपयुक्त है। इस स्कीम का बेंचमार्क बी एस ई हेल्थकेयर टोटल रिटर्न इंडेक्स (टीआरआई) होगा। इस फंड का लक्ष्य भारतीय स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र की तेज वृद्धि का लाभ उठाना है। लोगों की बदलती जरूरतों, बढ़ते निजी स्वास्थ्य देखभाल खर्च, तकनीकी प्रगति और अन्य कारकों के कारण यह उद्योग एक महत्वपूर्ण परिवर्तन से गुजर रहा है। यह फंड निवेशकों को स्वास्थ्य और सेहत में उछाल से लाभ उठाने और इस क्षेत्र में उभरते मेगाट्रेंड का लाभ उठाने का अवसर देता है। इसका पोर्टफोलियो कई क्षेत्रों तक फैला होगा, जिनमें फार्मास्यूटिकल्स, चिकित्सा अनुसंधान और उत्पादन, डायग्नोस्टिक्स, चिकित्सा उपकरण, अस्पताल, स्वास्थ्य देखभाल सुविधाएं समेत अन्य बहुत कुछ शामिल हैं। यह योजना उन कंपनियों में कम से कम 80% निवेश करेगी जो बीएसई हेल्थकेयर टोटल रिटर्न इंडेक्स (टीआरआई) का हिस्सा बनने वाले क्षेत्रों से संबंधित हैं। बजाज फिनसर्व एएमसी के सीईओ गणेश मोहन कहते हैं, बजाज फिनसर्व हेल्थकेयर फंड निवेशकों के लिए हेल्थकेयर और वेलनेस क्षेत्र में मजबूत विकास का लाभ उठाने का एक रणनीतिक रास्ता है।

# सैमसंग की टीवीकी क्लाउड टेक?नोलॉजी ने भारत में होम एंटरटेनमेंट के अनुभव को और बेहतर बनाया

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com




भारत के सबसे बड़े कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड सैमसंग ने सैमसंग टीवीकी क्लाउड टेक्नोलॉजी को लॉन्च किया है जोकि टीवी देखने के अनुभव में बड़ा बदलाव लेकर आएगी। यह उद्योग का पहला सॉल्यूशन है जो आपको सेट-टॉप बॉक्स के बिना लाइव टेलीविजन देखने की सुविधा देता है। नागराविजन के साथ मिलकर विकसित की गई यह नई टेक्नोलॉजी उपभोक्ताओं को पारंपरिक सेट-टॉप बॉक्स के बिना शानदार मनोरंजन का आनंद उठाने का मौका देती है। टीवीकी क्लाउड के साथ लाइव टीवी के भविष्य को सरल बनाते हुए, यूजर अब एक ही सैमसंग स्मार्ट टीवी रिमोट का उपयोग करके अपने सभी पसंदीदा लाइव और ऑन-डिमांड सामग्री को एक्सेस कर सकते हैं। यह अतिरिक्त केबल और हार्डवेयर को कम करने, स्वच्छ, आधुनिक और अत्यधिक सहज विजुअल अनुभव मुहैया कराने की दिशा में एक प्रमुख उपलब्धि है। यह टेक्नोलॉजी सैमसंग के 2023 और 2024 कनेक्टेड टीवी मॉडल के साथ कॉम्पैटिबल है, जिसमें अल्ट्रा एचडी, ओएलईडी, क्यूएलईडी और नियो क्यूएलईडी शामिल हैं। यह अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी सेवा प्रदाता के ग्राहकों को टीवीकी की अनूठी ऑन-चिप सिक्योरिटी का उपयोग करके प्रीमियम सामग्री तक पहुंचने की अनुमति देती है, जिससे उच्च स्तर का कॉन्टेंट प्रोटेक्शन मिलता है। एसआरआई-बेंगलुरू के मैनेजिंग डायरेक्टर दीपेश शाह ने कहा, डिजिटल इंडिया को सशक्त बनाने की दिशा में इनोवेशन की श्रृंखला में टीवीकी क्लाउड टेक्नोलॉजी सैमसंग की बिल्कुल नई टेक्नोलॉजी है। यह केबल और सैटेलाइट टीवी प्रोवाइडर्स को सुरक्षित और उच्च गुणवत्ता वाली सामग्री प्रदान करने में मदद करती है ताकि उपभोक्ता सैमसंग टीवी पर अपनी पसंदीदा सामग्री का बिना किसी परेशानी के आनंद ले सकें। यह नई टेक्नोलॉजी भारत के टेलीविजन उद्योग में नया मानक स्थापित करेगी।

# दिगम्बर जैन साधु एवँ साध्वी का मंगल प्रवेश फाफाडीह सन्मति नगर में हुआ



पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com

प्रातः 7.30 बजे दिगम्बर जैन धर्म के साधु एवँ साध्वी जी का मंगल प्रवेश सन्मति नगर जैन मंदिर फाफाडीह में पूरे जैन समाज की उपस्थिति में हुआ। उक्त जानकारी सन्मति नगर खण्डेलवाल पंचायत के अध्यक्ष अरविन्द बड़जात्या ने दी। आचार्य विद्यासागर एवं आचार्य समय सागर जी के परम शिष्य मुनि आगम सागर ससंघ का विहार मालवीय रोड स्थित दिगम्बर जैन मन्दिर से एवं आचार्य विभव सागर की सुशिष्या आर्यका स्वाध्यायश्री एवं चर्चाश्री माता का मंगल विहार लाभांडी जैन मंदिर से फाफाडीह सन्मति नगर जैन मंदिर में गुरु शिष्य के मिलन के साथ हुआ, पूज्य साध्वी जी के साथ जैन समाज के लोगों ने मुनि की अगवानी के गुरु वंदना की उपरांत संत द्वय ने मन्दिर पहुच कर भगवान के दर्शन किए तथा उपस्थित जनों को प्रवचन का लाभ दिया।

# 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' अभियान के अंतर्गत राजभवन में छत्तीसगढ़ सिख संगठन को उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया



पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस समारोह में राज्यपाल रमेन डेका की गरिमामयी उपस्थिति में 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' अभियान के अंतर्गत राजभवन में छत्तीसगढ़ सिख संगठन को उनके उत्कृष्ट कार्य करने संमानित किया गया, संगठन के प्रदेश अध्यक्ष दलजीत चावला, संस्थापक हरपाल सिंह भामरा, संयोजक अरुण छाबड़ा, प्रदेश उपाध्यक्ष गुरमीत सिंह टोनी, जिला अध्यक्ष मोनु सलूजा, गुरवेज सिंह, यशवंत सिंह, डॉक्टर नरेंद्र चावला, पूरन सिंह अरोरा,मनमीत सिंह, जगीर सिंह,गोल्डी खनूजा,जयसुन सिंह, निर्मल सिंह रिंकू सैनी महिला विंग्स की अध्यक्षया स्वेता अरोरा, उपाध्यक्ष सिम्मी चावला, तरन कौर अरोरा, महासचिव रोमी सलूजा, सचिव सिम्मी होरा, गगन चावला, रूबी गांधी, गगनप्रीत, गुरजीत कौर, गुरदीप कौर, रुपिंदर कौर, आदि संगठन के पदाधिकारी उपस्थित थे। छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा, पंजाब और चंडीगढ़ का स्थापना दिवस समारोह मनाया गया। समारोह में सभी राज्यों के लोक नृत्यों की प्रस्तुति दी गई

## केरल में बैठकर कर रहा था षडयंत्र

# बटईकेला गोली कांड का फरार आरोपी बितुल राम गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ◂ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



कांसाबेल विकासखंड के ग्राम बटईकेला कियोस्क सेंटर में हुई गोलीबारी घटना का एक फरार आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। एसपी शशि मोहन सिंह के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में तत्काल आरोपियों की पतासाजी करते हुए अपराध में शामिल दो आरोपी 1. रातु राम उम्र 29 वर्ष निवासी बटईकेला लालगोडा थाना कांसाबेल, 2. शितुल राम चैहान उम्र 28 वर्ष निवासी कोरकोटोली सिरिमकेला थाना दुलदुला को 6 नवंबर को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा जा चुका है। गिरफ्तार आरोपीगणों से पूछताछ दौरान यह तथ्य सामने आया था कि लूट की घटना को अंजाम देने की योजना रवि उरांव, रातु राम, शितुल राम एवं बितुल राम के द्वारा फोन के माध्यम से किया गया था जिसमें रातु राम, बितुल राम एवं रवि उरांव अलग अलग प्रकरणों में जेल में निरुद्ध रहने दौरान एक दूसरे से परिचित थे तथा बितुल का भाई सितुल राम को इस योजना में बाद में सम्मिलित किया गया था। बितुल राम अपने घर कोरकोटोली सिरिमकेला थाना दुलदुला आया हुआ है कि सूचना पर तत्काल थाना दुलदुला प्रभारी निरीक्षक कृष्ण कुमार साहू, प्रधान आरक्षक मोहन बंजारे एवं स्टाफ के द्वारा दबिश देकर आरोपी बितुल राम को हिरासत में लिया गया आरोपी बितुल राम से पूछताछ करने पर बताया कि यह रवि उरांव के साथ लूट के प्रकरण में जिला जेल जशपुर में निरुद्ध था जहां इसकी जान पहचान रवि उरांव से हुई थी जेल से छूटने के बाद बितुल राम केरल में रोजी मजदूरी करने चला गया था जिसके बाद रवि उरांव भी जेल से छूटा और सीधे बितुल राम को फोन कर अपनी योजना बैंक लूटने के बारे में बताया और घटना को अंजाम देने के लिए मोटर सायकल की आवश्यकता होना बताया जिससे बितुल राम अपने छोटे भाई सितुल को सारी बाते बताते हुए रवि उरांव को मोटर सायकल देने कहा था जिसके बाद रवि उरांव अपने साथी के साथ बटईकेला स्थित ग्राहक सेवा केन्द्र में लूट की घटना को अंजाम देने पहुंचा था जहां लूट के दौरान गोली चलने से एक महिला की मृत्यु हो गई थी आरोपी के कथनानुसार आरोपी के पास से घटना में प्रयुक्त मोबाईल फोन जप्त किया गया है तथा आरोपी बितुल राम उम्र 35 वर्ष साकिन कोरकोटोली सिरिमकेला थाना दुलदुला जिला जिला जशपुर (छ.ग.) को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। कार्यवाही में उप पुलिस अधीक्षक विजय राजपूत, निरीक्षक गौरव पाण्डेय, निरीक्षक कृष्ण कुमार साहू, सउनि नीता कुर्रे, प्रधान आरक्षक इग्नासियुस एक्का, प्रधान आरक्षक मोहन बंजारे, आरक्षक शिवचंद भगत, आरक्षक विनोद यादव, आरक्षक जनक साय की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

> बटईकेला गोलीकांड का 1 आरोपी फरार है, उक्त फरार आरोपी की पतासाजी के लिए उप पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में गठित टीम को लगाया गया है।
>
> **शशि मोहन सिंह**
> **पुलिस, एसपी जशपुर**

# सशस्त्र सेना झण्डा दिवस...कलेक्टर ने की अधिक से अधिक अंशदान देकर अपने वीर सपूतों को सम्मान व्यक्त करने की अपील

पायनियर संवाददाता ◂ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



देश की सीमाओं की रक्षा करते हुए अपने प्राणों का सर्वोत्तम बलिदान करने वाले अमर वीर शहीदों और सैनिकों को सम्मानित करने के लिए प्रति वर्ष 07 दिसम्बर को सशस्त्र सेना झण्डा दिवस'' मनाया जाता है। कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला सैनिक बोर्ड जशपुर रोहित व्यास ने जिला के सभी सशस्त्र सेना के सेवारत जवानों, भूतपूर्व सैनिकों, वीर नारियों एवं उनके आश्रितों का सशस्त्र सेना झण्डा दिवस'' अवसर पर हार्दिक अभिनंदन करते हुए कहा है कि हमारी सेना देश का विश्वास, गौरव और प्रेरणा हैं। हमारी सशस्त्र सेना ने देश की सीमाओं की रक्षा, आतंकवाद का सामना एवं प्राकृतिक आपदाओं में अपने वीरता, समर्पण एवं सेवा भाव से अनूठी मिसाल कायम की है जिसके लिए समस्त देशवासी कृतज्ञता व्यक्त करते है। अपने सेवारत सैनिकों, भूतपूर्व सैनिकों एवं उनके परिवारजनों के प्रति आदर व्यक्त करने के लिए सशस्त्र सेना झण्डा दिवस हमारे लिए एक अवसर है। उन्होंने कहा जिले के सभी नागरिकों से अपील करते हुए कहा है कि इस अवसर पर अधिक से अधिक अंशदान देकर अपने वीर सपूतों के प्रति अपना स्नेह और सम्मान व्यक्त करे।

# आदर्श निर्मल पंचायत गुड़ेलिया में आयोजित हुआ हमर सियान हमर सम्मान कार्यक्रम

## ग्रामवासियों ने कहा अच्छे जनप्रतिनिधित्व होने से ऐसे कार्य और आयोजन होते हैं

पायनियर संवाददाता ✓ भाटापारा
www.dailypioneer.com





विकासखंड के आदर्श निर्मल ग्राम पंचायत गुडेलिया के तत्वाधन में आयोजित हमर सियान हमर सम्मान के कार्यक्रम के अंतर्गत ग्राम पंचायत गुडेलिया के वरिष्ठ ग्रामवासियों में 55 वर्ष से अधिक के उम्र के लगभग 200 से अधिक लोगों का सम्मान शाल व स्मृति चिन्ह भेट कर सम्मानित किया गया, कार्यक्रम में सभी को एक पेड़ माँ के नाम से लगाने के लिए सभी को लगभग 250 पेड़ वितरित किया गया ।

गौरतलब कि ग्राम पंचायत जनपद पंचायत गुड़ेलिया भाटापारा का आदर्श ग्राम के रूप में माना जाता है और इस गाँव में शासन के अनेक जनकल्याणकारी योजनाओं का सफल संचालन व क्रियान्वयन के चलते इस गाँव के विशेषताओं व खुबयों को एक नजर निहारने के लिये तात्कालीन राज्य स्तर के अधिकारी गणों में प्रमुख रुप से अपर मुख्य सचिव सुब्रत साहू सचिव प्रसन्ना सर संभागीय आयुक्त संजय अलंग कलेक्टर रजत बंसल कलेक्टर चंदन कुमार जिला पंचायत सीओ व वर्तमान सत्र में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का भी बड़ा कार्यक्रम इसी ग्राम में आयोजित हुआ इस गाँव के सौन्दर्यता व खुबियों के अवलोकन करने के पश्चात इस गाँव के तारीफ करते नहीं थके, इसी परम्परा की गरिमा को आगे बढाते हुये ग्राम पंचायत गुडेलिया के द्वारा ग्राम के बड़े बुजुर्गों के सम्मान के लिए हमर सियान हमर सम्मान का कार्यक्रम आयोजित किया गया। उक्त कार्यक्रम में पंचायत के द्वारा सभी बुजुर्गों के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर परिक्षण का आयोजन भी रखा गया। उपसरपंच संकेत अग्रवाल ने कहा कि हमारे ग्राम के बड़े बुजुर्ग अगर ठीक नई है तो हमारा ग्राम कैसे ठीक होगा आप सभी का आशीर्वाद होना हमारे ग्राम उन्नति के लिए बहुत जरूरी है इसीलिए हमने आप सभी के स्वास्थ की चिंता करते हुए सोचा की 50 -55 साल के उम्र के बाद सामान्य शारीरिक परीक्षण का होना स्वास्थ्य के दृष्टिकोण से अनिवार्य होता है इसी तारतम्य में इस कार्यक्रम के एक हिस्सा के रुप में पैथालॉजी लेब के द्वारा शुगर ,ब्लड प्रेसर, ब्लड ग्रुप व हीमोग्लोबिन मानक का जांच कराये जाने का निर्णय लिया गया ताकि आप सभी अपने स्वास्थ के प्रति जागरूक रहे ।

**आगामी सत्र में विकास का लक्ष्य :** ग्राम पंचायत गुड़ेलिया के उपसरपंच संकेत अग्रवाल के द्वारा आदर्श निर्मल ग्राम गुड़ेलिया में आगामी सत्र में विकास के लक्ष्यों को भी केन्द्रित किया जिसमें ग्राम गुडेलिया में धान खरीदी के आरम्भ करना, उपस्वास्थ्य केन्द्र आरम्भ होना, स्कूल का उन्ययन व आगामी नये साल के जनवरी माह के प्रथम सप्ताह में 24 कुण्डीय गायत्री महायक्ष का आयोजन ग्राम पंचायत गुड़ेलिया में आयोजित है आदि मूलभूत सुविधाओं का विस्तार किया जाना ग्रामवासियों के समक्ष रखा गया।

**वर्तमान ग्राम पंचायत सत्र में हुए अनेक जनकल्याणकारी उल्लेखनीय कार्य :** ग्राम पंचायत गुडेलिया के उपसरपंच संकेत अग्रवाल के द्वारा पंचायत के 5 वर्षो के जनकल्याणकारी कार्यों का लेखा जोखा पेश करते हुए जानकारी दिया कि गुड़ेलिया में शासन कि सभी योजनाओ का क्रियान्वन्य हमारे ग्राम में बहुत अच्छे से सम्पन हुआ बताया की राशन कार्ड बनाना , पेंशन सुविधा, महिलाओं के लिए गांव में ही रोजगार के रास्ते खोले गए, युवाओं के लिए बहुत ही सुंदर लाइब्रेरी, बच्चों के पढ़ाई के लिए अच्छी स्कूल व्यवस्था, सभी को रोजगार मिले मिले इसके लिए विकास कार्य, तालाबों का सौंदरीकरण, गांव की गलियों का सौंदरीकरण आदि बहुत से कार्य आप सभी के आशीर्वाद से हमने सम्पन्न किए ।

### गांव में विभिन्न स्तर पर उल्लेखनीय कार्य करने वाले को भी किया सम्मानित

ग्राम पंचायत गुड़ेलिया के तत्वाधन विभिन्न स्तर पर ग्राम पंचायत गुड़ेलिया में उल्लेखनीय कार्य करने वालों को भी सम्मानित किया गया जिसके अंतर्गत ग्राम पंचायत के लगभग बैठक में उपस्थिति रत्नु ध्रुव व शंभु ध्रुव प्राकृतिक धरोहर हरियाली को लेकर पेड लगाने में टीकाराम व सुधाराम ध्रुव , कृषि में नये फसलों के महत्ता बढाने हेतु रतन निर्मलकर व मयाराम ध्रुव धार्मिक कार्यों में सजगता दिखाने हेतु बिरझू साहू, हिरा सिंह ध्रुव व सोनू ध्रुव, स्वच्छता कार्य के लिए पंचू यादव व गोपी ध्रुव को मोमेंटो भेट कर सम्मानित किया गया वही उल्लेखनीय पत्रकारिता को लेकर शंकर लाल सोनी, श्याम पुरोहित, ललित तिवाड़ी, अमृत साहू, सरिता ध्रुव को मोमेंटो व शाल भेट कर सम्मानित किया गया।

### ग्राम पंचायत के वर्तमान नेतृत्व को ग्रामवासियों ने एक स्वर में सराहा व दुआएं दी

ग्राम पंचायत गुडेलिया के हमर सियान हमर सम्मान के आयोजित कार्यक्रम के अंत में ग्रामवासियों ने एकजुट स्वर में वर्तमान ग्राम नेतृत्व को सराहा और कहा की आज बच्चा अपने घर में अपने बड़ों को सम्मान देना भूल गया है लेकिन पंचायत ने ऐसा कार्यक्रम करके हम सबको इतना सम्मान दिया, इसकी जितनी तारीफ की जाए कम है उपस्थित रतन निर्मलकर, सुकलहा ध्रुव, जोहन ध्रुव, मंतराम साहू, जनकु यादव, अघनु, महिला वीर बाई ध्रुव, मनटोरा ध्रुव, रामप्यारी, धनेश्वरी ध्रुव, सोनसीर, बृजबाई ध्रुव आदि उपस्थित सभी ग्रामवासियों ने कहा कि ऐसे जनप्रतिनिधित्व हमारे गाँव को मिला है जो की हमारा सौभाग्य है हमारे गाँव के विकास व जनकल्याणकारी कार्यों आगे बढ़ाने हेतु ऐसे ही जनप्रतिनिधियों का होना आवश्यक है ।

## निगम जोन 4 ने छोटापारा में नक्शा स्वीकृति के विपरीत अतिरिक्त निर्माण पर कार्यवाही की, एक दुकान को सीलबंद किया

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com



रायपुर नगर पालिक निगम के आयुक्त अबिनाश मिश्रा के आदेशानुसार एवं निगम जोन 4 जोन कमिश्नर अरुण ध्रुव के निर्देशानुसार निगम जोन 4 नगर निवेश विभाग की टीम द्वारा जोन के तहत छोटापारा क्षेत्र के मस्जिद के समीप नक्शा स्वीकृति के विपरीत अतिरिक्त निर्माण पर कार्यवाही की है। सम्बंधित निर्माणकर्ता द्वारा प्रथम एवं द्वितीय तल पर करवाए जा रहे निर्माण कार्य को रुकवाने की कार्यवाही की गयी है। नीचे भूतल पर एक नवनिर्मित दुकान को सीलबंद करने की कार्यवाही की गयी है। एक अन्य दुकान चालू हालत में मिली है, उसे लेकर स्थल पर सम्बंधित निर्माणकर्ता को भविष्य के लिए नियमानुसार प्रक्रिया के अंतर्गत कार्यवाही करने की चेतावनी दी गयी है।

## आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने हीरापुर में प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत निर्माणाधीन परिसर में 5 भवनों को फिनिशिंग कर 4 माह में तैयार करने दिए निर्देश

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com



नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने हीरापुर में प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत निर्माणाधीन आवासीय परिसर के निर्माण एवं विकास कार्य का प्रत्यक्ष अवलोकन कर परिसर में पूर्णता की ओर तेजी से अग्रसर 5 भवनों को शीघ्र फिनिशिंग कार्य कर अगले 4 माह के भीतर तैयार करना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है। हीरापुर में प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत 348 आवासों का निर्माण प्रगति पर है। उक्त निर्माण 12 भवनों में कराया जा रहा है। इसमें 5 भवन पूर्णता की ओर है। इन 5 भवनों को शीघ्र फिनिशिंग कार्य कर 4 माह के भीतर पूर्ण करवाने के निर्देश दिए गए हैं। आयुक्त ने हीरापुर प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत निर्माणाधीन आवासीय परिसर की प्रगति का निरीक्षण मुख्य अभियंता यू. के. धलेन्द्र, जोन 8 जोन कमिश्नर ए. के. हालदार, अधीक्षण अभियंता संजय बागड़े, कार्यपालन अभियंता अंशुल शर्मा, अभिषेक गुप्ता एवं अन्य सम्बंधित निगम अधिकारियों की उपस्थिति में किया।

### उप मुख्यमंत्री अरुण साव अधिवक्ता संघ के शपथ ग्रहण समारोह में होंगे शामिल



**रायपुर।** उप मुख्यमंत्री तथा विधि एवं विधाई कार्य मंत्री अरुण साव 6 दिसम्बर को मुंगेली में अधिवक्ता संघ के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होंगे। वे 6 दिसम्बर को दोपहर तीन बजे बिलासपुर से सड़क मार्ग से मुंगेली के लिए रवाना होंगे। वे शाम चार बजे मुंगेली के करही स्थित जिला न्यायालय में अधिवक्ता संघ के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होंगे। वे शाम पांच बजे मुंगेली से बिलासपुर के लिए प्रस्थान करेंगे। साव शाम छह बजे वापस बिलासपुर पहुंचेंगे।

## भाजपा सरकार 1 साल में विफल साबित हो गयी : दीपक बैज

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com



प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि भाजपा की विष्णुदेव सरकार 1 साल में विफल साबित हो गई। राज्य में भ्रष्टाचार और कुशासन का दौर हावी है। साय सरकार के 1 साल में विष्णु का सुशासन तो दूर विष्णु की सरकार कही नहीं दिख रही। कानून व्यवस्था की स्थिति खराब हो गयी। एसपी कलेक्टर कार्यालय जला दिया गया। हत्याओं का नया रिकॉर्ड बन गया। प्रदेश में मॉब लिंचिंग शुरू हो गयी आरंग में दो लोगों की पीट-पीट कर हत्या हो गयी। राजधानी में 5 बार गोलीबारी हो गयी। गौ तस्करी की घटनाएं शुरू हो गयी। महिलाओं के प्रति अपराधों में बढ़ोतरी हो गयी, पोटाकेबिन में बच्ची की जलकर मौत, अबोध बच्ची मां बनी, नारायणपुर में मासूम बच्चियों से स्कूल में छेड़खानी हो गयी। बलात्कार, सामूहिक बलात्कार की घटनायें बढ़ गयी। लूट, अपराध, डकैती, चाकूबाजी की घटनायें बढ़ गयी। अपराध और अपराधी बेलगाम हो चुके है। नक्सलवादी घटनाओं में बढ़ोत्तरी हो गयी। नक्सली घटनायें बढ़ गयी सरकार ने 1 साल में कोई घोषित नक्सल नीति नहीं बनाया।

## साय सरकार में धान खरीदी तेज रफ्तार से चल रही है : संदीप शर्मा

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता संदीप शर्मा ने कांग्रेस नेताओं द्वारा धान खरीदी केंद्रों पर औचक निरीक्षण को महज सियासी ड्रामेबाजी बताया है। शर्मा ने कहा है कि इस कथित निरीक्षण के नाम पर प्रदेशभर में सुव्यवस्थित रीति से चल रही धान खरीदी की प्रक्रिया में खलल पैदा करना और धान खरीदी को लेकर झूठे तथ्यों के साथ प्रदेश के किसानों को गुमराह करके उन्हें उकसाना और फिर अव्यवस्था व अराजकता फैलाना ही कांग्रेस नेताओं का एजेंडा है। शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार के नेतृत्व में इस वर्ष धान खरीदी तेज रफ्तार से चल रही है। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता शर्मा ने कहा कि दरअसल कांग्रेस को यह हजम ही नहीं हो रहा है कि प्रदेश की भाजपा सरकार बिना किसी अवरोध और अप्रिय प्रसंग के सुव्यवस्थित रीति से प्रदेश के किसानों का प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान 3100 रुपए प्रति क्विंटल की दर से खरीद रही है और समर्थन मूल्य तथा अंतर की राशि का एकमुश्त भुगतान निर्धारित समय सीमा के भीतर कर रही है।

## राज्यपाल की अध्यक्षता में सैनिक कल्याण विभाग की 16वीं राज्य प्रबंधन समिति की बैठक

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com



राज्य प्रबंधन समिति (झण्डा दिवस निधि) की 16वीं बैठक का आयोजन राज्यपाल रमेन डेका की अध्यक्षता मे राजभवन के बैठक कक्ष मे किया गया। इस बैठक मे भूतपूर्व सैनिकों, विधवाओं एवं उनके आश्रितों के लिये सशस्त्र सेना झण्डा दिवस निधि द्वारा संचालित कई कल्याणकारी योजनाओं के विषय में चर्चा की गई। बैठक का शुभारम्भ राज्यपाल के स्वागत के साथ हुआ। मुख्य सचिव छ.ग शासन का प्रतिनिधित्व कर रहें अपर मुख्य सचिव गृह विभाग मनोज पिंगुआ, ने उन्हें बालवृक्ष भेंट किया। राज्यपाल महोदय के सचिव यशवंत कुमार के स्वागत उदबोधन के पष्चात् संचालक संचालनालय सैनिक कल्याण, छत्तीसगढ एवं सचिव समामेलित विशेष निधि, ब्रिगेडियर विवेक शर्मा, विशिष्ट सेवा मेडल (से.नि), राज्य सैनिक बोर्ड, छत्तीसगढ़ की गतिविधियों पर संक्षिप्त जानकारी सदस्यगणों के समक्ष प्रस्तुत की। सचिव, समामेलित विषेष निधि ने 15वी समामेलित विशेष निधि की बैठक के कार्यवाही विवरण पर प्रगति प्रस्तुत कर 16वी बैठक मे सम्मिलित एजेन्डा बिन्दुओं पर चर्चा प्रारम्भ की। राज्यपाल की अध्यक्षता में समपन्न हुई इस बैठक मे अपर मुख्य सचिव गृह विभाग मनोज पिंगुआ, ब्रिगेडियर प्रशासन, मध्य भारत एरिया, ब्रिगेडियर एस के मलहोत्रा, कार्यवाहक सचिव केन्दीय सैनिक बोर्ड, नई दिल्ली, कैप्टेन (भा.नौ) शाशवत पूर्णानंद, अतिरिक्त महानिदेशक, पुनर्वास परिक्षेत्र मध्य कमान, लखनऊ ब्रिगेडियर विक्रम हिरू, सचिव वित्त विभाग शारदा वर्मा, सचिव गृह विभाग हिम शिखर गुप्ता, राज्यपाल के सचिव यशवंत कुमार, कर्नल सुमीत शर्मा प्रभारी कमान्डर मुख्यालय छत्तीसगढ़ एवं ओडिसा सब एरिया (कोसा) ने भाग लिया। इसके अलावा बैठक में अशासकीय सदस्यगण मेजर जनरल संजय शर्मा (से.नि), विंग कमाण्डर ए श्रीनिवास राव (से.नि) एवं टी आर साहु भी राज्य प्रबंधन समिति छत्तीसगढ के सदस्यगणों के रूप मे बैठक मे शामिल हुए। इस बैठक के दौरान भूतपूर्व सैनिकों, विधवाओं एवं उनके आश्रितों के हित मे कई एजेन्डा बिदुओं पर निर्णय लिये गये। जिसमें जवानों की भॉती जे.सी.ओ के लिये भी पुत्री विवाह हेतु रू 50,000 का आर्थिक अनुदान तथा चार्टेड एकाउटेन्ट/कम्पनी सेक्टरी का व्यवसायिक पाठयक्रम अध्यन करनेवाले बच्चों को रू 20,000 प्रतिवर्ष का आर्थिक अनुदान प्रदान किया जायेगा। वही आई टी आई प्रशिक्षण के दौरान भूतपूर्व सैनिक प्रशिक्षु को देय रू 5,000 प्रतिमाह के जगह प्रशिक्षु द्वारा संस्थान को देय वास्तविक शुल्क प्रदान किया जायेगा तथा लधु व्यवसाय हेतु देय आर्थिक अनुदान रू 15000/- जो सैम्फेक्स योजनाओं मे सम्मिलित नही थे उनको वृद्धि कर रू 25,000 कर दिया गया है। समिती ने जिला सैनिक कल्याण कार्यालय जगदलपुर के द्वितीय तल पर एक सभागार का निमार्ण एवं भूतल पर दिव्यांग भूतपूर्व सैनिको के लिये एक कमरे को तैयार करने हेतु प्रस्ताव को अनुमोदित किया गया। 16वी समामेलित विशेष निधि की बैठक को सम्बोधित करते हुए राज्यपाल ने सदस्यगणों से बैठक में शामिल होने के लिये अपनी प्रसन्नता जाहिर की तथा आशा व्यक्त की कि बैठक मे लिये गये निर्णयों से भूतपूर्व सैनिकों, विधवाओं एवं उनके परिजन लाभान्वित होंगे। उन्होनें निर्देशित किया कि भूतपूर्व सैनिकों की समस्याओं का राज्य शासन द्वारा शीघ्र निराकरण किया जाए। उन्होनें इस बात पर जोर दिया कि भारत मॉ की सेवा में अपना जीवन गुजारने वाले इन वीर सपूतों का कल्याण करना सबका दायित्व और कर्तव्य है। कार्यक्रम के अंत में माननीय राज्यपाल के साथ सभी सदस्यगणों का समूह छाया चित्रण हुआ। इस दौरान राज्यपाल ने सदस्यगणों के साथ अनऔपचारिक चर्चा भी की।




सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी* समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403